बुंदेलखंड का गौरवशाली प्रकाशन

# आचरण

वर्ष 39, अंक 284, पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रू.

www.aacharansagar.com | सागर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

**सुविचार**



व्यक्ति जीवन की परिस्थितियों से जितना दुखी नहीं है, उससे ज्यादा व्यक्ति अपने मन की दुर्बलताओं के कारण दुखी है।

-मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज



पेज-11: ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट जीता

टीएमसी आईटी सेल इंचार्ज के घर-ऑफिस पर पड़े थे छापे; एक्शन के बीच फाइल उठाकर निकलीं

# प्रधानमंत्री जी होम मिनिस्टर को कंट्रोल कीजिए : ममता

**कोलकाता**

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कथित कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के दौरान रुकावट पैदा की। वे कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म I-PAC के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर में जबरन घुसीं और अपने साथ कई फिजिकल डाक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले गईं। इसके बाद मुख्यमंत्री सॉल्ट लेक स्थित I-PAC कार्यालय भी पहुंचीं। यहां भी राज्य की पुलिस की मदद से अहम सबूत जबरन अपने साथ ले गईं। प्रतीक जैन ममता की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। ममता ने इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा- मुझे माफ करें प्रधानमंत्री जी, कृपया अपने गृह मंत्री को कंट्रोल करें। इस कार्रवाई के विरोध में ममता कल 2 बजे मार्च निकालेंगी।

### मामला हाईकोर्ट पहुंचा, सुनवाई आज

सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में ED ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उधर, I-PAC ने भी सर्च की वैधता को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस सुवरा घोष की बेंच में होगी। वहीं, प्रतीक जैन के परिवार ने शेक्सपीयर सरानी पुलिस स्टेशन में ED अधिकारियों के खिलाफ महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी का आरोप लगाते हुए शिकायत कराने का फैसला किया है।



### पहले समझिए क्या है मामला

ED ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रतीक जैन के घर और ऑफिस में छापेमारी की। यह कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा। सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर, प्रतीक के आवास पर पहुंचे। कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं। ममता वहां कुछ देर रुकीं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद वे I-PAC के ऑफिस भी गईं। उन्होंने कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। ED ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई।

### यह कार्रवाई घटिया और शरारती गृह मंत्री करवा रहे

- सीएम ममता ने छापेमारी को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया और इसके पीछे BJP की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि क्या ईडी और अमित शाह का काम पार्टी की हार्ड डिस्क और उम्मीदवारों की सूची जब्त करना है? यह एक घटिया और शरारती गृह मंत्री है, जो देश की सुरक्षा नहीं कर पा रहा है। मेरी पार्टी के सभी दस्तावेज उठाकर ले गए हैं। एक तरफ वे पश्चिम बंगाल में SIR के जरिए मतदाताओं के नाम हटाने का काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।
- मुझे माफ करें प्रधानमंत्री जी, कृपया अपने गृह मंत्री को कंट्रोल करें। अगर आप (BJP) हमसे लड़ नहीं सकते, तो आप बंगाल क्यों आ रहे हैं? हमें लोकतांत्रिक तरीके से हराइए। आप हमारी एजेंसियों का इस्तेमाल हमारे कागजात, हमारी रणनीति, हमारे वोटर्स, हमारे डेटा, हमारे बंगाल को लूटने के लिए कर रहे हैं। यह सब करके, आपको जितनी सीटें मिल रही थीं, वे घटकर जीरो हो जाएंगी।

### ED का जवाब- छापे सबूतों के आधार पर डाले गए

- ED ने कहा कि कोलकाता में I-PAC के ठिकानों पर छापे पूरी तरह सबूतों के आधार पर किए जा रहे हैं। यह किसी राजनीतिक दल या चुनाव से जुड़ा मामला नहीं है। यह कार्रवाई हवाला, अवैध कोयला तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में हो रही है।
- ED ने बताया कि कार्रवाई 2020 में CBI के दर्ज उस मामले से जुड़ी है, जो अनुप माजी उर्फ लाला के कोयला तस्करी सिंडिकेट से जुड़ा है। आरोप है कि सिंडिकेट ने पूर्वी कोलफील्ड्स के आसनसोल और आसपास के (पश्चिम बर्धमान) इलाकों में कोयले की चोरी और अवैध खुदाई की।
- ED का दावा है कि कोयला तस्करी से जुड़े एक हवाला ऑपरेटर ने Indian PAC Consulting Pvt Ltd (I-PAC) को करोड़ रुपए के लेनदेन कराए। एजेंसी के अनुसार, I-PAC भी हवाला धन से जुड़ी इकाइयों में शामिल है।

ED ने कहा कि कार्रवाई शांतिपूर्ण और पेशेवर ढंग से चल रही थी, लेकिन ममता बनर्जी के बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों के साथ पहुंचने के बाद जांच में रुकावट पैदा हुई।

## कुत्ते इंसानी डर पहचानते हैं, इसलिए काटते हैं : सुको

### वकील बोले- देश में सिर्फ 5 सरकारी शेल्टर, हमें इन्फास्ट्रक्चर की जरूरत

**नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों पर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन ढाई घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने कुत्तों के बिहेवियर को लेकर चर्चा की। जस्टिस नाथ ने कहा कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं इसलिए काटते हैं। इस पर एक वकील (कुत्तों के फेवर वाले) ने इनकार किया। फिर जस्टिस ने कहा- अपना सिर मत हिलाइए, ये बात मैं पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। उधर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं। उनमें से किसी ने यह नहीं बताया कि नगर पालिकाओं की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। देश में सिर्फ 5 सरकारी शेल्टर हैं। इनमें से हर एक में 100 कुत्ते रह सकते हैं। हमे इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। इससे पहले सुनवाई के दौरान एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने मजाकिया अंदाज में कहा- तो क्या बिल्लियां ले आएं? इस मामले पर पिछले 7 महीनों में छह बार सुनवाई हो चुकी है।

## जनगणना 2027-पहला फेज 1 अप्रैल से सितंबर के बीच होगा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) ने बताया कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किया जाएगा। इसकी शुरुआत घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा इकट्ठा करने से होगी। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे। MHA ने बुधवार को नोटिफिकेशन जारी कर बताया कि 1 अप्रैल से देशभर में सभी मकानों और परिवारों की लिस्ट बनाई जाएगी। साथ ही परिवारों की अन्य जानकारी भी इकट्ठी की जाएगी, ताकि जनसंख्या गिनने की मजबूत तैयारी हो सके। सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल जनगणना 2021 में होनी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे पर 24 घंटे में 29 किमी सड़क बनी



विजयवाड़ा। NHAI ने आंध्र प्रदेश में बेंगलुरु-कडप्पा-विजयवाड़ा इकोनॉमिक कॉरिडोर पर दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। राजपथ इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने 24 घंटे में 28.95 (14.5 किमी डबललेन) किलोमीटर सड़क बिछाई। इसी के साथ 10,675 मीट्रिक टन बिटुमिनस कंक्रीट (डामर) डाला। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू सोशल मीडिया X पर इसको लेकर पोस्ट किया। सीएम ने इसे भारत और आंध्र के लिए गर्व का पल बताया। यह प्रोजेक्ट भारतमाला फेज-2 के तहत शुरू हुआ था। इसमें ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड दोनों तरह की सड़कें बन रही हैं। इससे इस रूट पर सफर करने वालों को भीड़भाड़ वाले शहरों और पुराने हाईवे पर नहीं जाना होगा।

### तेलंगाना में कार डिवाइडर से टकराई, 4 छात्रों की मौत



**तेलंगाना।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के चेवेल्ला इलाके में बधुवार देर रात एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में ICFAI बिजनस स्कूल के चार छात्रों की मौत हो गई। हादसे में एक छात्रा घायल है। इसकी हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक कार डिवाइडर से टकराने के बाद पेड़ में घुस गई। पुलिस ने बताया का हादसा रात करीब 1:30 बजे मोकीला थाना क्षेत्र में हुआ। सभी छात्र दोस्त की जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे थे। स्पीड ज्यादा तेज होने के कारण ड्राइवर ने कार से कंट्रोल खो दिया।

### नाबालिग शूटर से रेप, आरोपी नेशनल कोच सस्पेंड

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद की एक नाबालिग शूटर ने कोच पर रेप का आरोप लगाया है। शूटर का कहना है कि कोच ने उसकी परफॉर्मेंस पर बात करने के बहाने फरीदाबाद के फाइव स्टार होटल के रूम में बुलाकर उसके साथ रेप किया। इस घटना के बारे में किसी को बताने पर उसका करियर खत्म करने की भी धमकी दी। नाबालिग करीब 21 दिनों तक सदमे में रही। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। 6 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फरीदाबाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में होटल के स्टाफ से भी पूछताछ की जा रही है।

### 8 राज्यों के 15 कोर्ट कॉम्पलैक्स को उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, ओडिशा, मध्य प्रदेश, केरल और छत्तीसगढ़ के 15 कोर्ट परिसर को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद कोर्ट परिसर खाली करा लिए गए हैं। पुलिस की टीमें और डॉग स्क्वाड जांच कर रही है। सभी जगह दहशत का माहौल है। सभी जगह धमकी ई मेल के जरिए मिली है। पंजाब के फिरोजपुर, मोगा, रोपड़ जिला अदालत को भी थ्रेट कॉल आई है। वहीं, हिमाचल हाईकोर्ट और उड़ीसा हाईकोर्ट को भी धमकी मिली है। पंजाब पुलिस के सूत्रों के मुताबिक जिला एवं सेशन जज की मेल पर यह धमकी आई है। जिसके बाद कोर्ट कॉम्पलैक्स को खाली कराया जा रहा है। हालांकि यह मेल कहां से आई और किसने भेजी व इसमें क्या लिखा है, इसके बारे में कोई अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। हालांकि एहतियात के मद्देनजर पार्किंग को भी खाली कराया जा रहा है। मौके पर पुलिस बल तैनात है। पुलिस की कई टीमें कोर्ट परिसर की जांच कर रही हैं।

## झरोखा




## मप्र के हथकरघा सिल्क को मिलेगा मार्केट

**गुवाहाटी में सीएम डॉ. मोहन यादव ने रखा उज्जैन में राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन कराने का प्रस्ताव**

**भोपाल**

मध्य प्रदेश के हथकरघा, सिल्क और पारंपरिक वस्त्रों को जल्द ही अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलने का रास्ता खुल सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुवाहाटी में गुरुवार को आयोजित राष्ट्रीय वस्त्र मंत्रियों के सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार वस्त्र उद्योग को रोजगारपरक औद्योगिक विकास की धुरी मानते हुए आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में उन्होंने प्रस्ताव रखा कि अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित किया जाए, ताकि प्रदेश की टैक्सटाइल विरासत और निवेश संभावनाओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच मिल सके।



### एमपी में हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, सिल्क सेक्टर में हो रहा काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वस्त्र उद्योग विरासत के संरक्षण के साथ आधुनिक तकनीक और नवाचार की ओर अग्रसर है। मध्य प्रदेश में हैंडलूम, हैंडिक्रॉफ्ट, सिल्क और ऑर्गेनिक कॉटन के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। सरकार का फोकस इन उत्पादों को सिर्फ घरेलू बाजार तक सीमित रखने का नहीं, बल्कि ग्लोबल मार्केट से जोड़ने का है। सीएम डॉ.मोहन यादव ने कहा कि महेश्वरी और चंदेरी साड़ी जैसी परंपरागत पहचान मध्य प्रदेश की ताकत हैं। नर्मदापुरम के उच्च गुणवत्ता वाले मलबरी रेशम और ऑर्गेनिक कॉटन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। टेक्सटाइल मिल, हैंडलूम और स्पिंडल्स के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। खरगोन और बुधनी जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्रों में भी टेक्सटाइल सेक्टर को विस्तार देने पर जोर है।

### पीएम मित्र पार्क में 25 हजार करोड़ का निवेश आया

मुख्यमंत्री ने धार में बन रहे देश के पहले पीएम मित्र पार्क का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पार्क टेक्सटाइल उद्योग की पूरी वैल्यू चेन को एक मंच पर लाएगा। यहां उद्योगों के एक साथ लोकार्पण से निवेश और रोजगार–दोनों को नई गति मिलेगी। बीते डेढ़ दशक में टेक्सटाइल सेक्टर की वैल्यू चेन के जरिए प्रदेश में 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आया है, जिससे आने वाले वर्षों में लाखों रोजगार सृजित होने की संभावना है।

### जुलाई में होगी नेशनल टेक्सटाइल्स कॉन्फ्रेंस

मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई 2026 में भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन में मध्य प्रदेश सरकार भागीदार बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने केंद्रीय वस्त्र मंत्री से आग्रह किया कि अगला सम्मेलन उज्जैन में आयोजित किया जाए ताकि प्रदेश की टेक्सटाइल क्षमता, निवेश अवसर और सांस्कृतिक विरासत को देशभर के उद्योगपतियों और नीति निर्माताओं के सामने रखा जा सके।


## अमेरिका 66 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से बाहर निकलेगा, घोषणा की

### इसमें UN की 31 एजेंसी शामिल; भारत की पहल से बना सोलर अलायंस भी छोड़ेगा

**वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को आधिकारिक रूप से बाहर निकालने की घोषणा की है। 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र (Non-UN) संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं शामिल हैं। व्हाइट हाउस और स्टेट डिपार्टमेंट के अनुसार ये संगठन अमेरिकी हितों के खिलाफ हैं। इनमें पैसों की बर्बादी होती है। इसके अलावा ये गैरजरूरी या खराब तरीके से चलाए जा रहे हैं।

इस कदम को ट्रम्प की अमेरिका फर्स्ट नीति का हिस्सा बताया जा रहा है, जो वैश्विक संस्थाओं से दूरी बनाने पर जोर देती है। अमेरिका भारत की पहल से बने संगठन इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA) को भी छोड़ रहा है। इसे 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन फ्रेंच राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने पेरिस जलवायु सम्मेलन में शुरू किया था।



### भारत-फ्रांस की अध्यक्षता से बना था

इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA) को सोलर एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। यह दुनिया भर के देशों को सौर ऊर्जा इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसका मकसद 2030 तक सोलर एनर्जी में 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश जुटाना है। भारत इसका अध्यक्ष देश और फ्रांस सह-अध्यक्ष है। इसका हैडक्वार्टर हरियाणा के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी कैंपस स्थित है। फिलहाल इसके 120 से अधिक देश सदस्य हैं। अमेरिका ISA में नवंबर 2021 में जुड़ा था। अमेरिका ने ISA के फ्रेमवर्क एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए और यह 101वां सदस्य देश बना।

## भारत पर 500% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

**वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500त तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी। यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025 है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लड़ने में मदद मिल रही है। इस एक्ट के तहत रूस के ऊर्जा, बैंकिंग और डिफेंस सेक्टर्स को निशाना बनाया गया है।

**प्रेस वार्ता** दूषित जलकांड में ननि कमिश्नर पर गैर इरादतन हत्या का केस हो, मेयर इस्तीफा दें

## इंदौर ने फर्जी डॉक्यूमेंट्स से 8 स्वच्छता अवार्ड लिए: सिंघार

**भोपाल**

देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा पाने वाले इंदौर पर अब गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया है कि इंदौर को लगातार आठ बार स्वच्छता अवॉर्ड फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दिलवाए गए। इंदौर के दूषित जलकांड को लेकर भोपाल स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिंघार ने कहा कि यह हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार का नतीजा है। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज करने और मेयर के तत्काल इस्तीफे की मांग की।



### नर्मदा का जल दूषित कर दिया

सिंघार ने कहा कि मां अहिल्या और मां नर्मदा को पूरा मध्य प्रदेश पूजता है, लेकिन सरकार की नाकामियों ने नर्मदा जल तक को दूषित कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए धर्म और हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करती रही, जबकि नागरिकों के संवैधानिक अधिकार स्वच्छ पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा की पूरी तरह अनदेखी हुई। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि जिस शहर में नलों से जहर जैसा पानी आ रहा है, वहां इंदौर को आठ बार स्वच्छता अवॉर्ड कैसे मिले। उन्होंने कहा कि यह बात सरकारी अधिकारी भी जानते हैं कि किस तरह दस्तावेज तैयार किए गए। अगर सब कुछ सही था तो फिर गंदा पानी पीने से मौतें क्यों हुईं? सिंघार ने आरोप लगाया कि इंदौर में प्रशासन की निष्पक्षता खत्म हो चुकी है। जब वे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कार्यकर्ता पीड़ितों से मिलने पहुंचे, तो प्रभावित इलाकों को पुलिस छावनी में बदल दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार मौतों के आंकड़े और मुआवजे की सच्चाई छिपाना चाहती है।

### सरकार लोगों को मल मिला पानी पिला रही

भागीरथपुरा का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि वहां करीब दो हजार लोग दूषित पानी से प्रभावित हुए हैं। सरकारी जांच में ऐसे बैक्टीरिया मिले हैं, जो मल में पाए जाते हैं। उन्होंने सवाल किया क्या, सरकार लोगों को मल-मिला पानी पिला रही थी? सिंघार ने कहा कि 2018 में सीएजी ने भी पानी के सैंपल में गड़बड़ी को लेकर चेताया था, लेकिन सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया।

## पुलिस मुख्यालय के सामने मांस से भरा ट्रक पकड़ाया

**भोपाल**

भोपाल में पुलिस मुख्यालय के सामने मांस से भरा ट्रक पकड़े जाने के मामले में प्रशासनिक कार्रवाई शुरू हो गई है। हिंदूवादी संगठनों ने जांच रिपोर्ट में गोमांस का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। माहौल बिगड़ता देख नगर निगम ने स्लॉटर हाउस सील कर दिया। बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता कमिश्नर कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर रहे हैं। उनका आरोप है कि जांच रिपोर्ट में गोमांस होने की पुष्टि हो चुकी है। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है और पुष्टि भी नहीं की है। उन्होंने 26 टन मांस होने का दावा किया है। बता दें, बुधवार रात PHQ के सामने हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एक ट्रक रोका था, जिसमें मांस के पैकेट मिले थे। आरोप है कि यह मांस हैदराबाद और मुंबई के रास्ते विदेश भेजने की तैयारी थी। पुलिस का कहना है कि अंतिम रिपोर्ट और कानूनी प्रक्रिया के बाद ही स्थिति स्पष्ट की जाएगी। इधर, मामले में स्लॉटर हाउस के संचालक असलम चमड़ा को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। उससे पूछताछ की जा रही है। मांस की सप्लाई चेन, पैकिंग और परिवहन से जुड़े बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### निगमायुक्त ने उपयंत्री एवं जोन प्रभारी को स्वच्छ वार्ड रैंकिंग किये जाने के निर्देश दिए

सागर,आचरण। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत सभी उपयंत्री एवं जोन प्रभारी को नगर पालिक निगम सागर सीमा अंतर्गत विभिन्न प्रकार की श्रेणियों क्रमशः विद्यालय, अस्पताल, होटल/रेस्टोरेंट, कार्यालय, बाजार, स्वच्छ वार्ड/रहवासी संघ/मोहल्ला समितियों की रैंकिंग किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी उपयंत्री एवं जोन प्रभारी आवंटित वार्डो के अंतर्गत आने वाली उपरोक्त श्रेणियों के संस्थानों आदि की आगामी माहों में प्रत्येक माह की वार्ड वार स्वच्छता रैंकिंग कर उसकी रिपोर्ट प्रत्येक माह की 30 तारीख तक स्वास्थ्य विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें।

### कलेक्टर ने किया पटवारी को निलंबित

सागर,आचरण। कलेक्टर संदीप जी आर ने बड़ी कार्यवाही करते हुए प्रकारणों को लंबित रखने, समय सीमा में कार्य न करने एवं हल्का में समय से उपस्थित न होने पर पटवारी सुनील सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। बता दें कि कलेक्टर द्वारा प्रशासन के बेहतर संचालन एवं प्रशासन तक आमजन की सुलभ पहुंच हेतु आपका प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम शुरू किया गया हैं जिसके तहत विकासखंड स्तर पर जनसुनवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनसुनवाई शिविर केसली दिनॉक-06.01.2026 में कलेक्टर श्री संदीप जी आर के समक्ष ग्राम ढेंचुआ के कृषकों द्वारा पट्टे में प्राप्त भूमि के नक्शा तरमीम, सीमांकन, कब्जों के संबंध में शिकायतें एवं पटवारी हल्के में समय से उपस्थित न होने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसके संबंध में संबंधित पटवारी सुनील सोनी द्वारा समक्ष में संतोषजनक जबाव प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर पटवारी सुनील सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

### कच्ची शराब एवं महुआ लहान जब्त

**सागर,आचरण।** 7 जनवरी को बण्डा क्षेत्रांतर्गत सामूहिक रूप से आबकारी विभाग सागर द्वारा कच्ची मदिरा निर्माण के अवैध अड्डों पर कार्यवाही की गई। जिसमें थाना शाहगढ क्षेत्रांतर्गत कुल 04 विभिन्न स्थलों में हीरापुर से तिगोड़ा के मध्य जंगल से 21 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची मदिरा एवं 450 किलो महुआ लहान, ग्राम अमरमऊ में 51 कुप्पो में लगभग 510 किलो महुआ लहान, ग्राम अमरमऊ नहर किनारे से लगभग 300 किलो महुआ लहान, वार्ड क्रमांक 15 - 340 कुप्पो में लगभग 3400 किलो महुआ लहान बरामद कर कब्ज़ा ए आबकारी लिया जाकर प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया। लहान का सैंपल लिया जाकर शेष लहान मौके पर नष्ट किया गया। कुल जप्त मदिरा एवं महुआ लहान की कुल अनुमानित मूल्य 4,70,200/- आंकी गयी।

### कलेक्टर ने लोकसेवा केन्द्र संचालक पर की जुर्माना की कार्यवाही

सागर,आचरण। कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली करने एवं कार्य समय सीमा में नही करने और लंबित रखने पर लोक सेवा केन्द्र गढ़ाकोटा संचालक नागेन्द्र सिंह प्रो. नव प्रकाश मानव कल्याण समिति संचालक, लोक सेवा केन्द्र गढाकोटा पर कार्यवाही करते हुए 25000 रुपए का जुर्माना लगाया। कलेक्टर कार्यालय से जारी जुर्माना आदेश के अनुसार लोक सेवा केन्द्र गढ़ाकोटा संचालक ने शिकायतकर्ता निवासी ग्राम पिपरिया तहसील गढ़ाकोटा के जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए लोक सेवा गारंटी के तहत निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क की वसूली तथा आवेदन को भी 8 से 10 दिन लंबित रखा गया। उपरोक्त कृत्य लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है जिस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने लोक सेवा केन्द्र गढ़ाकोटा संचालक पर जुर्माना की कार्यवाही की साथ ही उक्त जुर्माना राशि का तीन दिवसों में जमा करने का आदेश दिया गया। साथ ही सख्त चेतावनी दी गई कि लोक सेवा केन्द्र पर पाई गई अनियमितताओं को तत्काल सही करते हुए लेक सेवा केन्द्र का संचालन आर.एफ.पी. में वर्णित प्रावधानों के तहत करना सुनिश्चित करें।

### महिला ब्रिगेड दल ने विभिन्न बकायादारों से 6 लाख 51 हजार के बकाया कर की राशि जमा कराई

**सागर,आचरण।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया सहित अन्य सभी बकायाकरों की लक्ष्य अनुसार वसूली करने के लिए नगर निगम में पहली बार गठित की गई। महिला ब्रिगेड दल द्वारा शास्त्री वार्ड से विभिन्न दुकानदारों जिनमें धर्मदास अहिरवार, राजेंद्र साहू, विशाल जितेंद्र सिंघई एवं लक्ष्मी नारायण वाटिका से 6 लाख 51हजार रुपए संपत्तिकर की बकाया राशि वसूल कर जमा कराई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त एवं नोडल अधिकारी तबस्सुम खान,सहायक नोडल अधिकारी बृजेश तिवारी एवं महिला ब्रिगेड दल में श्रीमती जयलक्ष्मी श्रीवास्तव, श्रीमती नीता श्रीवास्तव,श्रीमती पूजा श्रीवास्तव, श्रीमती ,श्रीमती स्वदेश राजा बुंदेला, श्रीमती आभा सेन श्रीमती कंचन राजपूत, श्रीमती आशी गौतम, श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव एवं करसंग्राहक उपस्थित थे।

# गर्भवती माताओं का शत प्रतिशत पंजीयन न होने पर होगी सख्त कार्रवाई

## संभाग कमिश्नर ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**आचरण संवाददाता**

सागर। गर्भवती माताओं का शत प्रतिशत पंजीयन न होने पर सख्त कार्रवाई होगी, मातृ, शिशु मृत्यु रोकने हर संभव प्रयास करें एवं गर्भवती माताओं की स्किल सेल जांच लगातार की जाए साथ ही जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाए। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर श्री अनिल सुचारी ने संभाग की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर श्री राजेश शुक्ला, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ नीना गिडियन, श्रीमती सुशीला यादव, डॉ ममता तिमोर सहित समस्त मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की गर्भवती माता का शत प्रतिशत पंजीयन किया जाए एवं उनकी सभी जांच गाइडलाइन के अनुसार की जावे साथ में सभी गर्भवती माता की सिकल सेल की जांच भी की जाए और आवश्यकता पड़ने पर उनका उपचार भी किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती माता को खून बढ़ाने की दवाइयां वितरित की जावे संभाग कमिश्नर निल सुचारी ने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं साथ में प्रत्येक माह जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर मॉनिटर करें। संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय के साथ कार्य करें एवं कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में 14 दिन ऑब्जर्वेशन में रखकर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराऐं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को 12 फॉलो अप चेकअप भी कराए एवं उनके सुपोषित होने तक लगातार उनकी मॉनिटरिंग करें।

उन्होंने निर्देश दिए की संजीवनी विद्यालयों में गर्भवती माता को शासन की निर्देश अनुसार चेकअप की विशेष व्यवस्थाएं की जावे उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि जो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी कार्य में प्रगति नहीं ला रहे हैं उनकी दो-दो वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी जावे। उन्होंने कहा कि विकासखंड मेडिकल अधिकारी की मॉनिटरिंग सीएमएचओ करें एवं सीएमएचओ की मॉनिटरिंग संयुक्त संचालक करें। संभाग कमिश्नर ने निर्देश दिए की 108 एंबुलेंस की सतत मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करें उन्होंने कहा कि उनकी लगातार मॉनिटरिंग की जावे इसके लिए सतत प्रयास रखें समय पर 108 एंबुलेंस संबंधित पीड़ित व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने गर्भवती माताओं के हाई ब्लड प्रेशर के प्रबंधन एवं उनके उपचार के लिए गर्भवती माताओं को जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिए की एएनएम, आशा कार्यकर्ता के काम की लगातार मॉनिटरिंग की जावे और जो आशा कार्यकर्ता कार्य में प्रगति नहीं लाती है उन पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषण समिति की बैठक एवं रोगी कल्याण समिति की बैठक भी लगातार की जावे।

# आईएमए सागर का सीएचसी रहली में रक्तदान शिविर का आयोजन



**आचरण संवाददाता**

सागर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर एवं स्वास्थ्य विभाग सागर के संयुक्त तत्वावधान में सीएचसी रहली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुवात में ही आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद, मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जितेन्द्र सराफ और बीएमओ डॉ. बसंत नेमा ने रक्तदान कर के बहुत ही सकारात्मक पहल दिखाई। कार्यक्रम में मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जितेन्द्र सराफ ने बताया कि रक्तदान शल्य चिकित्सा, दुर्घटनाओं तथा कैंसर व एनीमिया जैसी दीर्घकालिक बीमारियों में जीवनरक्षक सिद्ध होता है। एक यूनिट रक्त को उसके घटकों (रेड सेल्स, प्लाज्मा) में विभाजित करने पर यह तीन मरीजों तक लाभ पहुंचा सकता है। आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि रक्तदान से न केवल मरीजों को लाभ मिलता है। बल्कि दाताओं को भी स्वास्थ्य संबंधी फायदे होते हैं, जैसे आयरन की मात्रा संतुलित होने से हृदय स्वास्थ्य में सुधार, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच (एचआईवी, हेपेटाइटिस आदि) तथा मानसिक संतोष। इससे सुरक्षित और निरंतर रक्त आपूर्ति सुनिश्चित होती है। उन्होंने यह भी बताया कि सीएचसी एवं दूरदराज़ क्षेत्रों में ऐसे शिविर आयोजित करने से रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियाँ, जैसे कमजोरी या बीमारी का डर, दूर करने में मदद मिलती है। पूर्व सीएमएचओ डॉ. आईएस ठाकुर ने कहा कि रक्त का निर्माण संभव नहीं है, इसलिए नियमित रक्तदान से अस्पतालों में सभी आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त आपूर्ति बनी रहती है। शिविर में कुल 52 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। जिनमें से 5 महिलाओं ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. बसंत नेमा, डॉ. संदीप असाटी, डॉ. अनामिका, नर्सिंग स्टाफ, आशा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता ने कार्यक्रम सफल बनाया।

# निगमायुक्त ने विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण

**आचरण संवाददाता**

सागर। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने संजय ड्राइव स्थित छोटे तालाब में लोहिया पार्क के आगे निर्माणाधीन घाटों, मंडपम एवं अन्य सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, निर्माण सामग्री का मानक अनुसार उपयोग करने तथा स्थल की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं नागरिकों के लिए आकर्षक बनाना है, अतः किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके उपरांत निगमायुक्त ने काकागंज वार्ड में स्थित वीरांगना झलकारी बाई उद्यान का निरीक्षण कर वहां कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने उद्यान में हरियाली, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा एवं पाथवे के निर्माण को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत निर्मित चौपाटी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी एजेंसी को शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर आमजन के लिए सुचारू रूप से प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर की रैंकिंग बेहतर करने हेतु सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्धारित समय में सभी सौंदर्यीकरण के कार्य पूर्ण किए जा सकें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एस एस बघेल, सहायक यंत्री संजय तिवारी, अतिक्रमण सह प्रभारी कृष्ण कुमार चौरसिया, कंसल्टेंट अनुराग सोनी,जोन प्रभारी आशुतोष सोलंकी, सफाई दरोगा अजय रैकवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बीमार कुत्तें बने मुसीबत

**सागर,आचरण।** आवारा कुत्तों व बीमार बढ़ती कुत्तों की संख्या दिन प्रतिदिन लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रही है। न तो इन कत्तों का इलाज हो पा रहा है और न ही इस ओर ननि का ध्यान जा रहा है। आये दिन लोग इनके काटने का शिकार हो रहे हैं।

### सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

**सागर,आचरण।** गुरुवार सुबह से हल्का कोहरा छाया रहा। सुबह करीब 8 बजे धूप खिली। दिन चढ़ने के साथ ही धूप का असर बढ़ा। लेकिन सर्द हवाओं से सूरज की तपिश बेअसर रही। इस समय सागर का अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री और न्यूनतम पारा 8.4 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। लोग दिन में भी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं। लगातार तापमान में आ रही गिरावट से फसलों को पाले के प्रकोप से बचाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने मेड़ों पर धुआं करने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार, जनवरी माह में कड़ाके की ठंड का दौर बना रहेगा। आगामी 2 से 3 दिन बाद सर्दी का असर और बढ़ेगा। क्योंकि हिमालय के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जब यह आगे बढ़ेगा तो बर्फ पिघलने लगेगी और बर्फीली हवाओं की रफ्तार भी बढ़ जाएगी।



### अज्ञात कारणों से कोल्ड स्टोर में लगी आग

**सागर,आचरण।** कोतवाली थाना क्षेत्र में आने वाली बताशा वाली गली में गुरुवार की रात पुरानी पारस कोल्ड स्टोर में आग लग गई। आग कैसे लगी अभी इसकी जानकारी नहीं है। घटना की जानकारी लगते ही थाना पुलिस और नगर निगम की दमकर टीम पहुंची और आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू की। जानकारी के अनुसार जहां यह आग लगी है उस मार्केट का निर्माण चल रहा था।

# गालियां देने से मना किया तो युवक से मारपीट

**आचरण संवाददाता**

सागर। कैन्ट थाना में आने वाले ग्राम भैंसा निवासी दो पड़ोसियों का आपस में विवाद हो गया। विवाद देखते देखते मारपीट में बदल गया। मारपीट की इस घटना के बाद दोनों ही पक्षों ने थाना में आकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने दोनों तरफ से मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात दो पक्षों में विवाद की रिपोर्ट दर्ज हुई है। जिसमें एक पक्ष से फरियादी भैंसा निवासी मुरारी पिता रामप्रसाद अहिरवार ने थाना में आकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें उसने बताया कि बुधवार की रात करीब 10 बजे मेरे पडोस में रहने वाला हीरालाल अहिरवार मेरे घर के सामने मुझे बिना कारण के गालियां दे रहा था। मैनें गालियां देने से मना किया तो हीरालाल ने हाथ में लिया डंडा से मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मेरे चिल्लाने की आवाज सुनकर मेरी पत्नी आरती आई तो हीरालाल का भाई राकेश अहिरवार आ गया और उसने मेरे पत्नी के साथ मारपीट की। घटना में मुझे और मेरी पत्नी को सिर में चोटे आई खून निकलने लगा। स्थानीय लोगों ने आकर बीच बचाव किया। सभी लोग जाते जाते कह रहे थे रिपोर्ट करने गये तो जान से खत्म कर देंगे।

वही दूसरे पक्ष से फरियादी राकेश पिता अज्जुदी अहिरवार निवासी ग्राम भैंसा ने अपने थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें उसने बताया कि बुधवार की रात करीब 10 बजे मेरा छोटा भाई हीरालाल अहिरवार जोर जोर से चिल्लाकर आवाज लगा रहा था। बाहर जाकर देखा तो पड़ोस में रहने वाले मुरारी अहिरवार मेरे छोटे भाई हीरालाल अहिरवार को गालियां देकर डंडे से मारपीट कर रहा था। मैनें जाकर मुरारी अहिरवार को समझाया तो मुरारी अहिरवार एवं उसकी पत्नी आरती अहिरवार मुझे गालीयां देने लगे। मैंने गालियां देने से मना किया तो मुरारी अहिरवार ने हाथ मे लिया डंडा मारा जो मुझे बांए हाथ मे लगा, चोंट आई तभी मौके पर मुरारी की पत्नी आरती अहिरवार ने डंडा से मेरे लड़के राम के साथ मारपीट कर दी तभी राजा अहिरवार आया जिसने मुझे कोई नुकीली बस्तु से मारा जो दाहिने तरफ लगा और खून निकलने लगा। मारपीट से भाई हीरालाल को दाहिने हाथ मे एवं सिर मे मूंदी चोट आई। मौके पर मेरी पत्नी लक्ष्मी अहिरवार एवं लड़का गजेंद्र अहिरवार था जिन्होंने घटना देखी सुनी है एवं बीच बचाव किया। सभी लोग जाते जाते कह रहे थे रिपोर्ट करने गये तो जान से खत्म कर देंगे।

### विक्षिप्त युवक को सुरक्षित परिजनों से मिलवाया

**सागर,आचरण।** अत्याधिक ठंड के दौरान बालक हिल व्यू कॉलोनी से बुधवार गुरुवार की दरम्यानी रात एक युवक के लावारिस हालत में घूमते पाए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही डायल 112 गोपालगंज से त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआरडी तत्काल मौके पर पहुँची। मौके पर पाया गया युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत हो रहा था, अत्यधिक ठंड से कांप रहा था तथा शारीरिक रूप से अत्यंत कमजोर अवस्था में था। डायल 112 टीम द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए युवक को सुरक्षित रूप से वाहन में बैठाया गया। युवक से काफी प्रयास के बावजूद कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। वह एक शब्द भी बोलने की स्थिति में नहीं था। घटना की सूचना तत्काल थाना गोपालगंज में थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा तथा उप निरीक्षक नीरज जैन को दी गई। उनके निर्देशन में युवक को थाने लाकर गर्म व सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया गया। उसे खाना-पानी दिया गया तथा शांतिपूर्वक पूछताछ करने का प्रयास किया गया। पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ है और न तो अपना नाम बता पा रहा है और न ही घर का पता। युवक की तलाशी के दौरान कोई पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुआ, किंतु हाथ में मेडिकल नीडल लगी होने से यह प्रतीत हुआ कि वह हाल ही में किसी अस्पताल में उपचाराधीन रहा है। इस मानवीय पहल को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम द्वारा युवक को तत्काल जिला अस्पताल सागर ले जाया गयाए जहां उसके उपचार की समुचित व्यवस्था कराई गई।

पुलिस द्वारा जब उन्हें जानकारी दी गई और युवक से मिलवाया गया, तो अपने असहाय व बीमार पुत्र को सुरक्षित पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। परिजनों ने सागर पुलिस की तत्परताए संवेदनशीलता एवं मानवीय कार्यशैली के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# विधायक लारिया ने मकरोनिया में प्रगतिरत कार्यों का किया निरीक्षण

**आचरण संवाददाता**

सागर। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया एक्शन मोड में हैं। गुरुवार को विधायक लारिया ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता गुणवत्ता और समयबद्धता है, ताकि जनता को शीघ्र अति शीघ्र इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### आस्था और पर्यटन का केंद्र बनेगा संत रविदास लोक स्मारक

इस दौरे का मुख्य केंद्र बिंदु मकरोनिया स्थित 'संत रविदास लोक स्मारक' रहा। विधायक लारिया ने स्मारक के निर्माण कार्य का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि फरवरी-मार्च 2026 तक इस भव्य स्मारक का लोकार्पण हो ऐसे प्रयास होने चाहिए। यह प्रोजेक्ट न केवल विधानसभा के गौरव को बढ़ाएगा, बल्कि समूचे क्षेत्र में सामाजिक समरसता और पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरेगा। विधायक श्री लारिया ने विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किये जाने के भरकस प्रयास होने चाहिए।

### मकरोनिया के बुनियादी ढांचे का कायाकल्प

स्मारक के साथ-साथ विधायक लारिया ने मकरोनिया नगर पालिका अंतर्गत चल रहे अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का भी जायजा लिया।

### बजरिया और सड़क निर्माण

रजाखेड़ी बजरिया निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए उन्होंने ठेकेदार को वर्क ऑर्डर के अनुसार समय सीमा में काम पूरा करने की हिदायत दी। साथ ही, पद्माकर कॉलोनी में चल रहे रोड चौड़ीकरण, नाली निर्माण, ड्रेनेज और पेवर ब्लॉक कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

नागरिकों के मनोरंजन, सुविधा और नगर सौंदर्यीकरण हेतु ट्रेंस मॉल के समीप बन रही 'चौपाटी' निर्माण का अवलोकन कर उन्होंने इसे युवाओं और परिवारों के लिए जल्द तैयार करने को कहा।

### खेल प्रतिभाओं को सौगात

वार्ड क्रमांक 4 स्थित गंभीरिया स्टेडियम के निर्माण कार्य को लेकर विधायक ने विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि 2 करोड़ की राशि से प्रगतिरत इस स्टेडियम का कार्य जल्द पूर्ण हो ताकि क्षेत्रीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए आधुनिक संसाधन मिल सकें।

### कनेक्टिविटी पर जोर

स्मारक के समीप पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सड़क की मजबूती और फिनिशिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा।

विधायक ने बटालियन के नीचे, वार्ड क्र.-6 स्थित लगभग 40 लाख रु. की राशि से निर्माणाधीन परसुराम मंदिर प्रांगण स्थित मंगल भवन की प्रगति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री लारिया ने कहा कि विकास की यह गति रुकनी नहीं चाहिए। संत रविदास लोक स्मारक जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट नरयावली की तस्वीर बदल देंगे।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमओ, पार्षदगण, उपयंत्री,अन्य प्रशासनिक अमला और प्रमुख स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला मैच मून स्टार ने जीता

**आचरण संवाददाता**

सागर। पं. दीनदयाल उपाध्याय राजस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला मैंच गुरुवार को खेला गया। गुरुवार को खेले गए पहले मैच को मून स्टार ने 1-0 से जीत हासिल कर ली। पहला मैंच ववीना इलेविन और मून स्टार के बीच खेला गया। खेल के पहले हाफ से ही मून स्टार ने दबाव बनाते हुये 13 वे मिनिट में गोलकर 1 - 0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में बबीना क्लब ने खेल में बने रहेन के लिए अच्छे प्रयास किये पर वह गोल करने में नाकाम रहे। मून स्टार ने एक गोल से जीत कर अगले राऊंड में जगह बनाई। गुरुवार का दूसरा मैच क्रिश्चन क्लब और सुहावल के बीच खेला गया पहले हाफ में दोनों टीमें एक दूसरे पर गोल करने के मौके गवाते रहे। पहले हाफ का खेल 0-0 की बराबरी पर हुआ। खेल के दूसरे हाफ में दोनों टीमें एक दूसरे के खेल से भली भांती परिचित अंदाज में खेलती रही दूसरा मैच गोल रहित बराबरी पर हुआ।



जिसका निर्णय ट्राईब्रेकर से लिया गया। जिसमें क्रिश्चन क्लब ने 5-4 से जीत हासिल कर अगले राऊंड में जगह बनाई। पहले मैच के रेफरी एमएल यादव, सहा. फिरोज खान एवं शेख कय्यूम थे। दूसरे मैच रेफरी रोहित ववीना, सहा. राजेश यादव, सद्दाम खान थे। शुक्रवार को दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 1:30 बजे दूसरा मैच 3: 30 बजे से खेला जायेगा। गुरुवार के मुख्य अतिथि नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, डॉ. संगीता संजय सिंह, राजकमल केशरवानी, बंटी राठौर, सौरभ केशरवानी, गणेश केशरवानी, श्याम सुंदर मिश्रा, नितिन सोनी, पंकज मुखारया टूर्नामिंट अध्यक्ष शंकर यादव, दीपक दुबे, जय सोनी और मैच का मंच संचालन मोहम्मद गुफरान, हेमंत गंगापारी ने किया। उक्त की जानकारी मीडिया प्रभारी नासिर मकरानी ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

## भगवत प्राप्ति के लिए श्रद्धा और विश्वास जरूरी है: मनोज व्यास



**सागर,आचरण।** पवित्र माघ माह में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन बड़ा बाजार स्थित श्री राम बाग मंदिर में गुरुवार से आरंभ हुई। कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जो श्री देव अटल बिहारी जी मंदिर,महाकाली मंदिर,बाईसा मुहल्ला होते हुए राम बाग मंदिर पहुंची. कथा व्यास पं. मनोज व्यास मधुर जी हैं। श्रीराम कथा सुनाते हुए कथा व्यास पं.मनोज व्यास मधुर जी ने कहा कि जो भी हमें जीवन में मिला है वह ठाकुर जी की कृपा से मिला है. ठाकुर जी से जुड़ने पर कष्ट आते हैं लेकिन वे जल्द ही निकल जाते हैं यहीं से भक्तों पर भगवत कृपा आरम्भ हो जाती है। उन्होंने जना बाई की कहानी सुनाते हुए कहा कि जब जड़ वस्तु से भगवान का नाम सुनाई देने लगे वही भक्ति की महिमा है। उन्होंने कहा कि भगवान स्वयं की सेवा से शीघ्र प्रसन्न नहीं होते जितना शीघ्र उनके भक्त की सेवा से प्रसन्न होते हैं। जहाँ ठाकुर जी का कीर्तन होता है वहां प्रभु विराजमान होते हैं. भगवत प्राप्ति के लिए श्रद्धा और विश्वास जरूरी है,यदि आपके पास अच्छी वाणी है लेकिन बुद्धी नहीं है तो उस वाणी का कोई अर्थ नहीं, इसलिए श्री रामचरित मानस के आरम्भ में बुद्धी के देवता श्री गणेश और वाणी की देवी माँ सरस्वती की प्रार्थना की गई है। कथा के यजमान वीरेंद्र सुहाने, हेमंत सोनी आदि हैं. आज अनेक श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया, कथा का आयोजन प्रति दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है।

## 17 जनवरी से दलपतपुर में पंचकल्याणक होंगे

**सागर,आचरण।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज और आचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद से उनके परम प्रभावक शिष्यों के सानिध्य में दलपतपुर जिला सागर 17 से 23 जनवरी तक मुनि श्री प्रबोधसागर महाराज, मुनि श्री शैलसागर महाराज, मुनिश्री अचलसागर महाराज ससंघ सानिध्य में पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव का आयोजन किया गया है मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया की पंचकल्याणक के प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. विनय भैया बंडा है। 7 जनवरी को सभी प्रमुख पात्रों का चयन किया गया भगवान के माता-पिता संगीता संजय लोहिया, सौधर्म इंद्र शशि सुमत लोहिया कुबेर इंद्र आकांक्षा नीलेश लोहिया, महा यज्ञनायक मधु आशीष लोहिया आदि पात्रों का चयन किया गया। ध्वजारोहण श्रीमती भारती विनोद जैन मंडीदीप भोपाल के द्वारा किया जाएगा। जिले के शाहगढ में दयोदय गौशाला में 23 से 30 जनवरी तक मुनि श्री विमल सागर महाराज, मुनिश्री अनंतसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 6 जनवरी को पंचकल्याणक के सभी पात्रों का चयन किया जा चुका है प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र विनय भैया बंडा है।

## भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर आज सागर प्रवास पर रहेंगी

**सागर,आचरण।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर आज 09 जनवरी शुक्रवार को एक दिवसीय सागर प्रवास पर रहेंगी। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर आज 09 जनवरी को दोपहर 03 बजे सागर पहुंचेंगी। सागर प्रवास के दौरान श्रीमती अल्का गुर्जर सागर विधानसभा के विभिन्न शक्ति केन्द्रो की सांगठनात्मक बैठक को सम्बोधित करेंगी एवं धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगी।



### सागर आगमन पर होगा भव्य स्वागत

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर के सागर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्त्ता बहेरिया तिराहा पर बुंदेली परम्परा से उनका भव्य स्वागत करेंगे। कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया ने पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से समय पर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया हैं।

# चीता प्रोजेक्ट से पहले दुर्गावती टाइगर रिजर्व के DFO बदले

**आचरण संवाददाता**

सागर। मध्यप्रदेश में आईएफएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। प्रदेश के सबसे बड़े रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर (DFO) डॉ. एए अंसारी का तबादला किया गया है। टाइगर रिजर्व में चीता प्रोजेक्ट के बीच यह बदलाव किया गया है। अब रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की जिम्मेदारी 2017 बैच के आईएफएस अधिकारी रजनीश कुमार को सौंपी गई है।वे वर्तमान में उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी का कार्यभार संभाल रहे थे। वहीं डीएफओ डॉ. एए अंसारी को सागर से वन मंडलाधिकारी कार्य आयोजना इकाई सिवनी भेजा गया है।



### चीता प्रोजेक्ट को लेकर टाइगर रिजर्व में चल रहे काम

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता प्रोजेक्ट के तहत चल रहा है। टाइगर रिजर्व में चीता शिफ्ट करने की तैयारियां की जा रही हैं। जिन्हें डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी अपनी निगरानी में कर रहा थे। उनके कार्यकाल में रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के विकास और संरक्षण से जुड़े कई अहम कार्य किए गए। खास तौर पर इसी वर्ष जुलाई माह में प्रस्तावित चीतों की आमद को लेकर की गई पूरी प्लानिंग डॉ. अंसारी के कार्यकाल में ही तैयार की गई थी। लेकिन अब डीएफओ आईएफएस रजनीश कुमार जिम्मेदारी संभालेंगे। उनकी पदस्थापना को वन्यजीव संरक्षण व प्रबंधन के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अब उनके अनुभव का लाभ रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### चीता का तीसरा घर बनेगा टाइगर रिजर्व

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता शिफ्टिंग को लेकर तैयारियां चल रही हैं। टाइगर रिजर्व को चीता का तीसरे घर के रूप में विकसित किया जा रहा है। चीता प्रोजेक्ट के तहत 8 बोमा तैयार किए जा रहे हैं। इनमें 4 क्वारैंटाइन बोमा 50-50 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होंगे।
यहां चीतों को प्रारंभिक अवधि में रखा जाएगा। इसके अलावा 100-100 हेक्टेयर के 4 सॉफ्ट रिलीज बोमा भी बनेंगे। कार्य के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है। टाइगर रिजर्व में शुरआत में चीतों के 2 जोड़ा (नर-मादा) आएंगे।

## संघ शताब्दी वर्ष : सागर में युवा सम्मेलन

**सागर,आचरण।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सागर जिले में एक युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पूर्व 9 जनवरी को सायं 4 बजे, डॉक्टर हरी सिंह गौर क्रिकेट स्टेडियम तहसीली में कार्यक्रम स्थल का भूमिपूजन संपन्न होगा जिसमें माननीय विभाग संघचालक श्रीमान गौरी शंकर चौबे जी उपस्थित रहेंगे। 11 जनवरी को आयोजित युवा सम्मेलन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल प्रतियोगिताएं एवं प्रेरणादायी सत्र होंगे। कार्यक्रम में सहक्षेत्र प्रचारक श्रीमान प्रेमशंकर जी (भाई साहब) का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम का समापन 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति ने सागर जिले के युवाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से सहभागिता का आग्रह किया है।

# विधायक जैन ने सागर जिला कार्यकारिणी शीघ्र गठित करने की बात उठाई

**आचरण संवाददाता**

सागर। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने मध्य प्रदेश शासन के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी सागर जिले की कार्यकारिणी गठन को लेकर विचार-विमर्श हुआ।विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष यह विषय रखा कि जिला कार्यकारिणी का गठन लंबित होने के कारण संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य एवं गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने शीघ्र कार्यकारिणी गठन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। इसके अतिरिक्त बैठक में जी-राम-जी (तत्र्त्र) कार्यक्रम एवं मतदाता सूची विशेष



गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर भी चर्चा की गई। विधायक जैन ने इन अभियानों की जमीनी स्थिति से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर सुझाव भी प्रस्तुत किए। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संगठनात्मक विषयों को गंभीरता से सुना और शीघ्र आवश्यक निर्णय व मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा में सागर जिलाध्यक्ष के पद पर श्याम तिवारी की नियुक्ति को लगभग एक वर्ष पूर्ण हो गया है किन्तु सागर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के बीच आमसहमति न बनने से अब तक जिला कार्यकारणी घोषित नहीं हो पाई है।

# निगमायुक्त ने ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किए



**आचरण संवाददाता**

सागर। स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता 2025-26 में नगर निगम सागर की सहभागिता को और अधिक प्रभावी एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में सक्रिय नागरिकों को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। निगमायुक्त ने इन नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करते हुए कहा है कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने में जनसहयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से नगर निगम ने ऐसे व्यक्तियों को ब्रांड एम्बेसडर के रूप में चयनित किया है, जो अपने-अपने क्षेत्र में समाज को जागरूक करने की क्षमता रखते हैं। नियुक्त किए गए ब्रांड एम्बेसडर में इंजीनियर प्रकाश चौबे, डॉ. मनीष जैन, इंजीनियर गोविंद राय, मनीष बोहरे एवं प्रकृति प्रेमी महेश तिवारी शामिल हैं। यह सभी ब्रांड एम्बेसडर नगर निगम के साथ समन्वय स्थापित कर नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़ी गतिविधियों के प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे। निगमायुक्त ने आशा व्यक्त की है कि सभी ब्रांड एम्बेसडर अपने प्रभाव एवं सामाजिक संपर्कों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जोड़ेंगे तथा शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में उत्कृष्ट स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। निगमायुक्त ने सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत में शामिल करें और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच की गई,पानी पीने योग्य पाया गया

**सागर,आचरण।** नगर निगम जलप्रदाय टीम द्वारा परकोटा वार्ड में पार्षद एवं एम आई सी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर की उपस्थिति में किले के पास स्थित हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच कराई गई। जांच के दौरान जलप्रदाय शाखा की टीम द्वारा पानी के नमूनों को निर्धारित मानकों पर परखा गया। परीक्षण में यह पाया गया कि हैंडपंप का पानी सभी गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरा है एवं पूर्णतः पीने योग्य है। निगम अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा समय-समय पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हैंडपंप, कुएं एवं जल स्रोतों की नियमित जांच की जा रही है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल स्वच्छ एवं जांचे गए जल स्रोतों का ही उपयोग करें तथा किसी भी जल स्रोत में गंदगी, दुर्गंध अथवा रंग परिवर्तन जैसी शिकायत होने पर तुरंत नगर निगम को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## शहर की सड़कों पर बिखरी पड़ी है निर्माण सामग्री

**सागर,आचरण।** सागर शहर में सड़कों पर निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी है और ननि प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। इस मामले में प्रशासन का दोहरा रवैया है। पहले कई स्थानों पर ननि प्रशासन ने निर्माण सामग्री सड़क पर रखने वालों पर पांच-पांच हजार रुपए का जुर्माना किया है किन्तु इस समय मेडिकल कॉलेज से आगे पिछले 15 दिनों से नाली निर्माण के चलते सड़क पर गिट्टी और रेत बिखरी पड़ी है तथा एक तरफ की सड़क दिन भर बंद रहती है। चूंकि काम सरकारी है तो ननि कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसी तरह जिला पंचायत कार्यालय से नये एसडीएम कार्यालय जाने वाली सड़क पर भी रेत गिट्टी बिखरी पड़ी है, ठेकेदारों को कर्मचारियों से झाड़ू लगाकर सामग्री एक तरफ करने की चिंता नहीं है। जिससे वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं।

# बुंदेलखंड की विभिन्न मांगों को लेकर सर्वदलीय मोर्चा का धरना दिल्ली में 13 फरवरी को

## ● भाजपा के सांसद विधायक पहले मातृभूमि के बनें बाद में पार्टी के बनेः रघु



**आचरण संवाददाता**

सागर। सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा बुंदेलखंड के विकास संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 13 फरवरी को नई दिल्ली में एकदिवसीय धरने का आयोजन कर रहा है मोर्चा के संरक्षण रघु ठाकुर ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि बुंदेलखंड अंचल में रेल सुविधाएं बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर आयोजित होने वाले इस आंदोलन में बुंदेलखंड के सभी जिलों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे उन्होंने बताया कि डॉ हरिसिंह गौर और मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न देने की मांग भी मोर्चा द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही है किंतु केंद्र की भाजपा सरकार ने बुंदेलखंड की जनता से जुड़ी इस मांग को अब तक अनदेखा किया है।
रघु ठाकुर ने बताया कि बुंदेलखंड की 6 रेल लाइन स्वीकृत हुए 11 वर्ष का समय हो गया है किंतु इन 11 वर्षों में केंद्र सरकार और रेल विभाग में इन रेल लाइनों के विकास के लिए एक पैसा भी मंजूर नहीं किया। सागर-छतरपुर, सागर-ललितपुर,सागर-छिंदवाड़ा,ललितपुर-गुना, भिंड-महोबा और झांसी-श्योपुर रेल मार्ग को स्वीकृति के बाद भी राशि नहीं मिल रही है।
उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार बुंदेलखंड अंचल की लगातार उपेक्षा कर रही है इस अंचल के लोग देश की आजादी की लड़ाई में सबसे आगे रहे हैं और भाजपा का देश की आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं है शायद इसी कारण भाजपा के नेता बुंदेलखंड की उपेक्षा कर रहे हैं।
रघु ठाकुर ने बुंदेलखंड अंचल के भाजपा सांसदों और विधायकों से आग्रह किया है कि वह क्षेत्र के विकास के लिए अपनी ही सरकार से सीधे संघर्ष के लिए तैयार रहे वे पहले मातृभूमि के बने फिर भाजपा के बने। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के विकास के लिए आवेदन और निवेदन से कुछ नहीं होगा अब हमें संघर्ष करना होगा इस क्षेत्र के विकास के लिए जो भी मिलेगा वह सिर्फ संघर्ष से मिलेगा। ठाकुर ने कहा कि अहमदावाद से मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन चलाने के लिए अभी तक केन्द्रीय सरकार ने 85 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिये। राशि का अधिकांश हिस्सा जापान से कर्ज पर लिया है। गुजरात की तरक्की के लिए केन्द्र सरकार 23 हजार करोड़ रुपए ब्याज पर चुकाएंगी किन्तु बुंदेलखंड की रेल लाईनों के लिए उनके पास पैसा नहीं है। बीना की रेल सुविधाएं बढ़ाने के संबंध में भी वहां के लोग आंदोलनरत रहे हैं। वे भी दिल्ली में आयोजित मोर्चा के धरने में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, रामकुमार पचौरी, नारायण सिंह सानौधा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अध्यापक संवर्ग द्वारा संचित अवकाशों पर सरकार की कैंची, अध्यापकों ने विरोध जताया

**आचरण संवाददाता**

सागर। पीएमयूएम शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर अध्यापकों के साथ हो रहे अन्याय को तत्काल रोकने की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रदेश का अध्यापक वर्ग पहले से ही अनेक प्रशासनिक एवं नीतिगत निर्णयों से आहत है और अब सरकार में बैठे जिम्मेदार लोगों द्वारा अध्यापक हितों पर एक और गहरा प्रहार किया गया है। कल्याण कोष के संस्थापक सतीश खरे ने कहा कि जिन अधिकारों और पात्रताओं को अध्यापकों को नियुक्ति दिनांक से प्राप्त माना गया, उन्हें अब एक-एक कर समाप्त किया, आश्वासनों के आधार पर वर्षों से अध्यापकों से अवकाश काल में भी कार्य लिया जाता रहा है। परंतु अब शासन द्वारा एकतरफा फरमान जारी कर दिया गया है। प्रांतीय संयोजक पवन खरे एवं सह संस्थापक बृजेश असाटी ने बताया पोर्टल पर मेडिकल और अर्जित अवकाश की जानकारी भरने से संबंधी जारी किए गए नए दिशा-निर्देशों में, अध्यापक संवर्ग के 2018 के पूर्व ग्रीष्म अवकाश में किए गए कार्य के बदले मिलने वाले अर्जित अवकाश को समाप्त कर दिया गया है। जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अन्यायपूर्ण है। प्रांतीय महासचिव मुकेश नेमा ने कहा कि सरकार लगातार शिक्षकों पर प्रहार कर रही है। नया विभाजन, नया नियम अथवा कटौती आदेश लाकर अध्यापक वर्ग को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अध्यापकों को उनके संवैधानिक, वैधानिक एवं सेवा-संबंधी अधिकारों से वंचित करने की यह प्रक्रिया नहीं रोकी गई, तो अध्यापक अपने अधिकारों के लिए संगठित हैं, सजग हैं और संघर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को स्वाध्याय एवं सामूहिक जीवन के लिए सक्षम बनाना है : प्रो. सलूजा

## अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ सामुदायिक जीवन कौशल आवश्यक है: कुलपति

**आचरण संवाददाता**

सागर। जीवनपर्यंत शिक्षा विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश) तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आई.सी.एस.एस.आर.), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'उच्च शिक्षा में सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता : राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. चाँद किरण सलूजा, विशिष्ट अतिथि प्रो. आर. पी. पाठक, प्रो. कौशल कुमार शर्मा, प्रो. प्रवीण तिवारी एवं प्रो. यशपाल थे. समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने की. इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार जैन एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय भी मंचासीन थे। संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्चन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन में शिक्षा अध्ययनशाला के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन ने कहा कि विश्वविद्यालय सामाजिक सरोकारों को साकार करने वाले विद्वानों का सदा स्वागत करता है। उन्होंने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए संगोष्ठी को समाजोन्मुखी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया। समन्वयक डॉ. योगेश कुमार पाल ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में सामाजिक उत्तरदायित्व, सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक सहभागिता आज की अनिवार्य आवश्यकता हैं, जिनसे श्रेष्ठ नागरिक निर्माण एवं सामुदायिक समृद्धि संभव है।
मुख्य अतिथि प्रो. चांद किरण सलूजा ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में सामाजिक दायित्व को शिक्षा का मूल उद्देश्य बताया। उन्होंने समान अवसरों, मौलिक कर्तव्यों, पर्यावरण




संरक्षण, सहयोगात्मक अधिगम, 'हाउ टू लर्न', रचनात्मक आकलन तथा 'कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं है' जैसे विचारों पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को स्वाध्याय एवं सामूहिक जीवन के लिए सक्षम बनाना है।विशिष्ट अतिथि प्रो. रमेश प्रसाद पाठक ने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत समृद्धि के लिए नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को सुदृढ़ करने के लिए होनी चाहिए। उन्होंने डॉ. हरिसिंह गौर के त्याग और उनके द्वारा स्थापित विशाल सामाजिक विश्वविद्यालय के मूल्यों को स्मरण किया। प्रो. कौशल किशोर शर्मा एवं प्रो. आर. पी. पाठक ने भी उच्च शिक्षा की सामाजिक भूमिका, सामुदायिक सहभागिता तथा नीति-आधारित शैक्षिक सुधारों पर अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि 'प्राप्त ही पर्याप्त है' की भावना, स्वच्छता और सामुदायिक दायित्व आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संवाद का कोई विकल्प नहीं है तथा अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ सामुदायिक जीवन कौशल और उनकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर ही योग्यता का निर्धारण किया जाना चाहिए।
कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय ने आभार प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह संगोष्ठी उच्च शिक्षा को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध होने वाली है।उन्होंने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथियों, जीवन पर्यंत शिक्षा विभाग, शिक्षा शास्त्र अध्ययनशाला, ICSSR, विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।
संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. योगेश कुमार पाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्वान एवं सामाजिक चिंतक मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। वहीं, देश के विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिभागी (शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं अन्य शिक्षाविद) इस संगोष्ठी में सहभागिता कर अपने शोधपत्रों एवं विचारों के माध्यम से विमर्श को समृद्ध करेंगे।

द्वितीय पुण्य स्मरण
09/01/2026



स्मृति शेष- श्री मणीकांत चौबे 'बेलिहाज'
(वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार, कांग्रेसी)
जीवन एक संग्राम है, चलता है अविराम
हिम्मत मत ना हारिये, बस करिये न विश्राम
आपका व्यक्तित्व, आपकी ईमानदारी, आपका संघर्ष,
आपके आदर्श हमें अपने जीवन पथ पर सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।
द्वितीय पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि
श्रद्धांवत्-पत्नी: श्रीमती उषा-किरण चौबे
पुत्री-दामाद: श्रीमती चित्रा-पं. अखिलेश चतुर्वेदी
पुत्र-पुत्रवधु: पं. अमित-श्रीमती कंचन चौबे,
सुपौत्र-पं. अर्णव चतुर्वेदी,पं. आरव चौबे
एवं समस्त चौबे परिवार, सांई वाटिका कॉलोनी सागर
संस्थाएं - बुंदेलखंड हिन्दी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर एवं विज्ञान संतोष क्रांति, सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)



वेबसाइट: www.dhsgsu.edu.in
(NAAC A+ ग्रेड मान्यता प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रोग्रामों में प्रवेश 2026-27
स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) प्रोग्रामों में प्रवेश लेने के लिए सीयूईटी-यूजी एवं सीयूईटी-पीजी में सीयूईटी अंक पाने के लिए पंजीयन हेतु पोर्टल नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी (एनटीए) द्वारा खोला गया है। इच्छुक एवं पात्र आवेदकों से अनुरोध है कि पंजीयन हेतु नीचे दी गई लिंक/वेबसाइट पर भ्रमण करें।

| क्र. | प्रोग्राम | लिंक / वेबसाइट | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | स्नातक प्रोग्रामों के लिए | https://cuet.nta.nic.in/registration-for-cuetug-2026-is-live/ | 30.01.2026 |
| 2. | स्नातकोत्तर प्रोग्रामों के लिए | https://exams.nta.nic.in/registration-for-cuetpg-2026/ | 14.01.2026 |

पात्रता के लिए वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in संपर्क फोन 07582-297123 ईमेल: admission@dhsgsu.edu.in

कुलसचिव

### मनुष्य अपने जन्म से नहीं बल्कि अपने कर्म से महान बनता है - चाणक्य

## योगी सरकार की अच्छी पहल

देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। अकसर देखा जाता है कि भर्ती परीक्षाओं में धांधली होती है। परीक्षाएं रद्द की जाती हैं। परीक्षाओं में देरी होती है जिससे परीक्षा की तैयारी करने वाले अनेक युवाओं की उम्र सरकारी नौकरी के लिए तय आयु सीमा को पार कर जाती है और वह हताश होकर बैठ जाते हैं। व्यवस्था की गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। इस समय रोजगार क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तनों की जरूरत है और यह काम राज्य सरकारें ही कर सकती हैं और वह नीतिगत परिवर्तन कर राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई दिशा दे सकती है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की उपलब्धियों में एक बड़ी उपलब्धि राज्य में बेरोजगारी दर का कम होना शामिल है। उत्तर प्रदेश में पहले जहां बेरोजगारी दर 19 फीसदी तक पहुंच गई थी, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अब यह घटकर 2.4 फीसदी रह गई है। सरकार की रोजगार नीतियां निवेश बढ़ाने के प्रयास और कौशल विकास कार्यक्रमों ने पूरे राज्य में सकारात्मक परिणाम दिए हैं। राज्य की जीसीसी नीति 2025 में 2 लाख से अधिक नई नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी पुलिस भर्ती में जो अभ्यर्थी ओवर ऐज होने की वजह से आवेदन करने से बाहर हो गए थे उनको बड़ी सौगात दी है। राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पुलिस भर्ती में सभी वर्गों के लिए आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट देने का ऐलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रो उन्नति बोर्ड ने आरक्षी नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के तहत कुल 32679 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की है। इस बार अधिकतम आयु सीमा में सभी वर्गों को एक मुश्त तीन साल का शिथिलीकरण कर दिया गया है। दरअसल आयु सीमा में छूट का मसला काफी जटिल बना हुआ था। खुद सत्तारूढ़ भाजपा और योगी सरकार के सहयोगी दल आयु सीमा में छूट देने की मांग कर रहे थे। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में भर्तियों में लगातार देरी हुई। कोरोना काल, परीक्षा प्रक्रियाओं और प्रशासनिक कारणों से कई भर्तियां समय पर नहीं निकल पाईं। इसका सबसे ज्यादा नुकसान उन युवाओं को हुआ जो सालों से फिजिकल ट्रेनिंग, लिखित परीक्षा और मानसिक तैयारी में लगे थे। भाजपा के कई विधायकों ने इस मुद्दे को सरकार के सामने मजबूती से उठाया। खास तौर पर देवरिया से बीजेपी विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सामान्य वर्ग के युवाओं को भी उम्र में छूट देने की मांग की थी। युवा सिर्फ उम्र सीमा पार होने की वजह से भर्ती से बाहर हो गए हैं। ये वही युवा हैं जो सालों से पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे थे। दौड़, फिजिकल और पढ़ाई सब कुछ किया लेकिन भर्ती देर से आने के कारण उनका मौका छिन गया। उन्होंने इसे न सिर्फ युवाओं बल्कि उनके परिवारों के लिए भी बेहद दुखद बताया और मानवीय आधार पर कम से कम 3 साल की उम्र में छूट देने की मांग की थी, जिसे अब सरकार ने मान लिया है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दल भी आयु सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे थे। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर हजारों युवा भी अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। उनका तर्क था कि सामान्य वर्ग की आयु सीमा 18 से 22 साल रखना अन्याय है। सालों से तैयारी कर रहे छात्र अब ओवर ऐज हो रहे हैं। 2019 के बाद सिर्फ 2023 में ही मौका मिला है। एक अभ्यर्थी ने तर्क दिया - बिहार कांस्टेबल में 18-25 वर्ष आयु है, एमपी कांस्टेबल में 18-33 वर्ष आयु है, हरियाणा कांस्टेबल में 18-25 वर्ष आयु है परंतु यूपी पुलिस में ही 22 वर्ष की आयु में युवा बूढ़ा मान लिया जाता है। योगी सरकार ने कांस्टेबल व जेल वार्डर भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा में निगेटिव मार्किंग की व्यवस्था समाप्त कर दी है। कांस्टेबल व जेल वार्डर रक्षक के पदों पर भर्ती परीक्षा में अभी तक गलत उत्तर देने पर निगेटिव मार्किंग करते हुए नंबर काटे जाने की व्यवस्था थी। कांस्टेबल पद पर भर्ती परीक्षा में सही उत्तर देने पर दो नंबर देने और गलत उत्तर पर आधा नंबर काटने की व्यवस्था थी। देश एवं समाज में लोग कानून का गम्भीरता से पालन करते हैं। इसका श्रेय पुलिस को ही जाता है। पुलिस के बगैर देश और राज्य के प्रशासन की सुरक्षा की कल्पना तक नहीं की जा सकती। समाज में लोग अच्छी तरह से कानून व्यवस्था और अनुशासन का पालन करें। पुलिस हमेशा इसकी निगरानी करती है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति सुधारने का श्रेय उत्तर प्रदेश पुलिस को जाता है। यूपी पुलिस ने जिस तरह से अपराधियों, बाहुबलियों, गैंगस्टरों पर नकेल कसी है, उससे समाज विरोधी तत्व खुद को पुलिस के सामने पेश कर रहे हैं। पूर्व की सरकारों में पुलिस का राजनीतिकरण किए जाने के आरोप लगते रहे हैं और तब पुलिस थाने जाति विशेष के बंधक बने हुए नजर आते थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस को फ्री हैंड दे रखा है, जिसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं। नई पुलिस भर्ती में युवाओं को मौका मिलेगा। नई ऊर्जा और नए जोश से पुलिस बल और मजबूत होगा।

## ईरान में विद्रोह की आग क्यों भड़की

इस्लामिक गणराज्य ईरान में ताजी हवा की चाहत रखने वालों के मन में असंतोष की आग तो बड़े लंबे समय से जल रही थी लेकिन ये आग अचानक कैसे भड़क गई? क्या इस जनविद्रोह के मूल में केवल महंगाई और बेरोजगारी का मसला है या फिर मानवाधिकारों या महिलाओं की आजादी को फौजी बूटों तले रौंदने वाली खामनेई सरकार को उखाड़ फेंकने की बड़ी योजना है? जिस तरह से प्रदर्शन हो रहे हैं, आगजनी हो रही है, पुलिस थानों पर हमले हो रहे हैं और प्रदर्शनकारियों ने सैन्य अड्डों में घुसने की कोशिश की है, वह दर्शाता है कि यह जनविद्रोह कितना प्रबल है। हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस की गोलियों से कई प्रदर्शनकारी मारे भी गए हैं। मशहद शहर से शुरू हुई आग पूरे ईरान में फैल चुकी है। 2009 के राष्ट्रपति चुनाव के बाद यह पहला मौका है जब जनआक्रोश ने सत्ता को सीधी चुनौती दी है। इस बीच गौर करिए कि प्रदर्शनकारी क्या नारे लगा रहे हैं? वे सरकार की बर्खास्तगी की मांग तो कर ही रहे हैं, विदेश नीति की आलोचना भी कर रहे हैं और सरकार को अपने चंगुल में रखने वाले ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई की मौत के भी नारे लगा रहे हैं। ये वही खामनेई हैं जो बार-बार अमेरिका को चेतावनी देते रहते हैं। तो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान पर भी गौर करिए, ट्रम्प कह रहे हैं-महान ईरानी लोगों को कई वर्षों से दबाया गया है। वहां के लोग भोजन और स्वतंत्रता के भूखे हैं। मानवाधिकारों के साथ ही ईरान की संपत्तियां लूटी जा रही हैं, बदलाव का समय आ गया है। ठीक ऐसा ही सुर ईरान के पूर्व शासक शाह मोहम्मद रजा पहलवी के पुत्र शाह रेजा पहलवी ने भी मिलाया है। रेजा ने कहा है कि मौजूदा इस्लामी गणराज्य ढह रहा है और अपने मूल ईरान को हासिल करने का समय आ गया है। रेजा पहलवी जनता से सड़कों पर उतरकर राष्ट्रीय क्रांति में भाग लेने का आव्हान लगातार कर रहे हैं। यहां यह जानना जरूरी है कि अमेरिका में रह रहे शाह रेजा की महत्ता क्या है और उनके पिता शाह मोहम्मद रजा पहलवी को ईरान की सत्ता कैसे मिली थी। 1951 में नेशनल फ्रंट के उम्मीदवार और पेशे से वकील मोसद्देक लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए और प्रधानमंत्री बने, वे बड़े साहसी नेता थे। उस समय ईरान का तेल उद्योग ब्रिटेन की कंपनियां नियंत्रित करती थीं और सारा मुनाफा खा जाती थीं। मोसद्देक ने साहसिक फैसला लिया और तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। पश्चिमी ताकतों का खफा होना लाजमी था। ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआई 6 और अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने ऐसी चाल चली कि 1953 में ईरान में तख्तापलट हो गया और पश्चिमी ताकतों ने शाह मोहम्मद रजा पहलवी को सत्ता सौंप दी जिनका खानदान पहले शासन में था। शाह ने ईरानी तेल का बड़ा हिस्सा अमेरिकी कंपनियों को दे दिया और यह सब कोई कही-सुनी बातें नहीं हैं। खुद सीआईए ने 2013 में अधिकृत तौर पर स्वीकार किया था कि 1953 के तख्तापलट में उसकी भूमिका थी। मौजूदा सर्वोच्च नेता खामनेई उसी राह पर चल रहे हैं जिस राह पर खुमैनी थे। ईरान परमाणु बम बनाने के बहुत करीब पहुंच चुका है और उसे इससे दूर रखने के लिए पश्चिमी ताकतें कुछ भी कर सकती हैं। ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिकों को इजराइल मौत के घाट उतार चुका है। अमेरिका ने पिछले साल ही ईरान के तीन परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बावजूद मौजूदा सत्ता बम बनाने पर अडिग है तो महाशक्तियों को स्थाई इलाज यही नजर आ रहा है कि खामनेई की सत्ता को ही नेस्तनाबूद कर दिया जाए। ध्यान रखिए कि किसी राष्ट्र के भीतर यदि असंतोष है तो उसे कूटनीतिक हथियार बना लेने की पुरानी परंपरा रही है। संभव है मौजूदा जनविद्रोह के पीछे ये फैक्टर भी काम कर रहा हो। इसमें कोई संदेह नहीं कि ईरान में अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल और रूस सहित कई ताकतों की अपनी-अपनी फितरत है। फिलहाल, पूरी दुनिया की नजर इस बात पर है कि खामनेई फ्रंट फुट पर खेलते हैं या बैकफुट पर और सवाल यह भी है कि क्या उनका स्टंप सुरक्षित रह पाएगा?

### बहुध्रुवीय दुनिया में हमारी विदेश नीति के केंद्र में रणनीतिक स्वायत्तता, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास ही रहेगा

## भारतीय विदेश नीति पर रहेगी नजर

**सतर्क संतुलित और आशावादी नीति अपना रहा है भारत**

**हम नए साल में प्रवेश कर गए हैं। इस समय दुनिया में अनिश्चितता, शक्ति संतुलन में बदलाव और बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की स्थिति बनी हुई है। साल के पहले दिन ही चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ताइवान संबंधी बयान ने स्पष्ट कर दिया कि यह वर्ष काफी जटिल स्थितियां जनने जा रहा है। जिनपिंग का दो टूक लहजे में यह कहना कि ताइवान का चीन में विलय होकर रहेगा और ताइवानी राष्ट्रपति का अपनी संप्रभुता से किसी किस्म का समझौता करने से इनकार करना साल 2026 में टकराव की आशंकाओं की एक बानगी भर है। ऐसे माहौल में भारत की विदेश नीति पर सबकी निगाह रहने वाली है।**

हम नए साल में प्रवेश कर गए हैं। इस समय दुनिया में अनिश्चितता, शक्ति संतुलन में बदलाव और बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की स्थिति बनी हुई है। साल के पहले दिन ही चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ताइवान संबंधी बयान ने स्पष्ट कर दिया कि यह वर्ष काफी जटिल स्थितियां जनने जा रहा है। जिनपिंग का दो टूक लहजे में यह कहना कि ताइवान का चीन में विलय होकर रहेगा और ताइवानी राष्ट्रपति का अपनी संप्रभुता से किसी किस्म का समझौता करने से इनकार करना साल 2026 में टकराव की आशंकाओं की एक बानगी भर है। ऐसे माहौल में भारत की विदेश नीति पर सबकी निगाह रहने वाली है।

हालांकि, अपने उद्देश्य की स्पष्टता, रणनीतिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय-वैश्विक हितों को साधने वाली साझेदारियों के प्रति हमारी नीति पूरी तरह साफ है। इस साल अमेरिका, रूस, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया, आसियान, अफ्रीकी संघ और खाड़ी के देशों से रिश्ते हमारी विदेश नीति के केंद्र में रहेंगे। भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी, खासकर रक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्थिर रहने की उम्मीद है। अमेरिका के साथ व्यापार और टैरिफ पर जारी मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मित्रता और ट्रंप के सबसे करीबी सलाहकारों में से एक सर्जियो गोर को भारत में अमेरिकी राजदूत नियुक्त किए जाने से दोनों देशों के संबंधों को नई गति मिलने की संभावना है। अमेरिका ने अपनी 'राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति 2025' में भारत के साथ वाणिज्यिक संबंधों और हिंद-प्रशांत रणनीतिक संबंधों को एक साथ विकसित करने के प्रति भी रुचि जताई है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इन दिनों रूस से बाहर कम यात्रा करते हैं। इसके बावजूद बीते दिसंबर में उनकी भारत यात्रा हुई। यह अपवाद था। उस यात्रा ने भारत के साथ रूस के संबंधों की अहमियत को एक बार फिर रेखांकित किया। यूरेशियाई आर्थिक संघ के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत रूस से व्यापारिक रिश्ते को विस्तार देने पर इस साल फोकस रहेगा।

चीन के साथ संबंधों में कुछ विवादों और सीमा-संघर्ष के कारण गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। बढ़ते व्यापार घाटे के अलावा दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र में उसके बढ़ते कदमों के कारण भी कई चुनौतियां पैदा हुई हैं, फिर भी उसके साथ रिश्ते सामान्य बनाने की दिशा में इस वर्ष नई कोशिशें हो सकती हैं। ब्रिटेन और ओमान के साथ तरजीही व्यापार समझौतों से भारतीय निर्यात, पूंजी निवेश और भारतीय युवाओं के लिए वैश्विक आवागमन के द्वार खुलने के संकेत हैं। इसी तरह, गणतंत्र दिवस पर यूरोपीय नेताओं की भारत यात्रा और यूरोपीय संघ के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित आर्थिक समझौते को संपन्न कराने की दिशा में उठाए गए कदमों से यूरोपीय संघ के साथ हमारा जुड़ाव बढ़ेगा। भारतीय विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण कारक 'कनेक्टिविटी' रहा है। इससे आर्थिक एकीकरण और रणनीतिक साझेदारियों में घनिष्ठता आती है। इस साल हमारा ध्यान 'भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे' (आईएमईसी) पर केंद्रित होगा, जो एकीकृत परिवहन, ऊर्जा और डिजिटल नेटवर्क के जरिये इन देशों के साथ हमारे संबंधों को काफी मजबूत कर सकता है।

इसके लागू होने से व्यापारिक कुशलता बढ़ेगी, आपूर्ति-श्रृंखला मजबूत हो सकेगी और भारत उभरती क्षेत्रीय मुहिम में अहम भूमिका निभा सकता है। पश्चिम एशिया से शुरू होने वाली 'लुक वेस्ट' नीति सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान समेत खाड़ी के अन्य देशों व इजरायल के साथ भारत के संबंधों को और मजबूती देगी।

आसियान के साथ भारत का जुड़ाव उसकी 'एक्ट ईस्ट' नीति का मुख्य स्तंभ बना रहेगा, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता, आर्थिक एकीकरण और समुद्री सुरक्षा के साझा हितों पर आधारित है। सहयोग के क्षेत्र में व्यापार व निवेश, आपूर्ति-श्रृंखला की मजबूती, डिजिटल कनेक्टिविटी और क्षमता-निर्माण भी शामिल हैं। 'भारत-अफ्रीका फोरम' के आयोजन से अफ्रीकी संघ के साथ भारत की साझेदारी को इस साल नई ऊर्जा मिलेगी। यह दशकों के विकास सहयोग और 'दक्षिण-दक्षिण एकता' पर आधारित है। क्षमता निर्माण, विकास, वित्त, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल सार्वजनिक ढांचा और कनेक्टिविटी के मामले में सहयोग के अतिरिक्त शांति व सुरक्षा के साथ बढ़ता व्यापार-निवेश इस साझेदारी का अभिन्न अंग बना रहेगा।

भारत के निकट पड़ोस में घट रही घटनाओं को कम करके नहीं आंका जा सकता, इसलिए भारत 'पड़ोस पहले' की अपनी नीति को इस साल भी प्राथमिकता देना जारी रखेगा। हमें नहीं भूलना चाहिए कि भूटान में पनबिजली परियोजनाओं से लेकर नेपाल में सड़क व बुनियादी ढांचा निर्माण की पहल के साथ-साथ श्रीलंका व मालदीव से समुद्री व रक्षा सहयोग ने एक क्षेत्रीय भागीदार के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत बनाया है। भारत बांग्लादेश में हो रहे राजनीतिक और संस्थागत बदलाव से तालमेल बिठा रहा है।

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में विदेश मंत्री एस जयशंकर का शरीक होना इसका ठोस प्रमाण है। भारत नेपाल के साथ अपने आर्थिक संबंधों को और गहरा कर रहा है, तो भूटान के प्रमुख रणनीतिक भागीदार के रूप में अपनी भूमिका को मजबूती दे रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्रवाई करने के प्रयासों ने भारत की स्थिति एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में मजबूत बनाई है।




जाहिर है, वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत के तहत दुनिया के गरीब देशों में कल्याणकारी कार्यों में योगदान भारतीय विदेश नीति का अहम पहलू है। भारत 'ग्लोबल साउथ' की एक प्रमुख आवाज के रूप में उभरा है। भारत इस क्षेत्र की विकास प्राथमिकताओं, न्यायसंगत विकास और वैश्विक संस्थानों में विकासशील देशों को अधिक प्रतिनिधित्व देने की वकालत करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस और यूक्रेन के नेताओं के साथ सीधे संपर्क में हैं। उन्होंने जी-20 और संयुक्त राष्ट्र जैसे बड़े वैश्विक मंचों पर भी इस संघर्ष को समाप्त कराने में संवाद का समर्थन किया है। इस तरह से वह कूटनीतिक तौर पर सभी पक्षों से जुड़े हैं। ये तमाम कवायदें भारत के इस विश्वास को पुष्ट करती हैं कि संवाद और कूटनीति के माध्यम से ही शांति संभव है। साल 2026 में हमारा कदम सतर्क, संतुलित और आशावादी रहेगा। इस तरह, बहुध्रुवीय दुनिया में हमारी विदेश नीति के केंद्र में रणनीतिक स्वायत्तता, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास ही रहेगा।

*- लेखक : हर्षवर्धन श्रृंगला*

## अवैध कब्जे और बेघर होता भारत : एक अंतहीन राष्ट्रीय संकट

**सभी की मिलीभगत से होता है अतिक्रमण**

**सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की समस्या भारत में न तो नई है और न ही किसी एक क्षेत्र तक सीमित। यह एक ऐसी जटिल और बहुआयामी चुनौती है, जो शहरीकरण, पलायन, राजनीतिक स्वार्थ, प्रशासनिक लापरवाही और सामाजिक मजबूरियों के सम्मिलित परिणाम के रूप में सामने आती है। देश के लगभग हर राज्य, हर बड़े शहर और अनेक कस्बों में सरकारी जमीन पर मकान, दुकानें, झुग्गियां, गोदाम, यहां तक कि बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान और संस्थान खड़े मिल जाते हैं। वर्षों तक यह सब कुछ खुलेआम होता रहता है, लेकिन जिम्मेदार तंत्र या तो आंखें मूंदे रहता है या जानबूझकर चुप्पी साधे रहता है।**

सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की समस्या भारत में न तो नई है और न ही किसी एक क्षेत्र तक सीमित। यह एक ऐसी जटिल और बहुआयामी चुनौती है, जो शहरीकरण, पलायन, राजनीतिक स्वार्थ, प्रशासनिक लापरवाही और सामाजिक मजबूरियों के सम्मिलित परिणाम के रूप में सामने आती है। देश के लगभग हर राज्य, हर बड़े शहर और अनेक कस्बों में सरकारी जमीन पर मकान, दुकानें, झुग्गियां, गोदाम, यहां तक कि बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान और संस्थान खड़े मिल जाते हैं। वर्षों तक यह सब कुछ खुलेआम होता रहता है, लेकिन जिम्मेदार तंत्र या तो आंखें मूंदे रहता है या जानबूझकर चुप्पी साधे रहता है। जब अचानक विकास परियोजनाओं, सड़क चौड़ीकरण, रेलवे, मेट्रो, औद्योगिक गलियारों या स्मार्ट सिटी योजनाओं की जरूरत सामने आती है, तब सरकार की नींद खुलती है और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होती है। इस प्रक्रिया में सबसे बड़ा संकट उन लोगों पर टूटता है, जो वर्षों से वहां रह रहे होते हैं और जिनका जीवन, आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य उसी जमीन से जुड़ चुका होता है। हाउसिंग एंड लैंड राइट्स नेटवर्क जैसे संगठनों के आंकड़े इस समस्या की भयावहता को उजागर करते हैं। वर्ष 2017 से 2023 के बीच साढ़े तीन लाख से अधिक मकानों पर बुलडोजर चलाए गए और करीब सोलह लाख लोग बेघर हुए। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आने वाले समय में लगभग 1.7 करोड़ लोग ऐसे दायरे में हैं, जिनके घर विकास परियोजनाओं या अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के कारण टूट सकते हैं। इनमें से बड़ी संख्या उन लोगों की है, जिन्होंने अपनी जीवनभर की पूंजी लगाकर घर बनाए, बच्चों को स्कूल में डाला, आसपास रोजगार तलाशा और एक स्थायी जीवन की कल्पना की। जब ये घर टूटते हैं तो केवल दीवारें नहीं गिरतीं, बल्कि पूरे परिवार की सामाजिक और आर्थिक संरचना ढह जाती है।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को प्रायः एक आवश्यक प्रशासनिक कदम के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन इसके मानवीय पक्ष को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। बेघर होना केवल सिर से छत छिनने की समस्या नहीं है, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की संभावनाओं पर सीधा प्रहार है। बच्चों की पढ़ाई बीच में छूट जाती है, महिलाएं असुरक्षा और अस्थिरता के भय में जीने लगती हैं, बुजुर्ग इलाज और सहारे से वंचित हो जाते हैं और पुरुष वर्ग बेरोजगारी तथा मानसिक तनाव से जूझने लगता है। पुनर्वास योजनाएं कागजों पर तो आकर्षक लगती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में वे या तो अधूरी होती हैं या इतनी दूरस्थ जगहों पर लागू की जाती हैं कि वहां रोजगार और बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहता है। इस पूरी समस्या का एक कड़वा सच यह भी है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण एक दिन या एक रात में नहीं हो जाता। यह एक लंबी प्रक्रिया होती है, जिसमें प्रशासनिक उदासीनता, स्थानीय स्तर पर मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण की बड़ी भूमिका होती है। जब गांवों से पलायन कर गरीब परिवार शहरों की ओर आते हैं, तो उन्हें सबसे पहले सस्ती या खाली जमीन की तलाश होती है। सरकारी जमीन इस दृष्टि से सबसे आसान निशाना बनती है। पहले अस्थायी झोपड़ियां खड़ी होती हैं, फिर धीरे-धीरे पक्के मकान, दुकानें और अन्य निर्माण होने लगते हैं। सरकारी एजेंसियां एवं जिम्मेदार तो तब ही हरकत में आते हैं जब या तो कोई हादसा होता है या फिर विकास कार्यों के दौर में इन्हें हटाने की जरूरत पड़ती है। महज सात साल में 16 लाख लोगों के बेघर होने का आंकड़ा छोटा नहीं है। इनमें भी 58 प्रतिशत से ज्यादा के बेघर होने की वजह अतिक्रमण ही है। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामलों की मिलीभगत से अनदेखी होती है, यह भी किसी से छिपा नहीं है। बिजली, पानी, राशन कार्ड और वोटर आईडी जैसी सुविधाएं भी किसी न किसी रास्ते से मिल जाती हैं, जिससे यह अतिक्रमण धीरे-धीरे 'वैधता' का भ्रम पैदा करने लगता है।

इस पूरी प्रक्रिया में भू-माफिया की भूमिका भी बेहद खतरनाक है। वे सरकारी जमीनों की पहचान कर गरीबों को वहां बसाते हैं, उनसे पैसे वसूलते हैं और बाद में राजनीतिक संरक्षण के जरिए उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखते हैं। चुनाव आते ही ये बस्तियां वोट बैंक में बदल जाती हैं। इस राजनीतिक खेल में न तो कानून की प्रतिष्ठा बचती है और न ही आम नागरिकों का भविष्य सुरक्षित रहता है। अतिक्रमण हटाने के बाद होने वाले नुकसान को यदि समग्र रूप से देखा जाए तो यह केवल प्रभावित परिवारों का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे देश का नुकसान है। एक ओर लोग अपने सीमित संसाधनों से घर बनाते हैं, दूसरी ओर सरकार अतिक्रमण हटाने पर भारी खर्च करती है। यदि शुरुआत में ही सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, समय पर निगरानी हो और अवैध कब्जे को बढ़ने से रोका जाए, तो यह दोहरा नुकसान टाला जा सकता है। दुर्भाग्य से हमारे यहां किसी परियोजना की घोषणा और उसके क्रियान्वयन के बीच लंबा अंतराल रहता है, जिसका फायदा अतिक्रमणकारी उठाते हैं। वर्षों तक जमीन खाली पड़ी रहती है और देखते ही देखते वहां एक पूरी बस्ती खड़ी हो जाती है। विकास के लिए कई बार राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए विध्वंस की कार्रवाई जरूरी हो जाती है। लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए केवल बुलडोजर चलाना पर्याप्त नहीं है। जरूरत एक ऐसी दूरदर्शी नीति की है, जिसमें अतिक्रमण रोकने की व्यवस्था शुरुआत से ही सख्त और प्रभावी हो। सरकारी जमीनों का डिजिटल रिकॉर्ड, नियमित सर्वेक्षण, स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही और दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई इस दिशा में जरूरी कदम हो सकते हैं। साथ ही शहरी गरीबों के लिए सस्ती आवास योजनाओं को वास्तविक जरूरतों के अनुरूप और रोजगार के करीब लागू करना भी उतना ही जरूरी है, ताकि वे मजबूरी में अवैध कब्जे की ओर न जाएं। राजनीतिक दलों को भी इस मुद्दे पर ईमानदार आत्ममंथन करना होगा। वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध अतिक्रमण को संरक्षण देना अंततः समाज और शासन दोनों के लिए घातक सिद्ध होता है। यदि कानून का पालन सभी के लिए समान रूप से हो और अवैध कब्जे को किसी भी स्तर पर समर्थन न मिले, तो ऐसी स्थितियां स्वतः कम होंगी।

सरकारी भूमि जनता की साझा संपत्ति है और इसका उपयोग योजनाबद्ध विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के लिए होना चाहिए, न कि अव्यवस्था और अवैध कब्जों के लिए। अंततः सवाल यही है कि क्या हम समस्या के मूल कारणों पर गंभीरता से विचार करेंगे या हर बार बुलडोजर के बाद कुछ दिनों की संवेदना दिखाकर आगे बढ़ जाएंगे। यदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की प्रवृत्ति को समय रहते नहीं रोका गया, तो आने वाले वर्षों में बेघर होने वालों की संख्या और बढ़ेगी, सामाजिक असंतोष गहराएगा और विकास का दावा खोखला साबित



होगा। जरूरत इस बात की है कि सरकार, प्रशासन, राजनीतिक दल और समाज मिलकर इस जटिल समस्या का मानवीय, न्यायपूर्ण और दूरगामी समाधान तलाशें, ताकि विकास भी हो और किसी का जीवन उजड़ने से भी बच सके।

समुचित देश एवं विभिन्न प्रांतो में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके लोगों ने अपने मकान बना हैं कुछ व्यापारिक संस्थान और कुछ संस्थाएं भी संचालित हो रही हैं जब सरकार की नींद खुलती है तो इन सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करके बनाए गए मकान में रहने वाले लोगों को बेघर किया जाता है या उन्हें अन्यत्र बसाने की योजनाएं लागू की जाती है जिससे इन परिवारों और उनके सदस्यों की न केवल बेघर होने की समस्या खड़ी होती हैं बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं भी खड़ी होती है इन गतिविधियों को संचालित करने में विभिन्न राजनीतिक दलों को अपना वोट वोट बैंक दिखाई देता है और यह राजनीतिक दल ही ऐसी सरकारी भूमि पर लोगों को बसाने के षड़यंत्र करते हैं फिर उन्हें विस्थापित होने पर आंदोलन खड़े किए जाते हैं और अन्यत्र बसाने की मांग की जाती है यह भारत की एक जटिल समस्या है। क्यों नहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा होने की स्थितियों को सरकार पहले से ही गंभीरता से लेती?

*- लेखक : ललित गर्ग*

## आपने-लिखा | जेन जी पीढ़ी और भावनात्मक संयमितता

1990 के उत्तरार्ध से 2010 के प्रारंभिक वर्षों में जन्मे व्यक्तियों को मुख्यतः जेन जी के रूप में संदर्भित किया जाता है, हालांकि कुछ स्त्रोत 1997-2012 की विशिष्ट समायाविधि बताते हैं! डिजिटल युग में जन्मी यह पीढ़ी पर्याप्त सामाजिक गतिविधियां होने के बावजूद प्रायः कम ही सक्रिय दिखाई देती है! इसके साथ ही जेन जी पीढ़ी में भावनात्मक संकोच की प्रवृत्ति भी पाई जाती है! इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने की इस पीढ़ी ने दुनिया के साथ संवाद व संपर्क को बहुत महत्व दिया है! इस पीढ़ी ने कई बार वास्तविकता से दूर रहते हुए अपने जीवन को सोशल प्लेटफॉर्म पर बहुत ही आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है! आलोचना के डर से ये वास्तविक जीवन को साझा करने में संकोच करते हैं और टेक्स्ट आधारित बातचीत को यह अधिक महत्व देते है! यह कई महीनो तक सुविधाजनक तो हो सकता है परंतु टेक्स्ट आधारित संवाद में भावनाओं को व्यक्त करने की बारीकिया नहीं पाई जाती हैं और इससे व्यक्तियों के बीच भावनात्मक अलगाव की स्थिति पैदा हो सकती है! लगातार वर्चुअल दुनिया में रहने से व्यक्ति वास्तविकता से दूर हो जाता है, वह आलोचना के डर के कारण सामाजिक परिवेश में असहज महसूस करने लगता है और अपने सतही रिश्तो में उलझ कर रह जाता है, उन्हें ऐसा लगने लगता है कि इन रिश्तों से ही उनके सार्थक और मजबूत संबंध हैं! विडंबना यह है कि वर्चुअल दुनिया में लगातार संपर्क में रहने के बावजूद यह अपने भावनात्मक लचीलेपन से दूर हो गए हैं! आजकल समाज मे उपलब्धियों पर ज्यादा जोर दिया जाता है जो कि भावनात्मक आत्म-अभिव्यक्ति में कमी का कारण बन सकता है! कई बार माता- पिता का बच्चों के प्रति अत्यधिक सुरक्षात्मक रवैया एवम लगातार मौजूदगी उनको जीवन की चुनौतियों से सामना करने और भावनाओं को व्यक्त करने में बाधा उत्पन्न करती है! इसलिए यह आवश्यक है कि समुदाय, विद्यालयों एवम अभिभावकों में भावनात्मक साक्षरता की ओर ध्यान दिया जाए! साथ ही परिवार में सभी विषयों पर आमने- सामने खुलकर बातचीत की जाए, जिससे भावनात्मक जागरुकता पैदा हो, एवं उनके सुझावों का समर्थन करने से बच्चों को भावना साझा करने में सहजता महसूस होगी और वे सार्थक एवं सफल संबंध बनाने में समर्थ होंगे!

*- सावित्री मौर्य*
*बुंदेलखंड विश्वकोष*

## रचना | 'सब कुछ' पाना है मकसद...!

खोजते हर कोई किसी न किसी तरह की खुशी,
इस बेचैन संसार में मिल जाए सुकून और हँसी।
हममें से अधिकांशजन खोज रहे मन की शांति,
आज 'युवा तरुणाई' के मन में बहुत सारी भ्रांति।
हम आखिर क्या ढूंढ रहे हैं क्या चाह रहे हैं पाना,
दौड़ रहे हैं पैकेज के पीछे इसका है पता लगाना।
यहां इसमें छूट रहा वयोवृद्ध माता-पिता का साथ,
इस उम्र में ही तो पकड़ना है उनका हाथों में हाथ।
सोचता हूं आंखें बंद कर 'सब कुछ' पाना मकसद,
वो करना चाह रहे हो कि दुनिया हो जाए हथप्रभ।
खुशी, सुकून, संतोष एवं मौज-मजा तो है परिवार,
न जाओ इन्हें छोड़कर ये तो है जीवन का आधार।

*- लेखक :*
*संजय एम तराणेकर*

## विचार-मंथन | रोजगार गारंटी को मजबूत बनाए रखने की जरूरत

सरकार ने दो दशक पुराने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) का नाम और उद्देश्यों को बदलकर उसकी जगह 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' या वीबी-जी राम जी कानून लागू किया है।

सार्वजनिक रोजगार योजनाएं लंबे समय से देश में आजीविका सुरक्षा और गरीबी उन्मूलन के लिए लागू की जाती रही हैं। महाराष्ट्र में 1970 के दशक से ऐसी ही योजना प्रभावी है। हालांकि, मनरेगा में अलग बात यह थी कि इसमें हरेक ग्रामीण परिवार को मांग-आधारित और बिना शर्त रोजगार की गारंटी दी गई थी। बेशक, इसमें रोजगार की पूर्ण गारंटी नहीं थी, क्योंकि इसमें एक परिवार को अधिकतम 100 दिनों का ही रोजगार मुहैया कराने का प्रावधान था, लेकिन इसने ग्रामीण बुनियादी ढांचों में सुधार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने और गरीबी कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मनरेगा की खासियत यह भी थी कि इसे कानूनी समर्थन हासिल था। इसकी बिना शर्त सबके लिए उपलब्धता ने इसे अनेक परिवारों की जीवन-रेखा बना दिया। जब पश्चिम बंगाल सरकार ने इसको रोकने की कोशिश की, तब सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मनरेगा को महज तकनीकी कारणों से नहीं रोका जा सकता। मजदूरों के लिए मनरेगा से इतर कहीं और काम करने का मतलब था, मनरेगा में तय मजदूरी से अधिक मिलना। इस तरह इस कानून ने श्रम बाजार को परोक्ष रूप से मजबूत किया।

नए कानून में मनरेगा वाले अधिकार का अभाव है और अधिकतम सीमा से अधिक काम की मांग नहीं की जा सकती। इसके तहत अब केंद्र सरकार अपने तय 'उद्देश्यों' के तहत फंडिंग करेगी। कृषि सीजन में इस कानून के तहत काम मांगने की गारंटी 60 दिनों के लिए टाल दी गई है। बेशक, इस दौरान अधिकतर मजदूर मनरेगा का काम नहीं ढूंढ़ते थे, पर गारंटी के कारण उन्हें बेहतर मजदूरी के लिए मोलभाव करने में मदद मिलती थी। मनरेगा ने निःसंदेह मजदूरी बढ़ाने में मदद की, लेकिन इससे भी अहम बात यह है कि इसने सूखा या खेती के काम की कमी के दौरान रोजगार उपलब्ध कराकर मजदूरों को सहारा दिया। हालांकि, हाल के दिनों में 22 राज्यों में इसकी मजदूरी दर बाजार दर से कम हो गई थी, जिस कारण इसमें काम की मांग घट गई थी। मगर ऐसे समय में, जब खेती की मजदूरी स्थिर है और गैर-खेती की मजदूरी में करीब एक दशक से कमी आ रही है, तब फसल सीजन के दौरान इसे लागू करने पर रोक लगाने से मजदूरी पर और दबाव पड़ सकता है। इसके अलावा काम के अधिकतम दिनों को 125 करने का भी कोई खास फायदा नहीं मिल सकता, क्योंकि पिछले दो दशकों में मनरेगा में काम के दिनों की औसत संख्या प्रति परिवार 50 से कम रही है और मुश्किल से दो से तीन प्रतिशत परिवार ही 100 दिनों तक काम कर पाए हैं।


नए कानून को आर्थिक मोर्चे पर भी जूझना पड़ सकता है। मनरेगा में 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देती थी, लेकिन अब वह बड़े राज्यों को खर्च का सिर्फ 60 प्रतिशत हिस्सा देगी। इस तरह, नया कानून कमजोर अर्थव्यवस्था वाले राज्यों के लिए बोझ बन सकता है। इससे राज्यों के बीच असमानता बढ़ सकती है, जिससे कम उत्पादकता और प्रति व्यक्ति आय वाले राज्यों को नुकसान हो सकता है।

मनरेगा ज्यादातर गरीबों के लिए एकमात्र सामाजिक सुरक्षा की गारंटी थी, जिससे लगभग एक-तिहाई ग्रामीण परिवार लाभ उठा रहे थे। जाहिर है, इसके खत्म होने से ग्रामीण संकट बढ़ सकता है और धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुस्त पड़ सकती है।

*- लेखक : हिमांशु*



आप अपनी समस्यायें, विचार, लेख, कविताएं, कहानियां इस पते पर भेजें -समयानुसार प्रकाशित किया जाएगा।
पताः- दैनिक आचरण, रेल्वे स्टेशन के सामने, सागर ई. मेल :- aacharan_sagar@yahoo.com
कृपया अपना मोबाइल नं. अवश्य लिखें।



## संक्षिप्त समाचार

### 23 जनवरी को कृषक स्टेडियम में होगा भव्य हिंदू सम्मेलन, तैयारियां तेज



**रहली, आचरण।** सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आगामी 23 जनवरी को स्थानीय कृषक स्टेडियम में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में सुप्रसिद्ध कथावाचक विपिन बिहारी जी महाराज मुख्य रूप से सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए शहर के रामराजा पैलेस में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के प्रमुख नागरिक और युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को अधिक से अधिक संख्या में संगठित करना और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना रहा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए उपस्थित सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रचार-प्रसार के माध्यम से जन-जन तक सम्मेलन का संदेश पहुँचाया जाए। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए वालंटियर्स की टोलियां बनाई जाएं। आयोजकों का कहना है कि यह सम्मेलन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। बैठक में हिंदू सम्मेलन के जिला संयोजक हरीश दुबे, उमेश वैध, मनोज जैन, समाजसेवी अभिषेक भार्गव, महेश यादव, देवराज सोनी, अभिषेक पांडेय सहित गणमान्य नगरिक उपस्थित रहे।

### महाराजपुर में बड़ा हादसा टला, ट्रक की स्टेयरिंग फेल



**महाराजपुर।** ग्राम के तीतर पानी क्षेत्र में पटेरिया पेट्रोल पंप के पास गुरुवार शाम करीब 4 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भूसे से भरा ट्रक तेज रफ्तार में जा रहा था, तभी अचानक उसकी स्टेयरिंग फेल हो गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन पर नियंत्रण कर लिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के समय ट्रक में सवार चालक और कंडक्टर पूरी तरह सुरक्षित रहे। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई। संबंधित ट्रक का पंजीयन क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 9518 बताया गया है।

### आंगनबाड़ी केन्द्र का सरपंच ने किया निरीक्षण, नहीं मिली कार्यकर्ता




**जरुआखेड़ा, आचरण।** गुरुवार को लुहर्रा पंचायत की सरपंच पटेल के द्वारा आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया गया आंगनवाड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बिना सूचना के अनुपस्थिति रही आंगनबाड़ी सहायका बच्चों को आंगनबाड़ी भवन में बैठाऐ हुए पाई गई पहलाद पटेल की द्वारा इसकी शिकायत परियोजना अधिकारी आनंद तिवारी से की जब संबंध में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सीमा पटेल से बात की तो उन्होंने कहा कि मुझे शिकायत मिली है मेने आंगनबाड़ी केंद्र दो की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कारण बताओं नोटिस जारी कर आठ दिवस का वेतन काटने के लिए लिखा है।

मुख्यमंत्री के रोड शो और आमसभा को सफल बनाने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की मैराथन बैठकें और कार्यकर्ता सम्मेलन

# मुख्यमंत्री के खुरई आगमन की व्यवस्थाओं की समीक्षा

आचरण संवाददाता



**खुरई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खुरई आगमन पर प्रस्तावित रोड शो एवं आमसभा की तैयारियों की समीक्षा को लेकर पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के साथ संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती हिमानी खन्ना, कलेक्टर संदीप जी.आर. एवं पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक सिंह लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मैराथन बैठकों के माध्यम से तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने खुरई के सभी व्यापारी संघों, स्कूल संचालकों एवं डाक्टर्स एसोसिएशन के साथ बैठकें कीं। इसके साथ ही वे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के परिवारों से संपर्क कर कार्यक्रम में सहभागिता हेतु आमंत्रित कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित और समन्वय के साथ पूरी की जाएं। आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खुरई ने हमेशा संगठन, अनुशासन और सहभागिता का उदाहरण प्रस्तुत किया है और इस बार भी खुरई प्रदेश के सामने एक आदर्श आयोजन प्रस्तुत करेगा।

अपने संबोधन में भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खुरई आगमन से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। आने वाला वर्ष खुरई के लिए विकास, नई योजनाओं और अधोसंरचना विस्तार की दृष्टि से ऐतिहासिक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि खुरई के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों से आग्रह किया कि वे पूर्ण जिम्मेदारी और उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाएं। व्यापारी संघ की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक सिंह ने कहा कि खुरई को मध्य प्रदेश के सबसे पिछड़े हुए क्षेत्र में गिना जाता रहा। यह स्थिति कांग्रेस के 50 साल के शासन में बनी थी। हम सब जानते हैं कि बिना विकास के हमारे जीवन में समृद्धि नहीं आ सकती। खुरई के विकास के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता बीना नदी परियोजना है। इसी से गरीबी कम होगी, उद्योग कारखाने के रास्ते खुलेंगे, और विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की किसी विधानसभा में इतना विकास नहीं हुआ जितना खुरई विधानसभा क्षेत्र में हुआ। उन्होंने कहा कि खुरई में विकास की सबसे ज्यादा संभावना है। अब हमारे पास पर्याप्त पानी है, पर्याप्त बिजली है। चारों तरफ सड़कों का नेटवर्क है। ओवर ब्रिज भी लगभग सभी तैयार हैं। यह स्थिति औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन से इन सभी परिस्थितियों से औद्योगिक विकास के मार्ग खुलेंगे।

स्कूल संचालकों एवं डाक्टर्स एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खुरई में चिकित्सा और शिक्षा की सुविधाओं को मुख्यमंत्री के आगमन से संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। खुरई में मेडीकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में प्रगति हो सकेगी। शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। नये व्यवसायिक पाठ्यक्रम, स्किल एजुकेशन के साथ यूनिवर्सिटी की संभावनाएं खुरई विधानसभा क्षेत्र में हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हम सभी की भागीदारी खुरई के विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाएगी।

विभिन्न कार्यक्रमों में जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर, एसडीएम मनोज चौरसिया हेमचंद्र बजाज, विजय जैन वट्टी, रामनिवास महेश्वरी, नन्हीबाई, राहुल चौधरी, देशराज यादव, मनोहर यादव अध्यक्ष, कल्लू यादव, राजू चंदेल, बलराम यादव, लक्ष्मण चंदेल, सोनू चंदेल, रामस्वरूप यादव, विनोद राजहंस, रश्मि सोनी, राशिद वेग, नीतिराज पटेल, अरशद अली, मोनू राजपूत, लाखन यादव, भूरे यादव, श्रीमती अर्चना जैन, प्रतिभा पुरोहित, सरफराज भाईजान, श्रीमती निशा नागदेव, गब्बर सिंह, बिट्टू बधिया, हेमंत राजा, यागेश नामदेव, मनोज दुबे, नीति राज पटेल, काशीराम मास्टर, सहित सभी जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, स्कूल संचालक, डाक्टर्स एसोसिएशन, कृषि उपकरण निर्माता एसोसिएशन, विभिन्न व्यापारी संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन से पहले जनसंपर्क अभियान तेज

**खुरई, आचरण।** युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि आगामी 10 जनवरी को खुरई नगर में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। इस अवसर पर उनका भव्य स्वागत करना हम सभी खुरई वासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्र को विकास की नई सौगातें मिलने की उम्मीद है। अविराज सिंह ने यह विचार प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रस्तावित खुरई आगमन को लेकर आयोजित रथ सभा के दौरान व्यक्त किए। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी हेतु आयोजित यह रथ सभा धांगर, तेवरी, खैरा, गंभीरिया बुजुर्ग, सिंगपुर, बलऊ, नगदा सहित विभिन्न ग्रामों से होकर निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के अवसर पर इंडियन आइडल फेम गायिका अनन्या पाल द्वारा भजन एवं गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी तथा उन्होंने सभी नागरिकों को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आमंत्रण दिया। अविराज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान खुरई विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण का भी प्रस्ताव है। इसी उद्देश्य से एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत एक व्हाट्सएप नंबर 9893439855 जारी किया गया है, जिस पर खुरई विधानसभा क्षेत्र के नागरिक अपने सुझाव भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों के आधार पर मुख्यमंत्री से आग्रह किया जाएगा कि क्षेत्र के विकास को और अधिक गति दी जाए। अविराज सिंह ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र विकास के मामलों में प्रदेश में अग्रणी रहा है, फिर भी अभी कई महत्वपूर्ण कार्य शेष हैं। उन्होंने बताया कि पार्कों का विकास, स्कूलों का सुदृढ़ीकरण, नालियों एवं सड़कों का निर्माण, मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा बीना नदी का जल विधानसभा क्षेत्र के सभी हिस्सों तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार, अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता और नए उद्योगों की स्थापना कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना प्राथमिकता में है। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि आज से 10-12 वर्ष पूर्व खुरई विधानसभा की स्थिति क्या थी और आज कितनी प्रगति हुई है, यह सभी जानते हैं। विकास ही हर समस्या का समाधान है। विकास से रोजगार बढ़ता है, सम्मान बढ़ता है और समृद्धि आती है। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद देश को विकास की नई दिशा मिली है। लाड़ली बहना योजना से मातृशक्ति आत्मनिर्भर बनी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को आवास मिला है। मुफ्त शौचालय, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने देश को सशक्त बनाया है।

### सायबर सेल द्वारा गुम हुए 79 मोबाइल मालिकों को सौंपे

**अशोकनगर, आचरण।** नववर्ष के अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में सायबर सेल अशोकनगर द्वारा गुम हुए 79 मोबाइल फोन सर्च कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। इन मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा द्वारा नववर्ष के अवसर पर जिले के नागरिकों के गुम हुए मोबाइल फोन खोजकर उन्हें वापस लौटाने के निर्देश सायबर सेल एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों को दिए गए थे। निर्देशों के पालन में सायबर सेल तथा सभी थानों के संयुक्त प्रयास से अशोकनगर सहित अन्य जिलों एवं राज्यों से भी मोबाइल फोन बरामद किए गए। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रें स हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। गुम हुए मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

## चोरों ने तीन जगहों पर की लाखों की चोरी, कार सहित जेवरातों पर चोरों ने किया हाथ साफ

आचरण संवाददाता

**खुरई।** खुरई शहरी थाना क्षेत्र में अलग-अलग तीन जगहों पर चोरों ने एक कार सहित लाखों रुपए की चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस ने चोरी के तीनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुरई शहर में लगातार चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। शहर में दिनों दिन चोरी की घटनाएं बढ़ने से लोगों में भी दहशत का माहौल है। लोग अपने घरों को सूना भी छोड़कर नहीं जा पा रहे हैं।

खुरई के चंद्रशेखर वार्ड मलैया गली में रहने वाली प्रमिला पति डॉ राजेंद्र मलैया(66) ने बताया कि कुछ दिन पहले वह काम से भोपाल गई हुई थी। उस दौरान वह पूरे जेवरात अपने साथ ले गई थीं। घर आकर पूरे जेवरात अलमारी के लॉकर में रख दिए थे। इसके तत्काल बाद पूरे परिवार के साथ मुंबई जाना हुआ। जब वापस लौटीं तो अलमारी के लॉकर में रखे बैग के अंदर से ज्वेलरी का डिब्बा गायब मिला। जिसमें ज्वेलरी के बैग में 5 तौला सोना, डायमंड का सेट, कान के झुमके, एक चांदी की अंगूठी सहित कुल 8 लाख 75 हजार 500 के जेवरात चोरी चले गए। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**सूने घर में चोरों ने बोला धावाः** खुरई के खिमलासा रोड पर स्थित ऋषभ कुमार वार्ड में रहने वाले सुरजीत पिता वीरसिंह राजपूत(42) ने बताया कि वह पूरे परिवार के साथ अपने गांव पातीखेड़ा मालथौन चला गया था। वहां से पूरे परिवार के साथ तीर्थ यात्रा पर रवाना हो गए थे। जब वापस लौटे तो घर का ताला ज्यों का त्यों लगा हुआ था। जब अंदर जाकर देखा तो घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। अलमारी में रखा रानीहार एवं चार सोने की चूड़ियां के अलावा रजिस्ट्री के कागजात, बैंक पासबुकें, स्कूटी की चाबी, अन्य दस्तावेज सहित 97 हजार रूपए के जेवरात चोरी चले गए। घर की छत का दरवाजा तोड़कर चोर घर के अंदर घुसे थे।पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया है।

**घर के बाहर खड़ी डॉक्टर की कार हुई चोरीः** खुरई के बायपास रोड स्थित आदर्श नगर में रहने वाले डॉ भूपेंद्र कुर्मी ने बताया कि वह खिमलासा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ हैं। घर के बाहर उनकी कार क्रमांक एमपी 20 सीए 2994 खड़ी हुई थी। जब उन्होंने देखा कि उनकी कार वहां नहीं है तो आसपास जाकर कार की तलाश की लेकिन कार कहीं नहीं मिली। पुलिस थाने पहुंचकर आवेदन दिया है।

**मामले की जांच की जा रही हैः** खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि तीनों मामलों में टीम लगी हुई है। तीनों मामलों की जांच की जा रही है।

## घण्टा बाजकर मंत्री विजयवर्गीय को बर्खास्त करने की मांग उठाई

आचरण संवाददाता



**नरयावली।** गत दिनों इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई दर्दनाक घटना तथा पत्रकार साथी द्वारा पूछे गए जनहित के सवालों पर असंवेदनशील, अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने वाले नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश व्यापी आव्हान पर कांग्रेसियों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरयावली के तत्वाधान में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरयावली के अध्यक्ष शिवपाल यादव की अगवाई में ब्लॉक मुख्यालय नरयावली में भाजपा सरकार के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त कर जमकर नारेबाजी करते हुए घण्टा बजाकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर महापौर व पार्षदों को तत्काल बर्खास्त किए जाने की पुरजोर मांग उठाई। इस दौरान मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि यह कोई प्राकृतिक दुर्घटना नहीं, बल्कि इंदौर नगर निगम और राज्य सरकार की घोर लापरवाही का परिणाम है। समय रहते जल शुद्धिकरण और निगरानी न करना सीधे तौर पर प्रशासनिक दोष है। उन्होंने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मीडिया के साथ अभद्रता और संवेदनहीनता पर कड़ा प्रहार करते हुए चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और अधिक व्यापक रूप लेगा। नरयावली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवपाल यादव ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को इस जनहानि की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। जब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिल जाता तब तक कांग्रेस का संघर्ष सड़कों पर जारी रहेगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर कैन्ट के अध्यक्ष पं. रवि उमाहिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी आदि ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करतें हुए मांग उठाई कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर महापौर व पार्षदों की जवाब देही तय कर सभी को तत्काल पदों से बर्खास्त किया जावें। प्रदर्शन करनें वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता राजू पांडे,पूर्व सरपंच बृजभान सिंह ठाकुर, लक्ष्मण पटवा, सिकंदर तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह, गुड्डा ठाकुर, धर्मेंद्र यादव, राजा अहिरवार, श्रीकांत सेन, शान पठान, जसवंत चौधरी आदि मौजूद थे।

### शराब बंदी की तैयारी, 10 जनवरी को होगी घोषणा

**रहली, आचरण।** भगवती मानव कल्याण संगठन के माध्यम से रैली विधानसभा के 20 से अधिक गांव में पूर्ण नशा मुक्ति अभियान लागू हो चुका है। जिसमें शराब और गांजा प्रमुख रखे गए हैं रहली के सबसे बड़ी पंचायत गांव पटना बुजुर्ग ग्रह ग्राम (मायके) में शराबबंदी कराने के बाद जिला पंचायत सदस्य श्रीमति ज्योति पटेल ने अपने ससुराल वाले गांव शावंल खिरिया में भी शराबबंदी में अपना सहयोग देकर सराहनीय कार्य किया है। ज्योति पटेल ने अपील करते हुए कहा कि बेहद गर्व और गौरव के साथ आज हमारे ग्राम सावल खिरिया में सर्व समाज द्वारा शराबबंदी को लेकर बैठक हुई। जिसमें विशेष रूप से भगवती मानव कल्याण संगठन के भाइयों एवं ग्रामवासियों की गरिमामय उपस्थिति रही. आगामी 10/01/2026 को प्रशासन के सहयोग के साथ शराबबंदी (शराब+गांजा)में समस्त ग्रामवासी, माताएं, बुजुर्ग दोपहर 3::00 बजे श्री अनिवार्य रूप से एकत्रीकरण में पधारने की कृपा करें एवं जनहित के साथ शराबबंदी आयोजन का एतिहासिक कदम उठाने में अपना अमूल्य योगदान दें।

## टीआई ने छात्र-छात्राओं को स्कूली सामग्री बांटी



**जरूआखेड़ा, आचरण।** नरयावली टीआई के द्वारा प्राथमिक शाला लुहर्रा के एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं को स्कूली सामग्री प्रदान की स्कूली बच्चे कॉपियां, पेन, कंपास पाकर खुशी टीआई कपिल लक्ष्यकार ने जब उपस्थित स्कूली छात्राओं से पूछा कि आप लोग पढ़ाई कर कर क्या बनना चाहते हो तो किसी ने कहा डॉक्टर तो किसी ने कहा टीचर तो कोई बोली मुझे पुलिस वाला बनना है लक्ष्यकर ने कहा कि अगर आप व आपके परिवार पर मुसीबत आए तो सबसे पहले कि को फोन लगाती है छात्र-छात्राएं बोले 112 नंबर पुलिस को डायल करते हैं। पुलिस के द्वारा छात्र-छात्राओं को पुलिस सुरक्षा संबंधी जानकारी बताई गाई टीआई कापिल लक्ष्यकार के द्वारा बताया की संकुल केंद्र जरुआखेड़ा संकुल केंद्र पीपरा की लगभग 35 प्राथमिक शालाओं के बच्चों को अभी तक पढ़ाई सामग्री बांटी गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों की बीच पहुंच कर हमें एक नई ऊर्जा और अनुभूति का अनुभव होता है।

## अतिक्रमण हटाने के दौरान नालों पर बनाई सीढ़ियां और चबूतरे तोड़े

आचरण संवाददाता



**अशोकनगर।** प्रशासन द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए शुद्धिकरण अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को इस शुद्धिकरण अभियान का तीसरा दिन था। अतिक्रमण हटाने के लिए सुबह प्रशासन के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों का दल गांधी पार्क पर एकत्र हुआ इसके बाद पहले गांधी पार्क से मिलन तिराहे तक का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान नाले पर किए गये अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ा गया और मलबे को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर हटाया गया। सड़क के दोनों ओर से हटाने की इस कार्रवाई को देखने के लिए बड़ी संख्या में आम लोग भी उपस्थित थे। इसके बाद मिलन तिराहे से एचडीएफसी बैंक तिराहे तक का अतिक्रमण हटाया गया। मिलन तिराहे से शुरू हुए इस अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत वाटर वर्क्स के पास स्थित दुकानों के बाहर का अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद पुराने बस स्टैंड होते हुए एचडीएफसी बैंक तिराहे पर अतिक्रमण हटाने के अभियान को अंजाम दिया गया। इसके साथ ही तीसरे दिन की कार्रवाई को विराम दिया गया।

## पुलिस ने कराई महाराष्ट्र में फंसे मजदूरों की घर वापसी

आचरण संवाददाता

**अशोकनगर।** जिला पुलिस द्वारा महाराष्ट्र में फंसे जिले के मजदूरों की सकुशल घर वापसी कराई गई। जिले के मुंगावली क्षेत्र के कुछ महिला एवं पुरुष मजदूर रोजगार की तलाश में महाराष्ट्र गए थे जो वहां धाराशिव जिले के ग्राम गिरोली थाना वाशी क्षेत्र में फंस गए थे और अपने घर वापस नहीं लौट पा रहे थे। मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा महाराष्ट्र राज्य के धाराशिव जिले के संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर मजदूरों की शीघ्र एवं सुरक्षित वापसी के निर्देश दिए गए। इस संबंध में थाना प्रभारी मुंगावली एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुंगावली अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर उपनिरीक्षक नीलम यादव द्वारा मजदूरों से संपर्क स्थापित किया गया। मजदूरों ने बताया कि वे लगभग एक से डेढ़ माह पूर्व मजदूरी के लिए महाराष्ट्र गए थे परंतु स्थानीय परिस्थितियों के चलते वे वापस नहीं आ पा रहे थे। इसके पश्चात एक विशेष टीम गठित की गई। जिसमें सहायक उपनिरीक्षक रामसिंह नंदया थाना मुंगावली एवं आरक्षक उपेन्द्र को महाराष्ट्र भेजा गया। टीम द्वारा ग्राम गिरोली थाना वाशी जिला धाराशिव पहुंचकर मजदूरों को सुरक्षित रूप से बस द्वारा जालना औरंगाबाद के पास रेलवे स्टेशन लाया गया जहां से उन्हें मुंगावली रेलवे स्टेशन तक लाया गया। गुरुवार को 8 जनवरी 2026 को कुल 36 महिला-पुरुष मजदूर एवं 5 बच्चों की सकुशल घर वापसी हुई। इसके पहले भी महाराष्ट्र में 31 मजदूरों की घर वापसी हो चुकी है।

## सीएचसी में रक्तदान शिविर आयोजित

आचरण संवाददाता




**रहली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर एवं स्वास्थ्य विभाग सागर के संयुक्त तत्वावधान में, रहली सिटी टीम के सहयोग से सीएचसी रहली में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 42 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर की शुरुआत स्वयं चिकित्सकों द्वारा रक्तदान कर की गई। आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद, मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जितेन्द्र सराफ और बीएमओ डॉ. बसंत नेमा ने रक्तदान कर समाज के लिए सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जितेन्द्र सराफ ने बताया कि रक्तदान शल्य चिकित्सा, सड़क दुर्घटनाओं, कैंसर और एनीमिया जैसी दीर्घकालिक बीमारियों में जीवनरक्षक साबित होता है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त को उसके घटकों–रेड सेल्स, प्लाज्मा आदि–में विभाजित करने पर यह तीन मरीजों तक लाभ पहुंचा सकता है। आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि रक्तदान से न केवल मरीजों को जीवन मिलता है, बल्कि रक्तदाताओं को भी कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इससे शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है, हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है और एचआईवी, हेपेटाइटिस जैसी बीमारियों की निःशुल्क जांच भी हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में ऐसे शिविर आयोजित करने से रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियाँ जैसे कमजोरी या बीमारी का डर–दूर होती हैं। पूर्व सीएमएचओ डॉ. आई. एस. ठाकुर ने कहा कि रक्त का कृत्रिम निर्माण संभव नहीं है, इसलिए नियमित रक्तदान से ही अस्पतालों में जरूरत के समय पर्याप्त रक्त उपलब्ध हो पाता है। कार्यक्रम में डॉ. बसंत नेमा, डॉ. संदीप असाटी, डॉ. अमन प्रजापति, विवेक गुप्ता, रहली सिटी से प्रवीण सोनी, अनुराग चौरसिया, श्रीराम अहिरवार सहित नर्सिंग स्टाफ, आशा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता रही। सभी के सहयोग से रक्तदान शिविर को सफल बनाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंक के अधिकारियों ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये

**पठारी,आचरण।** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। स्टेट बैंक की टीम ने मानव सेवा समिति की भोजनशाला में पहुंचकर सेवा कार्य किया। इस दौरान लगभग 20 जरूरतमंद लोगों को भोजन परोसा गया एवं ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक अविनाश परिहार, केशव देव, शिवानी चिढार शैलेंद्र चौधरी, अमित शर्मा, देवेंद्र साहू, प्रमोद साहू, प्रेस क्लब अध्यक्ष नेतराम साहू, शिव कुमार ठाकुर, राहुल सेन, बृजेश साहू, सोनू ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### कृष्ण सुदामा के प्रसंग को सुनकर भावविभोर हुए भक्त

**पठारी,आचरण।** नाग टोरिया बालाजी धाम दुघावरी मंदिर परिसर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस पंडित द्वारका प्रसाद तिवारी ने कहा कि आज इतने युगों के बाद भी दुनिया कृष्णा और सुदामा की मित्रता को याद करते हैं। कृष्ण और सुदामा का प्रेम यानी सच्चे मित्र का प्रेम धन दौलत रंग रूप और भेदभाव से परे निस्वार्थ प्रेम है। इस कथा में शामिल होने के लिए कुरवाई विधानसभा के पूर्व विधायक वीर सिंह पवार शामिल हुए और भागवत एवं श्री राम कथा वाचक पंडित द्वारका प्रसाद तिवारी के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर उन्होंने भक्त गणों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में धर्म ही श्रेष्ठ है और हम सबको धर्म किसी भी स्थिति में नहीं छोड़ना चाहिए। इस अवसर पर पदम सिंह ठाकुर भारत सिंह ठाकुर लाखन सिंह ठाकुर मनोहर सिंह भूपेंद्र सिंह ठाकुर आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### विधायक ने निर्माण कार्यों की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

**रायसेन,आचरण।** एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र-142 सांची के समग्र विकास हेतु विकास कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विधायक डॉ चौधरी ने विभागवार विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास और निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयावधि में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विधायक डॉ चौधरी ने सांची विधानसभा के समग्र विकास हेतु आगामी पांच वर्षो को दृष्टिगत रखते हुए विजन डॉक्यूमेन्ट बनाने पर भी चर्चा करते हुए प्रस्ताव बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षो के लिए वर्षवार प्राथमिकता निर्धारित करते हुए प्रस्ताव बनाएं। बैठक में विधायक डॉ चौधरी ने उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, जल संसाधन, पीएचई सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से विजन डॉक्यूमेन्ट बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम रायसेन मनीष शर्मा, एसडीएम गैरतगंज श्रीमती सरोज अग्निवंशी, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सेंट मेरी पीजी. कॉलेज में क्लोज जॉब कैंपस हुआ आयोजित

**विदिशा,आचरण।** सेंट मेरी पीजी कॉलेज में गुरुवार को नेशनल कैप्सूल फैक्ट्री, द्वारा क्लोज़ जॉब कैंपस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फैक्ट्री की ओर से विषद गौर, प्रकाश ठाकरे एवं सुरेंद्र सोमोन उपस्थित रहे। जॉब कैंपस में कॉलेज के लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों का साक्षात्कार फैक्ट्री की चयन समिति द्वारा लिया गया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत यह निर्णय लिया गया कि योग्य विद्यार्थियों को उनके प्राप्त अंकों के आधार पर कॉल करके जॉब ऑफर प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान टीम का विद्यार्थियों से परिचय प्रोफेसर दीपा राठौर द्वारा कराया गया। जॉब कैंपस का संयोजन कॉलेज के मैनेजमेंट विभाग के विभाग अध्यक्ष एवं आयोजन संयोजक डॉ. गिरीश सुर्जन द्वारा किया गया। कॉलेज प्रबंधक फादर शिंटो वर्गिस ने नेशनल कैप्सूल फैक्ट्री की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जॉब कैंपस विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने भी इस पहल को अपने भविष्य के लिए उपयोगी बताया।

### मंत्री शिवराज सिंह के बुलावे पर विदिशा आएंगे मंत्री नितिन गडकरी

**विदिशा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 17 तारीख को विदिशा के दौरे पर आएंगे। यह दौरा शिवराज सिंह चौहान के बुलावे पर प्रस्तावित है। विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि इस दौरान जिन सड़कों का निर्माण किया गया है, उनका विधिवत भूमि पूजन किया जाएगा। दौरे की तैयारियों के तहत विधायक मुकेश टंडन, एडीएम अनिल डामोर, एसडीएम क्षितिज शर्मा और एनएचएआई के अधिकारियों ने पुरानी गल्ला मंडी पहुंचकर संभावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर व्यवस्थाओं, यातायात, पार्किंग और सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन ने कहा कि कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएंगी।

### सिविल अस्पताल अभी भी हैं कई पद खाली

## बिना स्टाफ के चल रहा सिविल अस्पताल, मरीज हो रहे परेशान

आचरण संवाददाता



**रायसेन।** गैरतगंज तहसील क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का सपना दिखाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल का दर्जा तो दे दिया गया, लेकिन शासन-प्रशासन यहाँ संसाधन और स्टाफ तैनात करना भूल गया है। करोड़ों की लागत से बना नवीन भवन तो खड़ा है, लेकिन डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के अभाव में यह अस्पताल महज एक शोपीस बनकर रह गया है। पिछले वर्ष अस्पताल को 50 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल का दर्जा मिला था। इसके लिए पुराने भवन को तोड़कर भव्य नया भवन बनाया गया, लेकिन स्टाफ की भर्ती नहीं की गई। स्थिति यह है कि बीएमओ संदीप यादव के अलावा केवल एक संविदा और दो बंधपत्र चिकित्सक ही यहाँ सेवाएं दे रहे हैं। चिकित्सा अधिकारियों के 7 पद खाली हैं। इसके अलावा स्त्री रोग, सर्जरी, शिशु रोग, नेत्र रोग, दंत रोग और निश्चेतन जैसे महत्वपूर्ण विशेषज्ञों का एक भी पद भरा नहीं है। अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर (6 पद), रेडियोग्राफर, ओटी टेक्नीशियन (2 पद), और अस्पताल सहायकों (5 पद) सहित दर्जनों पद रिक्त पड़े हैं। इस भारी कमी के कारण इमरजेंसी और गंभीर बीमारियों का इलाज यहाँ संभव नहीं है। अस्पताल फिलहाल केवल सामान्य बीमारियों के उपचार तक ही सीमित है। यही स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवनगर की भी है। यहाँ एक भी चिकित्सक पदस्थ नहीं है। डॉक्टरों के 3 पद और नर्सिंग ऑफिसर के 8 पदों सहित कुल दो दर्जन से अधिक पद खाली हैं, जिससे ग्रामीण अंचल की स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं। क्षेत्रीय जनता में जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरा आक्रोश है। चुनाव के समय स्वास्थ्य सेवाओं का वादा करने वाले नेता अब मौन हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव के समय स्वास्थ्य सेवाओं का वादा किया था, लेकिन जीतने के बाद अस्पताल की सुध नहीं ली। स्थानीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के भी सभी प्रयास व्यर्थ ही साबित हुए। जिले से ही ताल्लुक रखने वाले प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का ध्यान भी अब तक गैरतगंज की इस बदहाली पर नहीं गया है। डॉ. संदीप यादव, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर गैरतगंज ने बताया कि अस्पताल में रिक्त पदों की जानकारी और उनकी पूर्ति के लिए वरिष्ठ कार्यालय को लगातार पत्र लिखे गए हैं।

## छात्रावास में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** गंजबासौदा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम उदयपुर के शासकीय आदिवासी छात्रावास की बदहाली और अधीक्षक की मनमानी के खिलाफ गुरुवार को समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर सीईओ जिला पंचायत को ज्ञापन सौंपने जिला मुख्यालय आए। ग्रामीणों ने छात्रावास अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें हटाने और दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है।ज्ञापन में माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि छात्रावास अधीक्षक अक्सर शराब का सेवन कर ड्यूटी पर आते हैं। अधीक्षक के इस अनैतिक आचरण के कारण छात्र असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधीक्षक के डर के कारण अभी तक कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं था, लेकिन अब स्थिति बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। वहीं ग्रामीणों ने छात्रावास में बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। ज्ञापन के अनुसार छात्रावास में बच्चों की वास्तविक उपस्थिति बेहद कम रहती है, लेकिन कागजों पर दर्ज संख्या के आधार पर राशन और खान-पान का फर्जी भुगतान कराया जा रहा है। सुविधाओं के नाम पर आने वाले फंड की बंदरबांट की जा रही है। अधीक्षक न तो नियमित रूप से छात्रावास आते हैं और न ही वहां साफ-सफाई की कोई व्यवस्था है। परिसर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों और बच्चों के साथ अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना आम बात हो गई है। ग्राम उदयपुर के समस्त नागरिकों ने जल्द ही इस मामले की निष्पक्ष जांच कर भ्रष्ट अधीक्षक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राम उदयपुर के ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

## सेवा भारती रायसेन द्वारा किशोरी विकास व्यक्तित्व शिविर संपन्न

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** सेवा भारती रायसेन एवं शिवगोमती जनकल्याण समिति बारला द्वारा गुरूवार को ग्राम बिलारा, माखनी एवं अमरावत ग्राम का किशोरी विकास व्यक्तित्व शिविर संपन्न हुआ। विदिशा विभाग के विभाग समन्वयक राजेश भार्गव ने किशोरी विकास की संकल्पना प्रस्तुत की। सेवा भारती मध्यभारत प्रांत की उपाध्यक्ष श्रीमती किरण शेजवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेटियां समाज की धरोहर होती है समाज में बेटियों को सम्मान मिलेगा तो निश्चित ही हमारा देश फिर से परम वैभव के पथ पर आगे बढ़ेगा।समाजसेवी नीता वाधवा ने किशोरी बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों के बारे में विस्तार से बताया अंत में स्वर्ण पदक पुरस्कार प्राप्त ताइक्वांडो की प्रशिक्षिका सुश्री शिखा गौर ने आत्मरक्षा के गुर सिखाएं जिससे किशोरी बालिकाओं में उत्साह और उमंग का संचार हुआ शिविर में 120 किशोरी बालिकाएं एवं 50 से अधिक माताएं बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में स्वच्छता किट वितरण किया गया।

## कांग्रेस की किसान जन आंदोलन यात्रा का किया गया शुभारंभ

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान निर्देशानुसार संपूर्ण मध्य प्रदेश में किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को किसान कांग्रेस विदिशा के नेतृत्व में शमशाबाद विधानसभा के उप ब्लॉक देवखजुरी में भैरोंबाबा महाराज मंदिर में पूजन कर प्रारम्भ हुई जो कि ग्राम देवखजुरी, दीताखेड़ी, अमऊखेड़ी, कोलिंजा, अंडिया परसौरा, सुरई मूडरा से होते हुए ग्राम हिनोतिया में सम्पन्न हुई। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य किसानों की प्रमुख मांगे हैं जिनमें मुख्य रूप से गेहूं के समर्थन मूल्य 4000 प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य 4000 प्रति क्विंटल, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 प्रति क्विंटल, मक्का की समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी, नक़ली बीज व खाद बेचने वालों पर कठोर कार्यवाही, खाद पर्याप्त मात्रा में और समय पर उपलब्ध हो, भूमि अधिग्रहण क़ानून में बाज़ार मूल्य का चार गुना मुआवजा, लैंड पुलिंग एक्ट समाप्त किया जाए, बिजली विभाग द्वारा किसानों पर बनाए गए झूठे प्रकरण रद्द किए जाएं एवं जंगली जानवरों एवं आवारा मवेशियों द्वारा किसानों की फसल खराब होती है उन्हें मुआवजा राशि दी जाए। इन सभी मांगों को लेकर किसान कांग्रेस विदिशा ग्रामीणों के बीच पहुंचीं। जहां किसानों से उनकी समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का भरोसा भी दिलाया विनीत ने बताया कि हम किसानों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन किसानों को भी अपने हक के लिए साथ आना जरूरी है चौपालों और नुक्कड़ सभाओं में किसानों से बात कर उनको मंडी एक्ट, सहित उनके अधिकारों के प्रति जागरुक भी किया। यात्रा में विशेष रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य चेतन विक्रम सिंह ,निरंजन सिंह यादव, लक्ष्मण सिंह, यात्रा प्रभारी रमेश तिवारी, विधानसभा अध्यक्ष राम सेवक रघुवंशी,अनुज यादव, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र दांगी, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल दुबे, वरिष्ठ नेता राजेश दुबे, जिला निर्वाचन प्रभारी अंकुर गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्षगण शरद शर्मा, सोनू यादव, सोनू रघुवंशी, राजीव दांगी, गोविंद राजपूत, रघुवीर दीक्षित, राज नारायण शर्मा, संतोष कुशवाह आदि मौजूद थे।

## पुलिस प्रशासन और युवाओं की तत्परता ने बचाई सड़क हादसे में चालक की जान

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** गैरतगंज नगर वार्ड क्रमांक 14 गेहूरास मार्ग पर बुधवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ घाना पुलिया के पास एक आयशर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रक चालक केबिन के मलबे में बुरी तरह फंस गया, जिसे करीब दो घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। जानकारी के अनुसार, आयशर ट्रक गैरतगंज से गेहूरास चुरक्का की ओर जा रहा था। रात करीब 11 बजे घाना पुलिया के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रक पलट गया। ट्रक में भारी-भरकम जनरेटर मशीन लदी हुई थी, जिसके वजन के कारण ट्रक का केबिन पूरी तरह पिचक गया और चालक पवन लोधी (25 वर्ष) उसी में फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। चालक को निकालने के लिए प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रक को उठाने और केबिन को सीधा करने के लिए हाइड्रा और जेसीबी मशीनों को मौके पर बुलाया गया। वही जब सामान्य तरीके से चालक को निकालना मुमकिन नहीं हुआ, तो गैस कटर की मदद से ट्रक के अगले हिस्से को काटा गया।पुलिस और आमजनों के साझा प्रयासों से करीब 2 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद चालक को सकुशल बाहर निकाला गया।

## कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल लेपर्ड्स ने प्रयागराज को रोमांचक मुकाबले में हराया

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर कनारा ग्राउंड पर खेली जा रही प्रतिष्ठित 56 वीं कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता का पांचवां दिन बेहद रोमांचक रहा। गुरुवार का मुकाबला भोपाल लेपर्ड्स और प्रयागराज के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेंद्र भंडारी और बलबीर रघुवंशी ने किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में क्षितिज गौतम और पवन चतुर्वेदी उपस्थित रहे। मैच की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। भोपाल लेपर्ड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो सही साबित हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज की टीम 19.2 ओवरों में 153 रनों पर ऑल आउट हो गई। प्रयागराज की ओर से अभिषेक सिंह ने शानदार अर्धशतक जमाते हुए 37 गेंदों में 52 रन बनाए। उनके अलावा अभिषेक यादव ने 38 रन, प्रमोद ने 14 रन और ध्रुव ने 13 रनों का योगदान दिया। भोपाल लेपर्ड्स की गेंदबाजी कसी हुई रही। कमल त्रिपाठी ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए, जबकि सार्थक, सत्यम और आदित्य ने 2-2 विकेट हासिल कर प्रयागराज को बड़े स्कोर से रोका। 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल लेपर्ड्स और प्रयागराज के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। गौतम रघुवंशी ने एक छोर संभाले रखा और 79 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। उनका साथ अतुल कुशवाहा ने 21 रन बनाकर दिया।

## रायसेन की जल सखियां परखेंगी पानी की शुद्धता

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** शहर के नागरिकों को अब शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका ने एक अनूठी पहल शुरू की है। अब सरकारी तंत्र के साथ-साथ शहर की महिलाएं भी घर-घर जाकर पानी की शुद्धता की जांच करेंगी। इस मुहिम के तहत सांची मार्ग स्थित नगर पालिका कार्यालय के सभा कक्ष में 'अमृत 2.0' योजना के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यशाला में शहर के विभिन्न वार्डो से आई स्व-सहायता समूह की महिलाओं और पेयजल सप्लाई व्यवस्था से जुड़े लाइनमैनों ने हिस्सा लिया। सिटी मिशन मैनेजर रानी तिवारी की उपस्थिति में पीएचई विभाग के विशेषज्ञों ने महिलाओं को पानी की जांच करने की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने महिलाओं को बताया कि किस प्रकार 'फील्ड टेस्टिंग किट' का उपयोग करके पानी में मौजूद अशुद्धियों का पता लगाया जा सकता है। महिलाओं को सिखाया गया कि पानी में फ्लोराइड और नाइट्रेट की मात्रा बैक्टीरिया का स्तर पीएच मान और क्लोरीनीकरण की स्थिति इन सभी मानकों की जांच अब महिलाएं सीधे वार्ड स्तर पर कर सकेंगी। यदि किसी क्षेत्र में पानी की गुणवत्ता मानक स्तर से कम पाई जाती है, तो इसकी रिपोर्ट तुरंत नगर पालिका को दी जाएगी ताकि समय रहते सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। उल्लेखनीय है कि अमृत 2.0 मिशन के तहत सरकार का लक्ष्य हर घर तक न केवल पानी पहुंचाना है, बल्कि वह पानी पीने योग्य भी हो, यह सुनिश्चित करना है। सिटी मिशन मैनेजर ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में महिलाओं की टोली बनाई जाएगी। ये महिलाएं न केवल पानी की जांच करेंगी, बल्कि नागरिकों को जल संरक्षण और दूषित पानी से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक भी करेंगी।इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान नगर पालिका के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## रघुवंशी समाज का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** रघुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि विगत दिनों सिरोंज में आयोजित कार्यक्रम में दीपक बोद्ध द्वारा भगवान श्रीराम और माता सीता पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में रघुवंशी समाज में बहुत ही रोष है। जिसके चलते गुरुवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं एसपी रोहित काशवानी से एक प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा की। इस दौरान कहर गसर कि आरोपी को शीघ्र-अतिशीघ्र गिरफ्तार कर उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा क़ानून लगाया जाए, रघुवंशी समाज में आक्रोश होने के कारण कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इसलिए प्रशासन से उसकी शीघ्र-अतिशीघ्र गिरफ्तारी की माँग की है। प्रतिनिधि मंडल में जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, मोहरसिंह, गुलाब सिंह सरपंच, विजय सिंह खेरुआ, रणधीर सिंह हिनौतिया शामिल रहे।

### पहल | स्वर्णप्राशन दवा पचास हजार छह सौ बच्चों ने पी

## हजारों बच्चों को पिलाई गई स्वर्णप्राशन की दवा

आचरण संवाददाता



**विदिशा।** 8 जनवरी का शुभ दिन विदिशा नगर के लिये एक ऐतिहासिक दिन बन गया। जब यहां पर सकल दि. जैन समाज के लगभग पांच सौ से ऊपर कार्यकर्ताओं ने नगर के समस्त 139 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में तथा 140 आंगनवाड़ी में जाकर आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज के आशीर्वाद की दो बूंद स्वर्णप्राशन की पिलाई। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया इस कार्य में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 3 जनवरी को औपचारिक शुरुआत की थी जिसमें स्थानीय विधायक मुकेश टंडन एवं जिला कलेक्टर अंशुल.गुप्ता मुख्य कार्यपालक अधिकारी ओ. पी. सनौडिया जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव सहित महिला बाल विकास अधिकारी विनीता कांसवा के विशेष सहयोग से सभी स्कूलों में उत्साह पूर्ण माहौल रहा सभी स्कूलों में प्रातःकाल से ही टीम पहुंच चुकी थी एवं अपने कर्तव्य का निर्वाहन कर रही थी।इधर माधवगंज पर कांच मंदिर के पास बने विशेष पांडाल में निर्यापक मुनि श्री संभवसागर महाराज, मुनि श्री निस्सीम सागर महाराज मुनि श्री संस्कार सागर महाराज के आशीर्वाद के उपरांत सभी बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाने का कार्य प्रारंभ किया गया। विदिशा नगर में शीतलहर होने से नर्सरी से कक्षा पांच तक के बच्चों का शासकीय अवकाश घोषित किया गया था इसके वाबजूद भी सभी स्कूलों में इन बच्चों को उनके पालक गण स्वंय लेकर आये और उन्होंने स्वर्णप्राशन को पिलाया। आज पुख्य नक्षत्र में गुरुवार का दिन था, इसलिये सभी स्कूलों में गुरुदेव की आज्ञा से एक साथ प्रारंभ किया गया जिसमें नर्सरी से पांचवीं तक के छोटे बच्चों के अभिभावक स्वयं अपने बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाने के लिये माधवगंज चौक पर भी आये एवं सभी स्कूलों में भी बच्चों को यह स्वर्णप्राशन की दवा निःशुल्क पिलाने का कार्य जारी रहा। सबसे बड़ी बात देखने आई कि इस दवा को आचार्य गुरुदेव का आशीर्वाद मानकर जाति धर्म से परे हटकर उनके पेरेंटस ने बच्चों को यह दवा पिलाई। आशी वैद्य ने बताया कि यह औषधि स्वस्थ्य बच्चों को यदि प्रत्येक माह में एक बार पिला दी जाये तो बच्चे निरोग बने रहते है उनके अंदर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा वह मौसमी बीमारियों से बचे रहते है। इस अवसर पर मुनि श्री ने सभी कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद दिया और कहा कि यह कार्य गुरुदेव के आशीर्वाद से ही सफल हुआ है।इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन,एस.डी.एम एवं महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमति विनीता कांसवा ने आचार्य श्री के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की संयोजना में श्रीमति ममता जैन,न्यू जैन हायर सेकेन्ड्री स्कूल, रियाजैन सी.ए तथा नेहा जैन सी. ए ने महत्वपूर्ण भूमीका निभाई एवं संचालन मुकेश जैन बड़ाघर ने किया इसके साथ साथ नगर के समस्त महिलामंडलों एवं समग्र पाठशाला समिति से जुड़ी समस्त शिक्षक एवं शिक्षकाओं एवं मुनि सेवक समिति के सभी सदस्यों ने सभी स्कूलों में जाकर स्कूल प्रवंधन से मिलकर के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना योगदान दिया।

## विकसित भारत रोजगार और आजीविका बिल पर ग्रामीण संगोष्ठी का आयोजन

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायसेन द्वारा औबेदुल्लागंज वि.खण्ड के ग्राम उमरावगंज में विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन बिल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख, डॉ. स्वप्निल दुबे, वैज्ञानिक रंजीत सिंह राघव, आलोक कुमार सूर्यवंशी , जन प्रतिनिधि सरपंच विनोद धुर्वे, उन्नत कृषक रघुवीर पटेल प्रमुखरूप से उपस्थित थे।जागरूकता कार्यक्रम में कृषकों व महिला कृषकों को सम्बोधित करते हुये डॉ. स्वप्निल दुबे ने कहा कि इस बिल का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों के लिये रोजगार और आय सुरक्षा बढ़ाना, ग्रामीण बुनियादी ढांचों का विकास और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण है। इस बिल के अंतर्गत प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिन रोजगार की गारंटी एवं हर हफ्ते मजदूरी का प्रावधान है एवं देरी होने पर बेरोजगारी भत्ता भी दिया जायेगा। इस बिल में केन्द्र सरकार की 60 प्रतिशत और राज्य सरकार की 40 प्रतिशत भागीदारी होने व फसलों की बुवाई एवं कटाई के समय मजदूर उपलब्ध कराने का प्रावधान है।रंजीत सिंह राघव द्वारा बिल में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों जैसे जल संरक्षण कार्य, वाटर शेड सम्बन्धी कार्य, ग्रामीण सड़क, सार्वजनिक भवन, आवास कार्य, आजीविकासंबंधी, अवसंरचनाओं सम्बन्धी कार्य की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।आलोक कुमार सूर्यवंशी द्वारा प्राकृतिक खेती व जैविक खेती की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान कृषकों को रबी फसलों में समसामयिक जानकारी भी दी गयी। फसल विविधीकरण के अंतर्गत गेहूं, चना फसल के अलावा सरसों, धनिया, लहसुन, कलौंजी, अश्वगंधा, आम, अरूद व नींबू का फलदार बगीचा लगाने की सलाह दी गयी। मसूर व सरसों की फसल में रसचूसक कीट माहू के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल मात्रा 250 मिली प्रति हैक्टेयर व चना में छोटी इल्ली के नियंत्रण के लिए प्रोफेनोफॉस . साइपरमेथ्रिन 44 ई.सी. मात्रा 1.25 लीटर प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करने की सलाह दी गयी।गेहूं में अधिकांश जगह जड़ माहू के कारण पीलेपन की समस्या आ रही है। इसके नियंत्रण के लिए क्लोरपाइरीफॉस का उपयोग करना चाहिए।

## गूगल पे ने डिजिटल क्रेडिट कार्ड किया लॉन्च

नई दिल्ली, मोबाइल से पेमेंट करना अब और भी स्मार्ट होने वाला है। गूगल पे और एक्सिस बैंक ने मिलकर ऐसा क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है, जिसके बाद आपको न पर्स रखने की जरूरत होगी, न कार्ड रखने की झंझट। इस कार्ड का नाम है गूगल पे फ्लेक्स एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड। यह कार्ड पूरी तरह डिजिटल है और सीधे यूपीआई से जुड़ा हुआ है। मतलब, जिस ऐप से आप रोज चाय से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग तक का पेमेंट करते हैं, उसी में अब क्रेडिट कार्ड भी मिलेगा। कुछ मिनटों में मिलने वाला यह फ्री कार्ड न सिर्फ आसान पेमेंट का अनुभव देता है, बल्कि हर खर्च पर रिवॉर्ड भी देता है। डिजिटल इंडिया की इस नई पेशकश ने क्रेडिट कार्ड को सच में 'जेब से बाहर' निकाल दिया है।

ये कार्ड रुपे नेटवर्क पर काम करता है और क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल को यूपीआई पेमेंट के साथ जोड़ता है। पूरा कार्ड गूगल पे ऐप में ही एम्बेडेड है, जो यूजर्स के लिए काफी आसान है। एक्सिस बैंक की इस पार्टनरशिप से गूगल पे यूजर्स को ये कार्ड बिल्कुल फ्री में मिलता है। अप्लाई करने के कुछ मिनटों में ही कार्ड मिल जाता है और बिना किसी फिजिकल पेपरवर्क के ट्रांजेक्शन शुरू हो जाते हैं। रुपे नेटवर्क वाले सभी ऑफलाइन दुकानों और ऑनलाइन ऐप्स पर इससे पेमेंट किया जा सकता है। इस कार्ड की सबसे खास बात है इसका रिवार्ड सिस्टम। हर ट्रांजेक्शन पर 'स्टार्स' नाम के रिवार्ड पॉइंट्स मिलते हैं, जहां एक स्टार की कीमत एक रुपया होती है। ये स्टार्स तुरंत रिडीम किए जा सकते हैं। गूगल पे ऐप में ही यूजर्स अपना क्रेडिट कार्ड स्पेंडिंग ट्रैक कर सकते हैं, बिल पूरा भर सकते हैं या बाकी रकम को आसान EMI में बदल सकते हैं। ऐप के कार्ड सेक्शन में ब्लॉक-अनब्लॉक करने का ऑप्शन है, साथ ही पिन रीसेट करने की सुविधा भी है। एक्सिस बैंक की कार्ड्स, पेमेंट्स और वेल्थ मैनेजमेंट हेड अर्निका दीक्षित ने न्यूज वेबसाइट टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, यूपीआई अब पेमेंट का सबसे पसंदीदा तरीका बन गया है, इसलिए हमने डिजिटल-फर्स्ट कस्टमर्स के लिए ऐसा क्रेडिट ऑफरिंग बनाने का मौका देखा।

उन्होंने कहा कि गूगल पे ऐप में पूरी तरह जुड़ा ये कार्ड सिक्योर, सुविधाजनक और रिवार्डिंग अनुभव देता है, जो आज की भारतीय



लाइफस्टाइल से बिल्कुल मैच करता है। गूगल पे के प्रोडक्ट मैनेजमेंट सीनियर डायरेक्टर शरत बुलुसु के मुताबिक, एक्सिस बैंक के साथ ये पार्टनरशिप और रुपे नेटवर्क पर यूपीआई लिंक्ड क्रेडिट कार्ड यूजर्स को रोजमर्रा के ट्रांजेक्शन पर ज्यादा कंट्रोल देगा। बुलुसु ने कहा, भारत में डिजिटल पेमेंट तो हर जगह हो गए हैं, लेकिन ट्रांजेक्शनल क्रेडिट अभी कम इस्तेमाल होता है। हमने फ्लेक्स इसी गैप को भरने के लिए बनाया, ताकि नई जेनरेशन के यूजर्स के लिए कार्ड का अनुभव आसान और नया हो।

NPCI की ग्रोथ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सोहिनी राजोला ने कहा, हम कस्टमर्स को भरोसेमंद और आसान डिजिटल पेमेंट अनुभव देने के लिए कमिटेड हैं, और गूगल पे फ्लेक्स एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड इसी मिशन को आगे बढ़ाता है, रोज के पेमेंट को और स्मार्ट बनाकर।

फिलहाल यूजर्स गूगल पे ऐप से इस क्रेडिट कार्ड के लिए वेटलिस्ट जॉइन कर सकते हैं। दोनों कंपनियां कार्ड की पूरी उपलब्धता 2026 की शुरुआत में करने की प्लानिंग कर रही हैं।

## सोने की कीमतों में गिरावट, चांदी में तेजी

नई दिल्ली, सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत गुरुवार को घरेलू बाजार में कमजोरी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना करीब 1,37,750 रुपये जबकि चांदी 2,50,400 रुपये के आसपास कारोबार कर रही थी। निवेशक वैश्विक संकेतों और डॉलर में उतार-चढ़ाव पर नजर बनाए हुए हैं। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट गुरुवार को 13 रुपये की गिरावट के साथ 1,37,996 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछला बंद भाव 1,38,009 रुपये था। शुरुआती कारोबार के दौरान इसमें और दबाव देखने को मिला और यह 251 रुपये टूटकर 1,37,758 रुपये तक फिसल गया। दिन के कारोबार में सोने ने 1,37,996 रुपये का उच्च और 1,37,522 रुपये का निचला स्तर छुआ। गौरतलब है कि पिछले साल सोना 1,40,465 रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर तक पहुंचा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का मार्च कॉन्ट्रैक्ट 436 रुपये की बढ़त के साथ 2,51,041 रुपये प्रति किलो पर खुला। हालांकि शुरुआती तेजी ज्यादा देर टिक नहीं पाई और बाद में यह 184 रुपये की गिरावट के साथ 2,50,421 रुपये पर कारोबार कर रही थी। दिन के दौरान चांदी ने 2,51,889 रुपये का उच्च और 2,50,286 रुपये का निचला स्तर देखा। इस साल चांदी 2,59,692 रुपये प्रति किलो के उच्च स्तर तक पहुंच चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी में मिला-जुला रुख रहा। कॉमेक्स पर सोना




4,467.10 डॉलर प्रति औंस पर खुला, लेकिन बाद में 11.20 डॉलर की गिरावट के साथ 4,451.30 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इस साल सोने ने 4,584 डॉलर प्रति औंस का उच्च स्तर छुआ है। वहीं कॉमेक्स पर चांदी 77.96 डॉलर प्रति औंस पर खुलकर 0.30 डॉलर की तेजी के साथ 77.91 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

## कोयला खदानों पर सीमा शुल्क हटाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, केंद्र सरकार ने निजी इस्तेमाल वाली कैप्टिव खदानों से उत्पादित कोयले और लिग्नाइट की बिक्री पर मौजूदा 50 फीसदी की सीमा को हटाने का प्रस्ताव दिया है। इस कदम का मकसद जमा स्टॉक को खत्म करना और बाजार में खनिज की उपलब्धता बढ़ाना है।

यह कोयला मंत्रालय द्वारा खान और खनिज विकास एवं विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम में संशोधनों के माध्यम से सुधार की दिशा में उठाए जा रहे कदम का हिस्सा है।

मौजूदा प्रावधानों के तहत निजी जरूरत वाले खदान संचालकों को अपने संयंत्रों में इस्तेमाल की जरूरतों को पूरा करने के बाद अपने वार्षिक कोयले या लिग्नाइट के उत्पादन का केवल 50 फीसदी तक बेचने की अनुमति है।

घरेलू उद्योग और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों ने बताया है कि निकाले गए खनिज का आधे से ज्यादा हिस्सा इस्तेमाल नहीं हो पाता है, जिससे खदान स्थलों पर बड़े पैमाने पर पुराना माल जमा हो जाता है। इस स्टॉक से पर्यावरण और सुरक्षा संबंधी जोखिम पैदा होते हैं। साथ ही खासकर छोटी खदानों में इस स्टॉक की वजह से जगह फंसी रहती है। मंत्रालय ने एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2025 के तहत ऐसे पुराने स्टॉक को खुले बाजार में बेचने की अनुमति देने के लिए सीमा हटाने का प्रस्ताव दिया है। गैर कोयला खनिजों के मामले में यह नियम पहले से लागू है, उसी के अनुरूप संशोधन का प्रस्ताव है। प्रस्तावित संशोधनों का मकसद सरकारी कंपनियों और निगमों को लचीलापन प्रदान करना है, जहां लॉजिस्टिक्स या बुनियादी ढांचे की कमी के कारण कैप्टिव खदानों से उत्पादित कोयला या लिग्नाइट इनसे जुड़े अंतिम उपयोग वाले संयंत्र को आपूर्ति नहीं की जा सकती है।

मंत्रालय ने कहा, 'ऐसे खनिजों की बिक्री से जिला खनिज फाउंडेशन और राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट को मिलने वाली रॉयल्टी आनुपातिक रूप से बढ़ सकती है। इससे खनिज वाले राज्यों की वित्तीय स्थिति मजबूत हो सकती है।'

इसमें कहा गया है कि प्रस्तावित संशोधन से न केवल आपूर्ति बढ़ेगी और किल्लत दूर होगी, बल्कि कीमतों को स्थिर करने और औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा संबंधी जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिल सकती है। इससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर



निर्भरता कम होगी। मंत्रालय ने एमएमडीआर अधिनियम के तहत कोयला गैसीकरण को खनन कार्य के हिस्से के रूप में मान्यता देने का भी प्रस्ताव दिया है।

यह संशोधन खनन कार्यों की परिभाषा में कोयला या लिग्नाइट को गैस में बदलने को स्पष्ट रूप से शामिल करेगा, जिससे कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के लिए नियामकीय स्पष्टता बेहतर होगी।

एक अन्य प्रस्ताव में इस अधिनियम की धारा 6 के तहत संभावित लाइसेंस एवं खनन पट्टों के लिए अधिकतम क्षेत्र सीमाओं की समीक्षा करना शामिल है।

इस कानून का मौजूदा प्रावधान संभावित लाइसेंस के लिए 25 वर्ग किलोमीटर और खनन पट्टों के लिए 10 वर्ग किलोमीटर की सीमा तय करता है।

## टाइटन लैब में तैयार हीरों के साथ बाजार में करेगी प्रवेश

नई दिल्ली, टाइटन ने हाल ही में घोषणा की कि वह अपने नए ब्रांड बीयॉन के माध्यम से लैब में तैयार किए गए हीरों के क्षेत्र में कदम रख रहा है।

कंपनी का उद्देश्य इस नए ब्रांड के साथ शीर्ष स्थान हासिल करना है।

टाइटन के एक अधिकारी ने निवेशक कॉल के दौरान कहा कि शुरुआत में 5 से 10 स्टोर खोले जाएंगे ताकि लागत और लाभ का सटीक आंकलन किया जा सके। प्रारंभिक स्टोर केवल महानगरों में खुलेंगे, लेकिन कंपनी इसे धीरे-धीरे अन्य शहरों में भी ले जाने की योजना बना रही है।

उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया कंपनी को समझने में मदद करेगी कि हर उत्पाद बनाने और बेचने में कितना खर्च आता है और कुल कमाई कितनी होती है।

हालांकि वर्तमान में लैब में तैयार हीरों का बाजार कुल डायमंड बाजार का केवल 2 फीसदी से भी कम है, इसके बढ़ने की संभावना है।

टाइटन इसे नई वृद्धि की संभावना के रूप में देख रहा है। साथ ही, कंपनी अपने मौजूदा हीरे के ब्रांड (तनिष्क, मिया, कैरटलेन, जोया) में निवेश जारी रखेगी।

## किशमिश व काजू में मिठास


***सागर, 8 जनवरी। स्थानीय थोक बाजार में आज किशमिश में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। बादाम बिजी में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। खोपरा बूरा 10 रुपये तेज रहा। मखाना में 8 रुपये की तेजी दर्ज की गई। काजू में 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। धनिया 6 रुपये बढ़कर बोली गई। हल्दी में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। जीरा में 8 रुपये की तेजी दर्ज की गई। हरी इलायची में 20 रुपये की तेजी दर्ज की गई। डौंडा इलायची में 15 रुपये की तेजी दर्ज की गई। तरबूज मगज 10 रुपये तेज रहा। मूंगफली में 2 रुपये की तेजी दर्ज की गई। शक्कर, गुड़, दालों व अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।***

**हल्दी** लाल किला 180, लाल गाय 190 हरी गाय 110, निजामाबाद काड़ी 160 गठौना 150, टुकड़ी 110 **जीरा** सार्थी 270 शिव पार्वती 275 माधुरी 270 खुशबू 270 **खरजीरा** 368 हालैंड चालू 120-190 **स्याह जीरा** असली 554 **सोया सौंफ** 220, **सौंफ मोटी** 350-370, कमल पाकीजा 350 बारीक वी आई पी 350-380 बड़वानी 350-370 **धनिया** दाल 75-80, मीडियम बेस्ट 100-105, बेस्ट ग्रीन 110-130 **खोपरा बूरा** गुरू 310, खुशबू 310, **गरी गोला** 325-475 **सौंठ** पालिश 475, चायना 485, कोरी सिरसी 490 कोचीन 490 **काली मिर्च** 685-735 **काली पीपर** 600 **लाल मिर्च** 334 नं.-150-175, तेजा 185-225 फटकी 90-100, **अजवाइन** चालू 120 कलश 130 दीपक 135 ओम ब्रांड 140 **मैथी** चालू 6500, दीपक 6800, गुलाब 6600, फेफड़ा 7000 **राई** 85 राई दाल 90 **खसखस** देशी 1800, तुर्की 2000 **सींग दाना (मूंगफली दाना)** गुजरात बोल्ड 130, सोनचिड़िया 120, राजधानी 140, बड़ा भाई 135 **रामदाना** 7000-7300 रुपए **साबूदाना** मोतीदाना 6000-7000, वरलक्ष्मी 8000-8500 **काजू** 180 नं.- 9100, 190 नं.- 9100, 320 नं.- 11100, ए एम पोनिया 9500, एस एम पोनिया 9600 **किशमिश** मीडियम चालू 450 बेस्ट 460-470 रुपए **मुनक्का** 950-1225 **पिस्ता** हरा



2200, नमकीन पिस्ता 2200-साधा पिस्ता 2000 रुपए **अखरोट** 1025-1050 **खारक** 350-370 चालू 340, मीडियम बेस्ट 400, स्पेशल 410 **मखाना** नया 1070, सूर्या नया 1220, ओम ब्रांड नया 1270-1370 **बादाम गिरी** आस्ट्रेलियन 650, अमरीकन 850, पूजा बादाम 400 **बादाम बिजी** 785-835 **अचार चिरौंजी** चालू 1975, बेस्ट 2175, **अंजीर** 1350-1450, **सुपाड़ी नई** 605, डबल रमेश 620 अंटा 655, पूजा 465 रुपए **कत्था** बेलगाम 675-1325 **लौंग** जंजीबार बंद 930, खुली 1050, मेडागास्कर बंद 1060, **बड़ी इलायची (डौंडा)** 1900-1980 **पिपरमेंट** मोटा 1340 बारीक 1440 **हरी इलायची** फटोर 3425-3525, बैल मार्का 3625 **राजगिरा देशी** 75, गुजरात आनंद 85, नाडियाद 75 **सिंघाड़ा** साबुत 233, टुकड़ी 118 **सुहागा** 60-78 **तरबूज मगज** 595-695, **बादाम फूल** टुकड़ी 690 **बाद्यान्य फूल** 1070 **इसबगोल भूसी** 950 **रतनजोत** 275 **जायफल** 700-720 **दालचीनी** 380-390 **जायपत्री** लाल 2500, पीली 2300 **छबीला** 445-465 **हरा मटर** 5150 **सफेद मटर** 6150, पालिस लोकल 5700, विदेशी 6900, **काबुली चना** चालू 100-110 **राजमा** सफेद 3800, लाल 4000 **इमली** 80, **खड़ा अमचूर** 175-200, **टाटरी**-200, **मीठा सोडा** - 35, **आरारोट** - 400 **सफेद तिली** लोकल 190 धुली सफेद तिली 195 ऊंझा सफेद तिली 195-200 **काली तिली** चालू 100, **पीपरा** 420 **कलौंजी** 120, **तोमर बीज**- 500, कपूर हंस 1400, सरस्वती 1430, **गुड़ करेली** 4000-4500 बाल्टी स्पेशल 5000 रु. **शक्कर एम तीस** 4400 से 4450 **एस तीस** 4350 से 4400।

## वर्ग पहेली क्रमांक - 2297



**बायें से दायें**
1. इस देश को पूरी दुनिया में पिस्ता की राजधानी कहते है-3
4. यह इकलौता ऐसा खाद्य पदार्थ है जो कि हजारों सालों तक बिल्कुल खराब नहीं होता-3
7. सांस लेने व छोड़ने की जैविक क्रिया-3
8. तेजस्वी, स्फूर्त, ऊर्जा से युक्त-4
10. पुरानी फिल्मों के दिवंगत गीतकार (आरंभिक नाम)-3
12. वे उर्वरक पदार्थ जो खेत को उपजाऊ बनाते है-2
13. उतावलापन, बेसबरापन-4
15. सघन, अविरल-2
16. जो मालूम हो-2
17. लेखा-चिट्ठा, गणना, स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट-3
19. किसी वस्तु के निर्माण में लगा व्यय-3
21. लालू यादव वाली राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम-3
23. हजरत, श्रीमान, महोदय, महाशय-3
24. जीवन, जिंदगी-3
25. चंचल, चुलबुला, चुहलबाज-4

**ऊपर से नीचे**
1. धर्म आदेश, वेद वाक्य, धर्मादेश-5
2. गोपों की प्राचीन क्रीड़ा, लगाम-2
3. ननिहाल, नाना का घर-4
4. शिष्टता, विवेक, सभ्यीकरण-3
5. हानि, नुकसान, क्षति-2
6. औषधालय, चिकित्सालय, हॉस्पिटल-4
9. नदी का पुल्लिंग-2
11. उन्नति-अवनति, कल्याण-अकल्याण-4
14. शब्दों और वर्णों का रुक-रुककर या अस्पष्ट उच्चारण करना-4
15. चिंता, अधीरता-5
18. निकृष्टतर, किसी की अपेक्षा और भी बुरा-4
20. अमानत में खयानत-3
22. इस अभिनेत्री की पहली फिल्म सरगम थी-2
23. व्यक्ति, समाज-2

**वर्ग पहेली क्र. 2296 का उत्तर**



## भविष्यफल

**मेष** — व्यय, बाधा, स्वभाव में उद्विग्नता, दुःख तथा कष्टप्रद स्थिति बनेगी, धैर्य रखें।

**वृष** — योजनायें पूर्ण होंगी, धन का व्यय, व्यवसायिक लाभ होगा, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

**मिथुन** — किसी आरोप से बचें, कार्यगति मंद रहेगी, क्लेश व अशांति का वातावरण रहेगा।

**कर्क** — इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, कार्यगति में सुधार होगा, चिन्ता कम होगी।

**सिंह** — मनोबल उत्साववर्धक होगा, कार्यगति में सुधार होगा, लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या** — सामर्थ्य और धन अस्त-व्यस्त होगा, सतर्कता से कार्य अवश्य ही निपटा लें।

**तुला** — मान-प्रतिष्ठा, सुख के साधन बनेंगे, स्त्री वर्ग से सुख और शांति अवश्य होगी।

**वृश्चिक** — अग्नि, चोटादि का भय, व्यर्थ भ्रमण व धन का व्यय होगा, बनते कार्य रुकेंगे।

**धनु** — तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, विद्वेश तथा भय बना ही रहेगा।

**मकर** — विवादग्रस्त होने से बचिये, तनाव, अशांति, मानसिक क्लेश रहेगा।

**कुंभ** — धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष, इष्ट मित्र सुखवर्धक अवश्य होगा।

**मीन** — भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति, दिन उत्साह से बीतेगा, मनोवृत्ति उत्तम बनेगी ध्यान दें।

## तेल व तेल प्लांटों के भाव यथावत

**सागर, 8 जनवरी। स्थानीय तेल बाजार में आज तेलों में नरमी दर्ज की गई। इंदौर इटारसी, भोपाल व विदिशा लाइन के प्लांट 1290 रुपये प्रति दस किलो बोले गए। जो यथावत बने रहे। अमूल 9600/- नोवा 8400/- अरिहन्त 8000/- मूंगफली तेल प्रीमियो जार 2200/- फार्चून रिफाइन-1920 फिल्टर- 1950 पूजाब्राण्ड 1860/- विपुल 1800/- रायल टच (15 लीटर जार) 2020/- टीन 2270/- हेरिटेज (15 किलो) 2120/- धारा (15 लीटर) 2250/- गोपाल 1820/- सनफ्लावर महाकोष 2020/- सनफ्लावर नेचुरल 1820/- सनरिच 0000/- गुडलाईट 1910/- सृष्टि 1820/- प्रेस्टीज 2120/- पामोलीन रुचि 1670/- सोयाबीन तेल फार्चून ब्राण्ड (15 लीटर जार) 2120/- फार्चून (15 किलो) 2210/- कलश (15 लीटर) 1920/- खानपान (15 किलो) 1920/- (15 लीटर) 1920/- रुचि स्टार (15 लीटर टीन) 1920/- मालती**



**1880/- शंख टीन 2120/- शंख 15 किलो जार-2170/- शंख 15 किलो लीटर-2020/- शंख (5 लीटर कुप्पी) 680/- योगी 1650/- स्वयं 1670/- महाकोष 2170/- कृति (15 किलो जार) 2270/- कृति (15 लीटर जार) 2170/- सिक्का 1980/- सरसों तेल कोल्हू ब्राण्ड 1600/- स्वीकार 1550/- मुरली- 1500/- टेलीफोन- 1500/- सेहत ब्राण्ड 1400/- सिक्का ब्राण्ड 1300/- फार्चून नारियल तेल निखार (15 लीटर) 1800/- कुप्पी 550/- रुचि नं. 1 - 900/- नेचुरल 1000/- रुचि स्टार 1000/- सुमन 950/- रथ 1150/- सनफ्लावर वनस्पति- 1400/।**

### प्लांट तेल भाव

| | | |
|---|---|---|
| इटारसी | 1290 | प्रति 10 कि. |
| नरसिंहपुर | 000 | प्रति 10 कि. |
| बैतूल | 000 | प्रति 10 कि. |
| गाडरवारा | 000 | प्रति 10 कि. |
| भोपाल | 1290 | प्रति 10 कि. |
| इंदौर | 1290 | प्रति 10 कि. |
| विदिशा | 1290 | प्रति 10 कि. |

### दाल बाजार भाव

**दालें प्रति क्विंटल चना दाल चालू 6000-7000, स्पेशल- 7500, मसूर दाल रोल-5000-5200 अरहर दाल (सफेद पटका)- 9000, अरहर (सफेद रोल)- 9000-9500, अरहर (लाल रोल) 9000- 9500, (लाल पटका) 10000 अरहर (स्पेशल) 10500 मूंग छिलका 9200 - 9500, मूंग धोवा 10000 - 11000 उड़द छिल्का- 10000 - 10500, उड़द धोवा- 11000 - 11500, उड़द व्ही.आई.पी. - 12000, तेवरा - 0000 मटर दाल- 4500-4800**

### सब्जी बाजार

| | | |
|---|---|---|
| आलू नया | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| बरबटी | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| प्याज | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| टमाटर | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |
| लहसुन | 60 से 80 | रु. प्रति किलो |
| अदरक | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| फूल गोभी | 10 से 15 | रु. प्रति नग |
| लौंकी | 10 से 20 | रु. प्रति किलो |
| शिमला मिर्च | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |
| ककड़ी | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| हरी मिर्च | 40 से 60 | रु. प्रति किलो |
| परमल | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| हरा धनिया | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| हरा मटर | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| कद्दू | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| भिण्डी | 15 से 20 | रु. प्रति किलो |
| गिलकी | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| बैगन | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |

### सागर सराफा

| | | |
|---|---|---|
| चांदी (रिफा.) | 244800/- | कि. ग्राम |
| चांदी (कच्ची) | 243800/- | कि. ग्राम |
| सोना (24 कै.) | 139700/- | 10 ग्राम |
| सोना (रवा) | 139300/- | 10 ग्राम |

### फैंसी सराफा

**22 कैरेट 126000 रुपए
20 कैरेट 120000 रुपए,
चांदी जेवर- 2300-2350 रुपए प्रति 10 ग्राम।**

सागर सराफा बाजार में आज चांदी रिफाइंड के भाव 3000 रुपये घटकर बोले गए एवं कच्ची चांदी की आवक जोरदार रहने से कच्ची चांदी के भाव 3000 रुपये घटकर बोले गए। सोना व सोना रवा के भाव 1700-1700 रुपये घटकर बोले गए।

## मर्सिडीज-बेंज की कार को मिली 5-स्टार रेटिंग

नई दिल्ली, हाल ही में यूरो एनकैप की सेफ्टी टेस्टिंग में मर्सिडीज-बेंज की नई सीएलए कार ने धाकड़ प्रदर्शन करते हुए 5-स्टार रेटिंग हासिल कर ली है। मर्सिडीज सीएलए ने अपनी सुरक्षा के हर अहम पहलू में जबरदस्त स्कोर प्राप्त किए हैं। इस साल की आखिरी टेस्टिंग राउंड में यह अपने सेगमेंट की टॉप-रेटिंग कारों में शामिल हो गई है। यह टेस्ट यूरोप की सबसे भरोसेमंद सुरक्षा एजेंसी यूरो एनकैप द्वारा किया जाता है जो ये जांचता है कि किसी गाड़ी में सवार इंसानों और सड़क पर चलने वाले लोगों की सुरक्षा कितनी बेहतर है। टेस्टिंग से पता चला कि मर्सिडीज सीएलए ने एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन में दमदार 94 पर्सेंट स्कोर हासिल किया। यानी आगे और पीछे बैठे यात्रियों की सेफ्टी के लिहाज से यह बेहद मजबूत कार है।

दूसरी ओर बच्चों की सेफ्टी के मामले में भी सीएलए ने 89 पर्सेंट स्कोर हासिल किए। खास बात यह है कि कार का सिस्टम अपने-आप समझ लेता है कि चाइल्ड सेफ्टी सीट लगी है या नहीं। यह उसी हिसाब से एयरबैग्स को एक्टिव या डी-एक्टिव कर देता है। सड़क पर चलने वाले पैदल यात्रियों और बाइकर्स की सुरक्षा को लेकर भी सीएलए ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5931

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5930

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |

## संक्षिप्त समाचार

### कैमरा की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**पृथ्वीपुर, आचरण।** पृथ्वीपुर नगर के वार्ड नंबर 3 में बीते रोज एक कैमरे की दुकान में आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखे लाखों रुपए के कैमरे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो गए। आग लगने के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुकान मालिक पिंटू शुक्ला ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। आग से दुकान में रखे कैमरे, लेंस, ट्राइपॉड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित लगभग 6 लाख रुपये का सामान पूरी तरह जल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय दुकान बंद थी, जिससे आग तेजी से फैली और समय रहते किसी को पता नहीं चल सका। लेकिन इससे पूरा सामान तबाह हो गया। पिंटू शुक्ला ने इस बड़े नुकसान की जानकारी पुलिस को दी है और आग लगने के अज्ञात कारणों की जांच का अनुरोध किया है।

### रैन बसेरा बना गरीबों का सहारा



**छतरपुर, आचरण।** जिला चिकित्सालय छतरपुर के अंदर बना रैन बसेरा इस समय भीषण ठंड से परेशान लोगों का सहारा बना हुआ है। नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा में 29-30 लोग रह रहे हैं साथ ही जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीज के संबंधित जन भी इसमें जाकर रात्रि विश्राम कर रहे हैं कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा इसमें पलंग एवं कंबल की व्यवस्था की गई है। छतरपुर जिले में इस समय भीषण ठंड का प्रकोप चल रहा है जिसके चलते गरीबों को रैन बसेरा एक सहारा है जो कि रात्रि में बेघर लोगों को रुकने के लिए समुचित व्यवस्था बनी है। वहां रुके लोगों से पूछा तो उन्होंने रैन बसेरा की व्यवस्था और साफ सफाई के लिए वहां पर पदस्थ कर्मचारियों की सराहना की है।

### ई-अटेंडेंस में तकनीकी खराबी से अतिथि शिक्षक परेशान, मानदेय कटौती की आशंका

**पलेरा, आचरण।** जिले में लागू ई-अटेंडेंस प्रणाली में आई तकनीकी समस्या के कारण अतिथि शिक्षक गंभीर रूप से परेशान हैं। अटेंडेंस दर्ज न हो पाने से शिक्षकों में मानदेय कटौती का भय व्याप्त है। आजाद अतिथि शिक्षक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष पलेरा रणजीत सिंह परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 'हमारे शिक्षक' ऐप के माध्यम से अतिथि शिक्षकों की ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं हो सकी। इस तकनीकी समस्या के कारण संपूर्ण ब्लॉक के अतिथि शिक्षक दिनभर असमंजस की स्थिति में रहे। संभावना है कि ऐप में किए गए अपडेट के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई। जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 10:00 बजे के बाद अचानक ई-अटेंडेंस प्रक्रिया बंद हो गई। इस प्रणाली में चेहरे की स्कैनिंग के साथ आँखों एवं चेहरे की गतिविधियों द्वारा सजीवता (Liveness) का प्रमाण लिया जाता है, किंतु तकनीकी कारणों से यह प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी। अधिकांश अतिथि शिक्षक समय पर विद्यालय पहुँच चुके थे, बावजूद इसके उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाई। अटेंडेंस न लगने की स्थिति में अतिथि शिक्षकों का मानदेय काटे जाने की आशंका बनी रहती है, जबकि नियमित शिक्षकों की ई-अटेंडेंस दर्ज न होने पर उनके वेतन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इसके विपरीत, अतिथि शिक्षकों का अल्प मानदेय ए.आई. आधारित ऐप के माध्यम से काट लिया जाता है, जो पूर्णतः अनुचित है। यह स्पष्ट किया गया कि उक्त तकनीकी समस्या में अतिथि शिक्षकों की कोई भी गलती नहीं है, अतः इस कारण उनका मानदेय काटा जाना न्यायसंगत नहीं होगा। दोपहर लगभग 1:30 से 2:00 बजे के बीच पुनः अटेंडेंस लगनी प्रारंभ हुई, किंतु संपूर्ण रूप से केवल कुछ ही अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज हो सकी, जिससे शेष शिक्षकों में भय और असंतोष बना हुआ है। इस विषय में ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत सिंह परमार द्वारा संबंधित विभाग को दूरभाष के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। आजाद अतिथि शिक्षक महासंघ ने मांग की है कि। आज के दिन अतिथि शिक्षकों का मानदेय न काटा जाए, तथा ई-अटेंडेंस प्रणाली से जुड़ी तकनीकी समस्या का शीघ्र एवं स्थायी समाधान किया जाए।

टीबी स्क्रीनिंग में लापरवाही पर सख्त चेतावनी, मॉनिटरिंग नहीं होने पर निलंबन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश

## कोई भी हाईरिस्क गर्भवती महिला के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

आचरण संवाददाता



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, सिविल सर्जन शरद चौरसिया, डीपीएम एनएचएम राजेंद्र खरे सहित जिले के समस्त बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने मातृ स्वास्थ्य की समीक्षा करते हुए अनमोल पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में कम एंट्री पाए जाने पर छतरपुर शहरी बीएमओ से स्पष्टीकरण लिया। समग्र आईडी से संबंधित समस्याओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि निकायों एवं पंचायतों में समग्र से जुड़ी लंबित शिकायतों की सूची तैयार कर जनपद सीईओ, सीएमओ एवं एडीईओ को उपलब्ध कराई जाए तथा कैंप आयोजित कर उनका शीघ्र निराकरण कराया जाए। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं एनीमिया प्रबंधन कलेक्टर ने दिसंबर 2025 तक हाई रिस्क (मॉडरेट एनीमिया) गर्भवती महिलाओं की पहचान की समीक्षा की। छतरपुर शहरी, बड़ामलहरा एवं छतरपुर ग्रामीण ब्लॉकों में प्रबंधन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों पर आयरन सुक्रोज, इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी चिकित्सा अधिकारी समस्त पीएचसी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोस) इंजेक्शन लगाएं एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को प्रशिक्षण दिया जाए तथा सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों पर भी एफसीएम इंजेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे गर्भवती महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही उपचार मिल सके।

**ईशानगर बीमओ की एक दिवस की वेतन काटने के निर्देश:** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत बक्सवाहा एवं छतरपुर में कम कैंप लगने पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया। एएनसी चैकअप कम होने पर बीएमओ ईसानगर की एक दिवस की वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। साथ ही बिजावर, लवकुशनगर एवं गौरिहार के बीएमओ को एएनसी चैकअप बढ़ाने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल छतरपुर एवं सिविल अस्पताल बड़ामलहरा में बेड ऑक्युपेंसी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

**लापरवाही पर आशा, एएनएम एवं डॉक्टरों को नोटिस:** कलेक्टर ने मातृ मृत्यु दर की समीक्षा करते हुए मृत्यु के कारणों मे कंचन अहिरवार केस की समीक्षा करते हुए पंजीयन में देरी एवं फॉलोअप में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित आशा एवं एएनएम उमा राजपूत को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पीएचसी देवरा की डॉ. नीलम गुप्ता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजावर की डॉ. अंकिता दीक्षित को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एसएनसीयू में शत-प्रतिशत बेड ऑक्युपेंसी एवं उपचार दर बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## कड़ाके की ठंड में राहत पहुंचने के लिए डिप्टी रेंजर ने डलवाई लकड़ी



आचरण संवाददाता

**पलेरा।** पलेरा में सर्दियों के मौसम में लोगों को गर्मी प्रदान करने के लिए डिप्टी रेंजर राजेश विक्रम सिंह ने एक अनोखी पहल की है। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर अलाव के लिए ट्रैक्टर के माध्यम से लकड़ी डाली है, जिससे लोगों को सर्दियों के मौसम में गर्मी मिल सके। जतारा रेंजर के निर्देशन में पलेरा सब रेंज के डिप्टी रेंजर राजेश विक्रम सिंह ने यह पहल की है, जिसकी सराहना पलेरा के लोगों ने की है। इस अवसर पर सब रेंज में पदस्थ वन रक्षक पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला भी मौजूद रहे। डिप्टी रेंजर राजेश विक्रम सिंह की इस पहल से पलेरा के लोगों को सर्दियों के मौसम में गर्मी मिलेगी और वे अपने दिन को आराम से बिता सकेंगे। लोगों ने डिप्टी रेंजर राजेश विक्रम सिंह को धन्यवाद दिया है और उनकी इस पहल की सराहना की है।

## गौरव रनदिबे की मुख्य उपस्थिति में टीकमगढ़, जतारा व खरगापुर विधानसभा की संगठनात्मक बैठक संपन्न



आचरण संवाददाता

**टीकमगढ़।** नवीन भाजपा कार्यालय में सागर संभाग प्रभारी गौरव रनदिबे, रविंद्र सिंह की उपस्थिति में टीकमगढ़, जतारा व खरगापुर विधानसभा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि भाजपा कार्यालय में हुई जिले के तीनों विधानसभा टीकमगढ़, जतारा व खरगापुर विधानसभा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में मुख्य रूप से मंच पर भाजपा प्रदेश महामंत्री व सागर संभाग प्रभारी गौरव रनदिबे, जिला भाजपा संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक राकेश, जिला पंचायत सदस्य छत्रपाल, पूर्व विधायक अजय यादव, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी, जिनेंद्र धुवारा, महामंत्री आशुतोष भट्ट, पूरन लोधी व अश्विनी चढ़ार सहित भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। सागर संभाग प्रभारी गौरव रनदिबे ने कहा कि मंडल अध्यक्षों को अपने शक्ति केंद्र पर लगातार संपर्क करते हुए शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ नियमित रूप से बैठक करते हुए कार्यक्रम बूथ स्तर तक संपन्न हों। अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए प्रभारी जिला, विधानसभा, मंडल व बूथ स्तर तक नियुक्त किए जाते हैं वह प्रभारी पूरे कार्यक्रमों की जानकारी डाटा एकत्रित कर कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग करें, प्रदेश स्तर तक भेजें, पार्टी कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत करें। भाजपा सरकार की योजनाएं अंतिम छोर तक के व्यक्ति के पास पहुंच रही हैं। भाजपा संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह चौहान ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के कार्यों को नीचे जमीन पर ले जाने का कार्य पूरी मेहनत लगन के साथ कर रहा है। भाजपा सरकार ने विभिन्न योजनाएं चलाकर प्रदेशवासियों को अनेक सौगातें दीं हैं। पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने कहा कि टीकमगढ़ विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए व क्षेत्र के विकास के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे, उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे। क्षेत्र में विकास हो इसके लिए हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे, कार्यकर्ताओं को निराश नहीं होने देंगे।

## आउटसोर्स में भर्ती के नाम पर एक लाख की ठगी करने के लगे आरोप



आचरण संवाददाता

**छतरपुर।** नगरपालिका में पदस्थ कर्मचारी आदित्य वाल्मीकि पर आउटसोर्स भर्ती के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित ने नौकरी न मिलने और राशि वापस न होने पर सिविल लाइन थाने में शिकायती आवेदन सौंपा है। पीड़ित नवल किशोर वाल्मीकि ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी आदित्य वाल्मीकि ने उनके पुत्र को आउटसोर्स के जरिए नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया था। इसी विश्वास में करीब एक वर्ष पहले उनसे एक लाख रुपये की राशि ली गई। लेकिन एक साल गुजर जाने के बाद भी न तो बेटे को नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए। नवल किशोर ने कहा कि इस मामले में कई बार आरोपी से संपर्क किया गया, लेकिन हर बार आश्वासन देकर टालमटोल किया गया। आर्थिक और मानसिक परेशानी से तंग आकर अब उन्होंने कानूनी कार्रवाई का फैसला लिया है। पीड़ित नवल किशोर वाल्मीकि भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री बृजेश राय के साथ सिविल लाइन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। भाजपा महामंत्री बृजेश राय ने मामले को गंभीर बताया और कहा कि यदि आरोप सिद्ध होते हैं तो दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

### जिला जेल निरीक्षण के साथ विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीकमगढ़, आचरण।** प्रधान जिला न्यायाधीश प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में गुरुवार को जिला जेल का निरीक्षण किया गया। डीएडब्ल्यूएन स्कीम अंतर्गत 5 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में जिला जेल टीकमगढ़ में नालसा नशा पीड़ितों के लिए विधिक सहायता योजना पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुनीता गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बंदियों को संबोधित करते हुए नालसा नशा पीड़ितों के लिए विधिक सहायता योजना के उद्देश्य और महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य नशा पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना है। नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। विशेष रूप से युवाओं पर नशे का अत्यंत घातक प्रभाव पड़ता है। कम उम्र में नशे की लत लगने से न केवल शारीरिक विकास प्रभावित होता है बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक विकास भी बाधित हो जाता है। उन्होंने कैदियों से आहवान किया कि वे नशे के दुष्चक्र से बाहर निकलने का संकल्प लें और समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ने का प्रयास करें। इस योजना के माध्यम से नशा पीड़ितों को उपचार, परामर्श औन पुनर्वास संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है जिससे वे एक सम्मानजनक जीवन की ओर लौट सकें। कार्यक्रम के दौरान जिला टीकमगढ़ के उपअधीक्षक द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना की गई।

## शासकीय मॉडल स्कूल में विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया




आचरण संवाददाता

**पलेरा।** नगर के मॉडल स्कूल में राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशन में जनपद शिक्षा केन्द्र पलेरा के द्वारा विकासखण्ड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां शारदे के पूजन एवं वंदन से किया गया। इसके उपरांत सहायक संचालक अक्षिता शर्मा, बीईओ आर जैन, जनपद शिक्षा केन्द्र प्रमुख भानु प्रकाश श्रीवास्तव, राजकुमार पटैरिया, मॉडल प्राचार्य कौशल राजपूत, बीएसी नीरेन्द्र खरे, सीएसी कान्ता बाल्मीकि, साकेत पाठक, केपी अहिरवार ने आयोजन के संबंध में छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए बताया कि आज जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर आयोजित की गई। प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों के अंतर्गत चयनित 73 छात्र-छात्राएं विकासखण्ड स्तरीय प्रदर्शनी में शामिल होगें, और विभिन्न चार विधाओं विज्ञान मॉडल, सोलो सांग, शार्ट प्ले, एवं सेमिनार के अंतर्गत अपना प्रदर्शन करेंगे। इसके उपरांत अतिथियों और जनपद शिक्षा केन्द्र द्वारा गठित चयन समिति के समक्ष विभिन्न 4 विधाओं के अंतर्गत पलेरा विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित होकर आये छात्र-छात्राओं नें अपने सोलो सोंग, शॉट प्ले एवं सेमिनार पर आधारित हुनर का प्रदर्शन किया, एवं विज्ञान पर आधारित अपने वर्किंग और नानबर्किंग मॉडल एवं पोस्टर प्रदर्शनी को अवलोकनार्थ सजाया, एवं अवलोकन कर्ताओं के समक्ष उनकी उपादेयता पर रोशनी डाली। जनपद शिक्षा केन्द्र द्वारा गठित चयन समिति में मनीष भार्गव, बीएस राजपूत, गफ्फार मुहम्मद, राजीव जैन, राघवेंद्र सिंह बिसेन नें निर्णायक भूमिका निभाते हुए विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया. विकासखण्ड स्तर पर चयनित छात्र-छात्राएं 13 जनवरी को जिला स्तर पर आयोजित होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में पलेरा विकासखण्ड की ओर से सहभागिता करेंगे।

## दुर्घटनाओं से बचाव हेतु वाहनों पर लगाए गए रेडियम रिफ्लेक्टर



**निवाड़ी, आचरण।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जनवरी माह को 'सड़क सुरक्षा माह' के रूप में मनाया जा रहा है, जिसकी थीम 'सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा' रखी गई है। जनवरी माह में यातायात पुलिस के द्वारा यातायात जागरुकता संबंधी विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक डॉ. रायसिंह नरवरिया के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी नीरज शर्मा ने यातायात स्टाफ के साथ गल्ला मंडी प्रांगण पहुंचकर लगभग एक सैकड़ा वाहनों (ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप और ट्रक) पर रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाए, ताकि रात और घने कोहरे के दौरान सड़क पर इन वाहनों की दृश्यता बनी रहे और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान मंडी में उपस्थित ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और चालकों के लिए यातायात जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें यातायात नियमों का पालन करकें हम सुरक्षित यात्रा कैसे कर सकते हैं।

**बैठक** जिला कॉलोनी सेल की बैठक आयोजित

## जिसके पास सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा है उसी कॉलोनी में प्लॉट खरीदें: कलेक्टर

आचरण संवाददाता



**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कॉलोनी सेल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वैध कॉलोनियों के विकास के प्राप्त प्रस्तावों को विकास अनुमति देने के संबंध में परीक्षण किया गया एवं प्रस्तावित 5 निजी कॉलोनियों के लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कॉलोनी विकास प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम टीकमगढ़ संस्कृति मुदित लटौरिया, डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा एवं निशांत भूरिया, पीओ डूडा शिवी उपाध्याय, मुख्य नगरपालिका टीकमगढ़ सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, कॉलोनाइजर्स हरेंद्र प्रताप सिंह, शहीद खान, नरेंद्र कुमार जैन, अमित भास्कर, संतोष यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में हरेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी फर्म वासुदेव टाउन फेस-1 ग्राम तखा जिला टीकमगढ़ ग्रामीण क्षेत्र की कॉलोनी के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई एवं वैध कॉलोनी के निर्माण में उनके द्वारा अपनाए गए सभी मापदंडों को साझा किया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा जानकारी दी गई कि वैध कॉलोनी के सभी नियम जैसे कॉलोनाइजर के रूप में रजिस्ट्री प्राधिकरण, कॉलोनी विकास अनुज्ञा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, टीएनसीपी से लेआउट सैंक्शन कराकर टीएनसीपी की एनओसी, ईडब्ल्यूएस के लिए भूखंड आरक्षण उपबंधों की नियमानुसार पूर्ति आदि सभी दस्तावेजों के गाइडलाइन के अनुसार सही पाए जाने पर विकास अनुमति का निर्णय लिया जाता है। जिला कॉलोनी सेल प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम टीकमगढ़ संस्कृति मुदित लटौरिया ने बताया कि सभी कॉलोनाइजर्स चेकलिस्ट के अनुरूप रिक्तता की पूर्ति करें पूर्ति उपरांत प्रस्तावों के सही पाए जाने पर निर्णय लिया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि नियमों के अनुरूप विकास, अनुमतियां और सेवाएं मिलने वाली कॉलोनियों में ही निवेश सुरक्षित माना जाता है। इसीलिए सभी नगरवासियों से अपील है कि केवल वैध कॉलोनी में ही निवेश करें। अवैध कॉलोनी में प्लॉट लेने पर ना तो नामांतरण होगा ना ही बैंक से लोन मिलेगा। वैध कॉलोनी में ही निवेश करें ताकि भविष्य में परेशान न होना पड़े। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि भविष्य में शहर के विकास, विस्तार एवं मांग को देखते हुए कॉलोनियों के विकास में शासन के नियमों एवं मानकों का कड़ाई से पालन किया जाये एवं विकास का मास्टर प्लान टीएनसीपी की गाइडलाइन के अनुरूप हो जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और शहर के लिए एक बेहतर टाउन प्लान बने। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वैध कॉलोनी निर्माण नगर विकास की प्राथमिकता है अतः कॉलोनाइजर्स के अनुमतियों में विलंब न हो। कॉलोनियों में सड़क, पेयजल, विद्युत, नाली, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर सभी मापदंड सही पाए जाने पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## नरवाई न जलाने एवं फसल अवशेष प्रबंधन पर किसानों को किया गया जागरूक

आचरण संवाददाता



**छतरपुर।** कृषि अभियांत्रिकी विभाग, छतरपुर द्वारा जिले में फसल अवशेष प्रबंधन एवं नरवाई न जलाने के संबंध में निरंतर जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में 6 जनवरी 2026 को छतरपुर विकासखंड के मडारका ग्राम में किसानों को नरवाई न जलाने के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम के किसान भारत भाई पटेल, मनवेन्द्र पटेल, नरेश पटेल, महेन्द्र पटेल सहित अन्य कृषकों को फसल अवशेष प्रबंधन की उन्नत तकनीकों से अवगत कराया गया। इसी क्रम में 7 जनवरी 2026 को बंधी खुर्द ग्राम के किसान नंदलाल यादव तथा भेलसी ग्राम के किसान मनोज अहिरवार को नरवाई प्रबंधन के वैज्ञानिक एवं पर्यावरण हितैषी तरीकों की जानकारी दी गई। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किसानों को बताया गया कि सुपर सीडर हैप्पी सीडर के माध्यम से नरवाई में सीधे बोनी करने से न केवल लागत में कमी आती है, बल्कि मिट्टी की नमी संरक्षित रहती है और उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होती है। साथ ही स्ट्रॉ रीपर, रीपर बाइंडर जैसे यंत्रों के माध्यम से नरवाई को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर भूसा बनाकर पशु आहार एवं अन्य उपयोग में लाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त रिवर्सिबल प्लाऊ के उपयोग से नरवाई को मिट्टी में मिलाने पर भूमि की उर्वरक क्षमता एवं जैविक गुणों में वृद्धि होती है, जिससे दीर्घकाल में फसल उत्पादन लाभकारी सिद्ध होता है। विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई कि वे नरवाई जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान से बचें तथा आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग कर फसल अवशेष प्रबंधन अपनाएँ।

## संक्षिप्त समाचार

## शिवपुरी में 15 वें दिन आई सिंध की सप्लाई, घरों में पानी पहुंचने की बजाए सड़कों पर बहकर बर्बाद होता रहा



आचरण संवाददाता

शिवपुरी। शहर में बंद पड़ी सिंध की सप्लाई 15वें दिन शहर में आई, लेकिन यह पानी घरों में जाने की बजाए सड़कों पर बर्बाद होकर फैलता रहा। यह नजारा रविवार को फिजिकल सम्पबैल पर देखने को मिला, जिसके दोनों ओर की डामर सड़क पर पानी भर गया। यह पानी सांपबैल के ओवरफ्लो होनी की वजह से हुआ, क्योंकि यहां पदस्थ कर्मचारी उस समय नदारद थे। शिव की नगरी शिवपुरी को किसी का ऐसा श्राप लगा है कि यहां स्वीकृत होने वाले 2 वर्षीय प्रोजेक्ट 15 साल में भी पूरे नहीं हो पाते। इतना ही नहीं, अब तो मेंटेनेंस के काम भी समयसीमा में पूरे होने की बजाए निर्धारित समयावधि गुजरने के 7 दिन बाद पूरे हो पा रहे हैं। शिवपुरी में प्रोजेक्ट चारागाह बनकर रह गए। सिंध जलावर्धन की पहले मेन पाइप लाइन बदलने में कई महीनों तक पेयजल सप्लाई बंद की थी, और अब डिस्ट्रीब्यूशन में लीकेज हो जाने से उसे सुधारने के लिए 21 से 28 दिसंबर तक सप्लाई रोकने का पत्र सीएमओ ने जारी किया था। सात दिन की जगह यह काम साल गुजरने के बाद भी 4 दिन बाद पूरा हो पाया। आज जब सिंध की सप्लाई शहर में आई तो फिजिकल सांपबेल पर तैनात कर्मचारी इधर उधर हो गए, जिसके चलते टंकी भरने के बाद उसका पानी बाहर सड़क पर भरना शुरू हो गया। डामर सड़क जब ताला बनने लगी तो सोशल मीडिया पर वीडियो आने लगे। तब कहीं जाकर सड़कों पर।भरते पानी को रोका गया।

## कलेक्टर ने पोहरी स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**शिवपुरी,आचरण।** कलेक्टर ने मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायज़ा लेते हुए बीएमओ डॉ. दीक्षांत गुधेनिया को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम पोहरी अनुपम शर्मा सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा। निरीक्षण के दौरान -इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण कर आपात सुविधाओं की समीक्षा की। पीएनसी वार्ड में भर्ती प्रसूताओं से भोजन व स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली , एनआरसी वार्ड में बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी हेतु एफ-75 एवं एफ-100 डाइट की समीक्षा की, पहली मंज़िल की सीढ़ियों पर गंदगी मिलने पर त्वरित साफ़-सफाई के निर्देश दिए ,अस्पताल की प्रकाश व्यवस्था की जांच कर ख़राब ट्यूबलाइट बदलने के निर्देश दिए, साथ ही चिकित्सकों की ओपीडी के साथ इमरजेंसी ड्यूटी व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए।

### ग्राम अहेरा का निरीक्षण एवं उज्जवला सिलेंडर वितरण

कलेक्टर चौधरी ने ग्राम अहेरा (जनपद पोहरी) का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनीं। नल-जल योजना एवं बिजली व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान 17 महिला लाभार्थियों को उज्जवला सिलेंडर किट वितरण किया गया।महिलाओं ने सिलेंडर प्राप्त कर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### स्वयंसेवी संस्था की मदद से सभी मजदूरों को कराया गया मुक्त

## गन्ना कटाई के बहाने मजदूर और महिलाओं सहित बच्चों को बनाया बंधक

आचरण संवाददाता



**ललितपुर।** ठेकेदारों द्वारा मजदूरी का काम दिलाने के लिए जनपद के थाना मदनपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ठनगना से 17 मजदूरों को परिवार सहित मध्य प्रदेश का एक ठेकेदार कर्नाटक लेकर गया था। लेकिन एक तीन तक मजदूर वापस नहीं आए, बल्कि एक मजदूर का उसके परिजनों को फोन आया कि ठेकेदार द्वारा उन्हें बंधक बनाया गया है। इस मामले को लेकर जब मजदूर के परिजन जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे, तब जिलाधिकारी की पहल पर कर्नाटक सरकार से संपर्क किया गया और वहां से सभी 17 मजदूर और उनके 20 बच्चों सहित सभी 37 लोगों को परिवार सहित जनपद वापस बुलाया गया, जो गुरुवार की सुबह जनपद पहुंचे। मजदूरों के परिवारों ने वहां के ठेकेदार पर उन्हें बंधक बनाने का आरोप लगाया, तो वहीं पुलिस प्रशासन ने मजदूरों को बंधक बनाने के आरोपी को निराधार बताया। जानकारी के अनुसार जनपद के माह अक्टूबर में ग्राम ठनगाना से 17 मजदूर अपने 20 बच्चों सहित कुल 33 लोग एक माह पूर्व समीपवर्ती मध्य प्रदेश के सागर जनपद नफिस खान व कर्नाटक निवासी अशोक मुंडे के साथ कर्नाटक प्रदेश के बेलगाँव जनपद के बादमी तहसील अंतर्गत नीरलगी गाँव में मजदूरी के लिए गए हुए थे। जहां उनसे गन्ना काटने का काम 12-12 घंटे तक कराया जाता था और मजदूरी मांगने पर उन्हें सिर्फ खाने पीने का सामान दिया जाता था, नगदी पैसा बहुत ही कम दिया जाता था। बताया गया है कि एक परिवार को केवल 5 किलो आटा और ढाई सौ रुपए दिए जाते थे, जिससे वह सब्जी और अन्य सामान खरीदते थे। जबकि मजदूरों को 500 रूपये प्रतिदिन की मजदूरी दिलाने की कहकर ठेकेदार उनके घर से उन्हें ले गया था। काफी दिनों तक काम करने के बाद जब उन्होंने ठेकेदारों से घर जाने के लिए कहा, तो उन्होंने घर जाने से मना कर दिया और पैसा भी नहीं दिया। इस तरह उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें बंधक बनाकर रखा जा रहा है। इस दौरान किसी तरह राजकुमार नामक मजदूर ने 29 दिसंबर को मोबाइल फोन से अपने घर पर फोन किया और अपने और अपने सभी मजदूरों को बंधक रखने की बात बताई। इसके बाद ग्राम सोलदा निवासी गोरेलाल अपनी पत्नी पति के साथ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के पास पहुंचा, जहां उन्होंने अपने साथी मजदूरों को कर्नाटक में बंधक रखने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया और उन्हें वहां से रिहा करने की गुहार लगाई। इसके बाद जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने पहल करते हुए तुरंत कर्नाटक प्रशासन से संपर्क किया और जिला अधिकारी की ही पहल पर जनपद की जन साहस नामक स्वयंसेवी संस्था की एक टीम जनवरी में कर्नाटक के लिए रवाना हुई, जिसने 3 जनवरी को कर्नाटक प्रशासन से संपर्क किया और वहां के प्रशासन के सहयोग से सभी मजदूर और उनके बच्चों को वहां से मुक्त कराया। इसके बाद गुरुवार को सभी मजदूर जनपद पहुंचे जहां उन्होंने आपबीती सुनाई।

## स्टेशन परिसर में क्यूआर कोड एवं बैच वितरण कार्यक्रम आयोजित

आचरण संवाददाता

**कटनी।** आम नागरिकों एवं यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में संचालित कटनी पुलिस के नवाचार आपका सारथी कौन के अंतर्गत मुड़वारा स्टेशन परिसर में क्यूआर कोड एवं बैच वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया की उपस्थिति में कुल 230 ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों को कोड युक्त बैच नंबरों का वितरण किया गया। इस अभियान के तहत जिले के समस्त ऑटो/ई-रिक्शा चालकों का डाटा संकलित किया जा रहा है तथा प्रत्येक चालक को एक विशिष्ट चालक क्रमांक प्रदान किया जा रहा है, जिसे उनके वाहन क्रमांक से लिंक किया गया है। प्रत्येक ऑटो/ई-रिक्शा में कोड युक्त स्टीकर लगाए जा रहे हैं, जिसे स्कैन करने पर यात्री को चालक का नाम, मोबाइल नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही यात्री त्क्र कोड स्कैन कर सीधे कटनी पुलिस को अपना फीडबैक अथवा शिकायत भेज सकेंगे। इस व्यवस्था के माध्यम से यदि कोई चालक शराब के नशे में वाहन चलाता है, लापरवाहीपूर्वक ड्राइविंग करता है, अधिक किराया मांगता है अथवा यात्रियों से दुर्व्यवहार करता है, तो उसकी शिकायत त्क्र कोड के माध्यम से सीधे कटनी पुलिस तक पहुंचेगी। प्राप्त शिकायत की जांच उपरांत संबंधित चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कार्यक्रम के दौरान ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने, सुरक्षित एवं जिम्मेदाराना वाहन संचालन करने की हिदायत दी गई।

**मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ ने सौंपा ज्ञापनः कटनी।** मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ कटनी ने गत दिवस अल्प वेतन भोगी, स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन एवं सुरक्षा श्रमिकों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष भागीरथ तिवारी ने बताया कि प्रदेश के स्थाई कर्मियों को पुनरीक्षित सातवां वेतन वेतनमान एवं शासकीय कर्मचारियों के समान चिकित्सा सुविधा, अवकाश ,अनुग्रह राशि जैसी समस्त मूलभूत सुविधाएं दी जाए।

## वाहन की चपेट में आने से घर जा रहे मजदूर की हुई दर्दनाक मौत

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राजघाट रोड पर स्थित ग्राम मडवारी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। हालांकि स्थानीय राहगीरों द्वारा इस तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार राजघाट रोड पर स्थित ग्राम टोरिया निवासी 60 वर्षीय सुम्मे पुत्र रल्ली सहरिया मजदूरी करने का काम करता था। वह मजदूरी के काम पर भरतपुरा गया हुआ था। इसी दौरान देर शाम को मजदूरी का काम निपटाकर वह पैदल घर आ रहा था। जब वह ग्राम मडवारी के पास पहुंचा तभी अंधेरे में किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार कर रौंद दिया और मौके से रफूचक्कर हो गया। तभी वहां से निकल रहे स्थानीय लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस बुलाकर ग्रामीण को गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर ने डाक्टरी परीक्षण के दौरान उसे मृतक घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## खेत पर बोई गेहूं की फसल में पानी देने गए किसान की हुई मौत, मामला दर्ज

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सीरोन में दिन रात अपने खेत पर बोई हुई गेहूं की फसल में पानी दे रहे एक किसान की मौत हो गई। सुबह जब परिजन खेत पर पहुंचे, तो उसका शव खेत में पड़ा हुआ पाया गया। परिजनों ने जहरीले कीड़े के काटने या ठंड से मौत होने की आशंका जताई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सीरोन निवासी 33 वर्षीय किसान राममिलन पुत्र फूला पाल बुधवार की रात अपने खेत में बोई हुई गेहूं की फसल में पानी देने और उसकी रखवाली करने के लिए गया हुआ था। लेकिन वह गुरुवार की सुबह जब देर तक घर वापस नहीं आया, तब उसके परिजन उसे ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे, तो उसका शब खेत में पड़ा हुआ था। इसके बाद परिजनों ने इस घटना की जानकारी तत्काल थाना मड़ावरा पुलिस को दी। घटना की सूचना पर थाना मड़ावरा पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इसके बाद उक्त घटना की सूचना राजस्व विभाग की टीम को भी दी गई, जिस पर लेखपाल राजकुमार प्रजापति टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों ने आशंका जताई है कि यह तो उसकी मौत जहरीले कीड़े के काटने से हुई या फिर उसकी मौत ठंड की वजह से हुई है। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही संपूर्ण जानकारी प्राप्त होने का दावा किया की मौत कैसे हुई। बताया गया है कि मृतक अपने परिवार में दो भाइयों में सबसे छोटा था और उसके दो बच्चे भी हैं इसके साथ ही वह अपने पिता के साथ खेती किसानी के काम में हाथ बात कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था।

**धमकी देने का आरोपः ललितपुर।** शहरी इलाके के राजघाट रोड पर स्थित एक महिला के प्लाट पर बनी हुई बाउंड्री एवं एक कमरे को दबंगों ने अवैध कब्जा करने के उद्देश्य से तोड़फोड़ कर ध्वस्त कर दिया। इतना ही नहीं जब महिला ने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो दबंगों ने उसके साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। छत्रसालपुरा निवासी श्रीमती संगीता नायक ने सदर कोतवाली पुलिस यह शिकायती की।

## आश्वासन के बाद भी राष्ट्रवीर दुर्गादास की मूर्ति नहीं लगाये जाने पर समाज ने रोष किया व्यक्त

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** जिला राठौर समाज की जिला प्रभारी समिति की ओर से एक अति आवश्यक बैठक मां शारदा मिलन पैलेस में भगत सिंह राठौर नगर अध्यक्ष भा.ज.पा. की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में वीर शिरोमणी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ति स्थापना के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। सभा को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अशोक राठौर पूर्व पार्षद ने कहा कि अब से 7, 8 माह पहले नगर पालिका सभी सभासदों द्वारा राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ति लगाने जाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया था। नियमानुसार टेण्डर प्रक्रिया हुई और आज से 6 माह पूर्व टेण्डर पास हुआ और टेण्डर होने के बाद आज तक नगर पालिका द्वारा मूर्ति स्थापना नहीं कराई गई।सभा का संचालन करते हुए विनोद राठौर जिला प्रभारी राठौर समाज द्वारा कहा गया कि कई बार जिला राठौर समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने नगर पालिका के ई.ओ. साहब एवं चैयरमैन प्रतिनिधि से सम्पर्क किया। उनके द्वारा आज तक मूर्ति के बारे में कोई संज्ञान नहीं लिया गया, बल्कि कोरे आश्वासन दिये गये कभी ई.ओ. चैयरमैन की कहते तो कभी चैयरमैन प्रतिनिधि ई.ओ. साहब की कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। आगे वक्ताओं में जिला प्रभारी रवि राठौर पूर्व पार्षद एवं जिला प्रभारी चन्द्रशेखर राठौर द्वारा नगर पालिका प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया, जिससे समाज में भारी रोष व्याप्त है और नगर पालिका द्वारा अतिशीघ्र राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ति नहीं लगाई जाती है, तो जिला प्रभारी समिति एवं जिला राठौर समाज द्वारा उग्र अन्दोलन करने का मजबूर होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका की होगी। बैठक में जिला प्रभारी समिति के पूर्व पार्षद अशोक राठौर, विनोद राठौर, रवि राठौर, चन्द्रशेखर राठौर के अलावा शिब्बू राठौर, रामप्रसाद राठौर, राजकुमार राठौर, सुरेश कुमार राठौर, उमाशंकर राठौर, सनत कुमार राठौर, मगन लाल राठौर, रघुवीर सहाय राठौर, राजू राठौर, अजय राठौर, राजेश राठौर, कैलाशनारायण राठौर, संजय राठौर आदि उपस्थित रहे सभा संचालन विनोद राठौर ने किया।

**धमकी देने का आरोपः ललितपुर।** ग्राम जेरोन में स्थित देसी शराब के ठेके के सामने गांव के ही दबंग विपक्षियों ने एक ग्रामीण के बहनोई के साथ हुए विवाद के दौरान सरेआम कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित के साले की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## ग्रामीण के साथ मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

आचरण संवाददाता

ललितपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कैलागुआ रोड पर स्थित अंब्रोसिया कॉलोनी के बगल में खड़े गांव के एक अपाहिज ग्रामीण के साथ उसके ही गांव के दो दबंग विपक्षियों ने सरेआम कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान उसके बचाव में उसका दोस्त आया, तो दबंगों ने उसे भी नहीं बक्शा। उक्त घटना को लेकर पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भौरदा निवासी सेंदपाल सिंह पुत्र नत्थू राजा ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह अपने पैर से अपाहिज है और वह अपने ही गांव के दोस्त रामगोपाल की टैक्सी से ललितपुर अपने काम करने के लिए आता जाता है। बताया गया है कि जब वह कैलागुआ रोड पर स्थित अंब्रोसिया कॉलोनी के बगल में एक दुकान के सामने टैक्सी का इंतजार कर रहा था, तभी उसके ही गांव में रहने वाला विपक्षी सुखलाल यादव पुत्र हर प्रसाद अपने साथी मानसिंह पुत्र सोबरन यादव के साथ आ धमका और उसके साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान जब उसके टैक्सी ड्राइवर दोस्त ने उसे बचाने का प्रयास किया, तो दबंगों ने दोनों के साथ सरेआम मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

**विपक्षियों के खिलाफ मामला दर्जःललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवरान कला में किसी बात को लेकर दो ग्रामीणों के बीच उत्पन्न हुए विवाद के दौरान एक पक्ष के तीन लोगों ने मिलकर एक राय होकर विपक्षी को मौके पर दबोच लिया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित की पत्नी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज कराया।

### निरीक्षण

### दो माह में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई

## एसपी द्वारा थाने का किया गया निरीक्षण, अपराध नियंत्रण एवं यातायात जागरूकता के दिए निर्देश

आचरण संवाददाता

**कटनी।** जिला पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा द्वारा विगत दिवस थाना बाकल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना बाकल में पदस्थ परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक सुश्री शिवा पाठक द्वारा थाना प्रभारी के रूप में विगत दो माह में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर अनुविभागीय पुलिस अधीक्षक स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान पुलिस कप्तान द्वारा थाने में संधारित किए जाने वाले विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। ग्राम अपराध पुस्तिकाओं का निरीक्षण कर आवश्यक पूर्ति के निर्देश दिए गए। साथ ही जप्ती रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, एनसीआर रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा थाने में उपलब्ध आर्म्स एवं एम्यूनिशन का भौतिक सत्यापन किया गया। इसके अतिरिक्त मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत जप्त वाहनों के रिकॉर्ड का निरीक्षण कर उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया। थाना परिसर स्थित हवालात का भी निरीक्षण किया गया।पुलिस कप्तान द्वारा प्रशिक्षु डीएसपी थाना प्रभारी सुश्री शिवा पाठक को बेसिक पुलिसिंग के साथ-साथ थाने की समस्त प्रक्रियाओं को गंभीरता से सीखने,प्रत्येक कार्यवाही को गहराई से समझने एवं स्वयं के स्तर से प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की समझाइश दी गई। कहा कि प्रत्येक फरियादी को संवेदनशीलता, सम्मान एवं धैर्य के साथ सुना जाए। थाने में आने वाला प्रत्येक नागरिक यह अनुभव करे कि उसकी समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। जनविश्वास को सुदृढ़ करना पुलिस की प्रथम जिम्मेदारी है। थाने की रात्रिकालीन कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण व्यवस्था,गश्त, बीट ड्यूटी एवं लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। अपराधों की प्रभावी रोकथाम हेतु रात्रि गश्त को और अधिक सुदृढ़ करने,संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग,संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग तथा प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस कप्तान द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगाने के अभियान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील स्थलों एवं ग्राम क्षेत्रों में अधिक से अधिक कैमरे स्थापित कर निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सके। नशे के विरुद्ध सतत शिकंजा अभियान चलाने, अवैध नशे के कारोबार पर कठोर कार्रवाई करने तथा जनसेवा आधारित पुलिसिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। यातायात जागरूकता अभियानों को निरंतर प्रभावी रूप से संचालित करने, नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने को कहा।

**त्वरित निराकरण हेतु निर्देशः कटनी।** आम नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई के अंतर्गत पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा अपनी समस्याएं एवं शिकायतें पुलिस कप्तान तथा पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखी गई।

**कार्यालय नगर परिषद, सांची जिला-रायसेन (म0प्र0)**

E-mail ID-cmosanchi@mpurban-gov-in, Phone No.07482-266738

क्रमांक /57 / न.परि. / 2026 **//आम सूचना//** सांची, दिनांक 08/01/2026

डॉ. हेडगेवार आवासीय योजनांतर्गत आवंटित भूखण्ड के हस्तांतरण हेतु संबंधित द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के अंदर लिखित रूप से साक्ष्य के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं निकाय नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगी।

| क्र. | भूखण्ड क्र. | आवंटिती का नाम | जिसके नाम लीज हस्तांतरण होना है। | हस्तांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ईडब्ल्यूएस. क्र.08 | श्री प्रदीप श्रीवास्तव आ0 श्री एल. व्ही. श्रीवास्तव निवासी-भोपाल | श्री संदीप श्रीवास्तव आ0 श्री एल. व्ही. श्रीवास्तव निवासी-भोपाल | सामान्य उत्तराधिकार |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद सांची

**कार्यालय नगर परिषद् मालथौन, जिला सागर (म.प्र.)**

क्र./निविदा/2026/46 **// निविदा आमंत्रण सूचना //** मालथौन, दिनांक -06/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों विक्रेता / सप्लायर से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | बिड क्र. एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि | अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2026/8/7074639 05/01/2026 | Octagonal Pole & LED Luminaire for Road and Street Lights | 60 Days | 63,500.00 | 06-02-2026 |

नोट: निविदा में किसी भी के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन WWW-GEM-GOV-IN को वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् मालथौन जिला सागर

## संक्षिप्त समाचार

### बुंदेलखंड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम

**दमोह आचरण।** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के सतत प्रयासों से प्रदेश फिल्म पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इसी क्रम में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, मध्यप्रदेश तथा जिला प्रशासन दमोह के संयुक्त तत्वावधान में 7 से 11 जनवरी 2026 तक बुंदेलखंड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम का भव्य आयोजन दमोह में किया जा रहा है।यह पांच दिवसीय महोत्सव न केवल फिल्म निर्माण और फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि बुंदेली भाषा, संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध होगा।सिनेमा जगत की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगीज्इस प्रतिष्ठित आयोजन में भारतीय सिनेमा के वरिष्ठ अभिनेता रघुवीर यादव, मुकेश तिवारी, इस्तियाक खान एवं गोविंद नामदेव मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे। इन दिग्गज कलाकारों की उपस्थिति से युवा कलाकारों, फिल्म विद्यार्थियों एवं स्थानीय रचनाकारों को प्रत्यक्ष संवाद और मार्गदर्शन का अवसर मिलेगा।फिल्म निर्माण से लेकर मार्केटिंग तक ज्ञानवर्धक सत्रज्7 से 9 जनवरी तक फिल्म निर्माण, निर्देशन, अभिनय, पटकथा लेखन एवं सिनेमा उद्योग में करियर की संभावनाओं पर केंद्रित व्याख्यान, संवाद सत्र और अनुभव साझा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।वहीं 10 एवं 11 जनवरी को कला मित्रों, युवाओं और फिल्म निर्माण में रुचि रखने वालों के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें फिल्म निर्माण की तकनीकी बारीकियों, प्रोडक्शन मैनेजमेंट एवं फिल्म मार्केटिंग जैसे व्यावहारिक विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### महाराजा अग्रसेन की 52 वीं महा आरती हुई धूमधाम से संपन्न

**दमोह आचरण।** अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की प्रत्येक माह महा आरती का आयोजन किया जाता है जिसके क्रम में फुटेरा वार्ड दो स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में 52 वी महा आरती का आयोजन किया गया। अग्रवाल महासभा के संभागीय युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि महाआरती पिछले 52 माह से अपने निर्धारित समय में सम्पन्न हो रही है। अग्रवाल समाज सदैव भगवान अग्रसेन महाराजा के उद्देश्य करूणामीय, दयालु, दुखिहारों की सहायता करने में अग्रणी रहता हैं। भगवान अग्रसेन महाराज के करूणामीय स्वभाव, एक ईंट-एक रूपया से समाजवाद के प्रथम प्रणेता, युग पुरूष, महादानी एवं राम राज्य के समर्थक के सिद्धांतों को अपनाकर एवं समाज के कल्याण की भावना के साथ ही बच्चों को भगवान अग्रसेन महाराज के जीवन से प्रेरणा मिले और वह उसे आत्मसात कर समाज कलयाण में अपना योगदान दें, इसी उद्देश्य से महाआरती का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। पं बृजेश पाठक के सानिध्य में सर्वोत्तम भगवान गणेश माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया जिसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया प्रसाद वितरण किया गया इस बार आरती की जजमानी अग्रवाल समाज के सचिव विजय सारिका अग्रवाल के द्वारा की गई आरती में मुख्य रूप से अधिवक्ता विनोद अग्रवाल डॉक्टर अशोक अग्रवाल अतुल अग्रवाल पवन अग्रवाल विनोद अग्रवाल नंदकिशोर अग्रवाल निखिल अनुज सक्षम विराज सहित बड़ी संख्या में महिलाओं बच्चों की उपस्थिति रही।

### तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, एक गंभीर घायल

अमानगंज। बम्होरी मोड़ के आगे पेट्रोल पंप के पास गुरुबार को शाम 5:00 बजे एक तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटना में बाइक चालक प्रताप पटेल (उम्र 40 वर्ष) निवासी दमोह, हाल निवास पुरैना गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास मौजूद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं जेके सीमेंट कंपनी की सीएसआर टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल पड़े व्यक्ति को जेके सीमेंट कंपनी की एम्बुलेंस की मदद से उपचार हेतु अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर लंबे समय से सड़क जर्जर हालत में है और जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और राहगीरों की जान सुरक्षित रहे।

### हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाए

पन्ना। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की शैक्षणिक सत्र 2025-26 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल की परीक्षाएं क्रमशः 7 एवं 11 फरवरी से शुरू होंगी। इसके लिए पन्ना जिले में कुल 48 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। कक्षा 10वीं एव 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए पन्ना के शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय, शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक 01, शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 02, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय एवं नेशनल पब्लिक उ.मा. विद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह शासकीय उ.मा. विद्यालय बराछ, शासकीय उ.मा. विद्यालय बृजपुर, शासकीय उ.मा. विद्यालय पहाड़ीखेरा, शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर, शासकीय उ.मा. विद्यालय ककरहटी, सरस्वती उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर, शासकीय उ.मा. विद्यालय सलेहा, पंडित शिवगोविन्द गर्ग उ.मा. विद्यालय सलेहा, शासकीय उ.मा. विद्यालय पटनातमोली, सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय गुनौर, शासकीय उ.मा. विद्यालय गुनौर, शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अमानगंज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## तेंदूखेड़ा का मामलाः दरवाजा तोड़कर निकाली लाशें; सुसाइड नोट नहीं मिला

# घर में पति-पत्नी के साथ डेढ़ साल की बच्ची के शव फंदे पर लटके मिले

आचरण संवाददाता

दमोह के तेंदूखेड़ा में गुरुवार सुबह पति-पत्नी और उनकी डेढ़ साल की बेटी के शव घर में ही फंदे पर लटके मिले। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के मुताबिक मनीष केवट (30), पत्नी दसौदा केवट और डेढ़ साल की की बेटी आरोही के साथ तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक एक में रहता था। मनीष मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

दमोह। जिला मुख्यालय से करीब 55 कि मी दूर तेंदूखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत एक लोम हर्षक घटनाक्रम सामने आया है। एक दंपत्ति तथा उनकी मासूम बेटी के शव अलग अलग फांसी के फंदे पर झूलते हुए मिले हैं। पुलिस अधीक्षक श्रुतिसोमवंशी घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने बताया कि



प्रथम दृष्टया घटनाआत्महत्या नजर आ रहे इस दिल दहला देने वाली घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं लग सका है लेकिन खुदकुशी की वजह गरीबी से तंग आ जाना अर्थात परिवार की खराब आर्थिक स्थिति माना जा रहा है। फिलहाल तेंदूखेड़ा थाना पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने की सर्चिंग

प्राप्त जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा निवासी मनीष केवट 30 वर्ष उसकी गर्भवती पत्नी यशोदा उर्फ माही केवट 24 वर्ष और 2 साल की बेटी आरोही के शव गुरुवार को घर के अंदर फांसी के फंदे पर झूलते हुए पाए गए। जिसकी सूचना मिलने पर तेंदूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। बाद में फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। आवश्यक जांच के बाद पंचनामा कार्रवाई करते हुए तीनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार मौके से कोई सुसाइट नोट या सुसाइट की वजह निकल कर सामने नहीं आई है। जिससे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

## अनुभूति कार्यक्रम में दी रोचक जानकारी



**दमोह आचरण।** वन विभाग व इको पर्यटन विकाश बोर्ड द्वारा आयोजित अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन दमोह रेंज के सुहेला बीट आर. एफ. 130 सिद्धबाबा धाम में किया गया, कार्यक्रम में शासकीय उ. मा. वि टौरी, शा उ. मा. विद्यालय मनका एवं इमलियाघाट से कुल 130 छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुए. कार्यक्रम का आयोजन वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे एवं उपवनमंडल अधिकारी एम . डी. मानिकपुरी के निर्देशन में दमोह रेंजर विक्रम चौधरी के मार्गदर्शन में सुहेला बीट आर. एफ. 130 सिद्धबाबा धाम में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मास्टर ट्रेनर बीएल रोहित द्वारा किया गया. बच्चों के पहुंचते ही उन्हें प्राकृतिक नजारों का अनुभव कराते हुए , अनुभूति के विशेष गीतों के साथ की गई , इसके उपरांत उन्हें जंगल के अंदर वन भ्रमण कराया गया , जहां दमोह रेंजर विक्रम चौधरी अपने समस्त वन स्टॉफ एवं उनके मास्टर ट्रेनर के द्वारा वनों में पाई जाने वाले औषधि पेड़ों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही वन भ्रमण के दौरान मिले हुए वन्य जीवों (खरा एवं चौसिंगा)की विष्ठा मिली उनको दिखाया गया। जिससे छात्र-छात्राएं प्राकृत्तिक व रोचक जानकारी पाकर बहुत ही उत्साहित व खुश नजर आए, उन्होंने अपने मन में आ रहे प्रश्नों को भी वन स्टॉप के समक्ष रखा जिनका रेंजर विक्रम चौधरी व मास्टर ट्रेनर के द्वारा समाधान किया गया. प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरपंच इमलिया श्री प्रेमसींग एवं सरपंच मनका श्रीमती बबीता बाई की उपस्थिति रही एवं दमोह परिक्षेत्र से आशीष श्रीवास्त वनपाल , तनवीर खान उप वन क्षेत्रपाल, नजमा खान वनपाल, ईश्वर कांत मिश्रा वनरक्षक, अमान सिंह वनरक्षक, अमित तिवारी वनरक्षक, मूलसिंह गौंड वनरक्षक, आकांक्षा विश्वकर्मा , अंकिता कच्छवाहा वनरक्षक, मनीषा गौंड वनरक्षक, कुमारी साक्षी अवस्थी वनरक्षक, कुमारी रागिनी पाठक वनरक्षक, कौशल सिंह ठाकुर वनरक्षक, हर्ष राजपूत वनरक्षक की उपस्थिति रही।

पन्ना से इंदौर जायेंगे सैकडो की संख्या में कांग्रेसी

### इंदौर में जहरीले पानी से 20 मौतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च




पन्ना आचरण। पन्ना जिला कॉंग्रेस कार्यालय के सभागार में पन्ना जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनीस खान ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि इन्दौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीले एवं दूषित पानी पीने से अब तक 20 निर्दोष नागरिकों की मौत हो चुकी है, और 1000 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। इस भयावह घटना ने भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता और प्रशासनिक विफलता को उजागर कर दिया है। इसे केवल हादसा नहीं, बल्कि शासन की आपराधिक लापरवाही का परिणाम माना जा रहा है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस घटना के विरोध में 11 जनवरी 2026, रविवार को सुबह 11 बजे इंदौर के बड़ा गणपति मंदिर से राजवाड़ा चौक स्थित माँ अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थल तक एक प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस पैदल मार्च में प्रदेश कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। खान ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया है कि जब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलेगा और दोषियों को सजा नहीं दी जाएगी, तब तक कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। यह पैदल मार्च केवल विरोध नहीं, बल्कि जनता के जीवन, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है।

## बीड़ी कारोबारी के घर जीएसटी का छापा, टीम ने खंगाले दस्तावेज

आचरण संवाददाता

दमोह शहर के फुटेरा वार्ड में गुरुवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब बीड़ी और चाय पत्ती के बड़े कारोबारी मु शाहिद खान के घर जीएसटी विभाग की 12 सदस्यीय टीम ने अचानक दबिश दी। इंदौर जीएसटी आयुक्त के निर्देश पर दमोह पहुंची टीम ने एमएफ ट्रेडर्स से जुड़े व्यापारिक दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की है बीड़ी कारोबारी के घर जीएसटी का छापा, 12 सदस्यीय टीम ने खंगाले दस्तावेज, मचा हड़कंप बताया जा रहा है कि जीएसटी कर भुगतान में संभावित गड़बड़ियों की सूचना के बाद यह कार्रवाई की गई। सहायक सेल टैक्स अधिकारी योगेश कुमार दुबे ने बताया कि शाहिद खान 333 बीड़ी और चाय पत्ती के कारोबारी हैं, जिनके टैक्स रिकॉर्ड में खामियों की आशंका जताई गई है। फिलहाल प्रारंभिक जांच चल रही है और दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है।कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। जीएसटी टीम की गाड़ियों और अधिकारियों की मौजूदगी से इलाके में हड़कंप मच गया, वहीं कार्रवाई को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़कों पर जमा हो गए।अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि कर चोरी या अन्य वित्तीय अनियमितताओं का मामला कितना गंभीर है।

## जंगल में लावारिस हालत में मिला नवजात

### ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल, स्पेशल टीम कर रही निगरानी

आचरण संवाददाता



**मड़ियादो।** जिले के बटियागढ़ ब्लॉक के बरी गांव के पास गुरुवार सुबह एक नवजात शिशु लावारिस हालत में जंगल में मिला। कोई शख्स बच्चे को फेंककर मौके से फरार हो गया। चरवाहे की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिशु को सुरक्षित अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों और नर्सों की टीम उसकी देखभाल कर रही है।

### चरवाहे ने देखा, पुलिस को दी सूचना

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह तेज सिंह नामक चरवाहा अपने मवेशी चराने जंगल गया था। तभी उसे नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी। उसने मौके पर जाकर उसने देखा कि बच्चा कपड़े में लिपटा हुआ रो रहा है। तेज सिंह ने तुरंत गांव के सरपंच और पुलिस को सूचना दी। रजपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को अपनी निगरानी में लिया। इसके बाद एंबुलेंस से शिशु को हटा सिविल अस्पताल के एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) वार्ड में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों और नर्सों की टीम उसकी देखभाल कर रही है। डॉक्टरों ने बताया नवजात का जन्म आज ही हुआ है।

### अज्ञात शख्स पर केस

एएसआई इंद्रराज सिंह ने बताया कि रजपुरा पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस मामले से संबंधित जानकारी है, तो तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस स्टेशन को सूचित करें।

## खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं का अंबार, किसानों की जान पर खतरा

रैपुरा। जिला मुख्यालय से रैपुरा लगभग 120 किलोमीटर दूर होने के कारण यहां के धान खरीदी केंद्रों में अधिकारियों का निरीक्षण सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। इस वजह से कई केंद्रों पर अव्यवस्थाएं फैल गई हैं और किसानों की जान तक जोखिम में पड़ रही है। शासन द्वारा केंद्रों के संचालन, व्यवस्था व सुविधाओं को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, लेकिन इसके बावजूद कई केंद्रों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। सबसे गंभीर मामला सहकारी समिति फतेहपुर द्वारा संचालित रैपुरादृभरवारा खरीदी केंद्र का सामने आया है, जहां विद्युत सप्लाई का तार काफी नीचे लटका हुआ है। किसान जब धान खाली करने के बाद ट्रैक्टर या पिकअप लेकर वापस निकलते हैं, तो किसी व्यक्ति को हाथ से तार उठाना पड़ता है। यदि जरा सी भी गलती हो जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रैपुरा क्षेत्र के मलघनहार गांव में इसी तरह की लापरवाही के कारण पहले भी एक किसान की करंट लगने से मौत हो चुकी है, इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ।



इस केंद्र में अब तक लगभग 50,000 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, लेकिन पिछले 2दृ3 दिनों से बारदाना उपलब्ध न होने के कारण किसान परेशान हैं। भंडारण अधिक हो जाने से भी दिक्कतें बढ़ रही हैं। केंद्रों पर न अलाव की व्यवस्था है, न पीने के पानी का सही इंतजाम। जहां टैंकर है, वहां गिलासदृलोटा जैसे साधन तक उपलब्ध नहीं हैं। किसानों से पल्लेदारी व अतिरिक्त वजन वसूली जैसी शिकायतें भी लगातार सामने आती रही हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विभागीय अधिकारी, राजस्व अधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार समय-समय पर निरीक्षण करने आते हैं, तो फिर ऐसी अव्यवस्थाएं क्यों बनी हुई हैं? क्या निरीक्षण सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है? व्यापार धान खरीदी केंद्र भरवारा में भी लापरवाही भरवारा व्यापार धान खरीदी केंद्र में भी खरीदी बेहद धीमी गति से हो रही है। बोर्ड पर दर्ज अधिकारियों के नंबर काम नहीं करते। प्रशासक विनोद कुमार दीक्षित (94254 54264) और समिति प्रबंधक कुमारी सुरभि गुप्ता का नंबर केंद्र परिसर में स्पष्ट रूप से अंकित नहीं है। बताया जाता है कि समिति प्रबंधक दमोह से अप-डाउन करती हैं, जिस कारण वे अपने दायित्वों के प्रति उदासीन रहती हैं। किसानों का कहना है कि जब अधिकारियों के नंबर उपलब्ध ही नहीं हैं तो वे अपनी समस्या किससे कहें? इतना ही नहीं, अब तक इस केंद्र का तहसीलदार स्तर से निरीक्षण भी नहीं किया गया है।

### इनका कहना है -

आपके द्वारा यह मामला संज्ञान में लाया गया है। कल स्वयं धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया जाएगा और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-संतोष अहिरे, रैपुरा तहसीलदार**

## विधायक ने वॉश ऑन व्हील्स सेवा का शुभारंभ कर स्वच्छता साथियों को वितरित की किट



पन्ना। पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने गुरूवार को जनपद पंचायत पन्ना कार्यालय परिसर में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत वॉश ऑन व्हील्स (ॅ) सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। प्रत्येक स्वच्छता साथियों को 15-15 हजार रूपए राशि की किट का वितरण भी किया गया। इस मौके पर उन्होंने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का आग्रह करते हुए किट वितरण समारोह में स्वच्छता साथियों से बेहतर सेवा देने की अपेक्षा की, जिससे ग्रामीणजनों का विश्वास बढ़ सके। साथ ही अच्छी सेवा से भविष्य में ज्यादा काम मिलने के अतिरिक्त नई पीढ़ी को भी स्वच्छता की सीख मिलेगी। पन्ना विधायक ने कहा कि इस कार्य में सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक भी आगे आएं। घर का हर सदस्य स्वच्छता साथी बने। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मियों एवं ग्राम पंचायत को स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित करने की कार्यवाही के संबंध में भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजनों में स्वच्छता की आदत विकसित करने और इसे जीवनशैली में अपनाने के लिए ग्राम पंचायत का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने प्रत्येक विकासखण्ड की स्वच्छता में अव्वल ग्राम पंचायतों को चिन्हांकित करने की बात भी कही। साथ ही इस सुविधा को व्यवस्थित तौर पर एवं व्यवहारिक रूप से अपनाने का आग्रह भी किया। विधायक ने कहा कि शहर की भांति अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने स्वच्छता साथियों को शॉल श्रीफल भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत भी किया तथा सफाईकर्मियों की भूमिका के बारे में भी अवगत कराया। विभिन्न अवसरों पर पूर्व में सम्मानित सफाई कर्मचारियों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता साथियों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना भी आवश्यक है। यह पहल शासन के तकनीकी नवाचार और स्वच्छता अभियान का हिस्सा होने के साथ स्वच्छता की दिशा में एक अच्छी पहल भी है। पन्ना विधायक ने कार्यक्रम स्थल में 16 दिव्यांगजनों को मोटर ट्राईसिकल का वितरण भी किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जनपद पंचायत सीईओ जयशंकर तिवारी एवं परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वॉश ऑन व्हील्स एप्लीकेशन के जरिए शौचालयों की सफाई संबंधी ऑनलाइन बुकिंग और सफाई के काम की जानकारी भी दी गई। इस एप के जरिए स्कूल, आंगनबाड़ी, विभागों के शौचालयों तथा सार्वजनिक स्थल के शौचालयों की सफाई के लिए भी एप पर बुकिंग कराई जा सकती है। प्रशिक्षण प्राप्त सफाई मित्रों द्वारा निर्धारित शुल्क लेकर सफाई का कार्य किया जाएगा।ॅ एप्लीकेशन एप को मोबाइल के प्ले स्टोर से डाउनलोड कर इस सेवा का लाभ लिया जा सकता है।

**प्रेस वार्ता** इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

## मृतक के परिवारों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए

आचरण संवाददाता

पन्ना। जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से इंदौर में दूषित पानी से 18 लोगों की मौत हो गई तथा एक हजारसे अधिक लोग बीमार हैं जिनका इलाज चल रहा है उक्त घटना के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीस खान ने कहा कि भाजपा की सरकार द्वारा मृतकों के परिवारों के साथ मजाक किया जा रहा है उन्हें दो लाख के हिसाब से मुआवजा राशि दी जा रही है जो बहुत ही हास्यास्पद एवं कम है सभी मृतक परिवारों के परिजनों को एक करोड रुपए प्रत्येक परिवार के मान से मुआवजा दिया जाए सभी परिवारों का निशुल्क इलाज किया जाए तत्काल पाइपलाइन बदलवाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 11 जनवरी को




इंदौर में बहुत बड़ा आंदोलन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश भर से कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं श्री खान ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने के संबंध में भी पत्रकारों के समक्ष केंद्र तथा राज्य सरकार का विरोध जताया इस दौरान कांग्रेस पार्टी के अनेक वरिष्ठ कार्य करता भी उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व प्रत्याशी शिवजीत सिंह, राजेश तिवारी, मुरारी लाल थापक, पुरुषोत्तम जड़िया, मनीष मिश्रा, मार्तंड देव बुंदेला, जिला मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, शिव प्रकाश दीक्षित, बी एन जोशी, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष जीराबाई पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला, श्रीमती रहीमा खातून श्रीमती चांदनी जाटव,डॉक्टर कदीर खान,स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजपाल सिंह (सौरभ) ,रेवती रमन दीक्षित , जितेन्द्र सिंह जाटव , आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह , दीपक यादव,सहितअनेक लोग उपस्थित रहे।।

## पांचवां और आखिरी टेस्ट आस्ट्रेलिया ने 5 विकेट से जीता

# इंग्लैंड की एशेज में करारी शिकस्त ऑस्ट्रेलिया ने 4-1 से सीरीज जीती



सिडनी

स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में पांच विकेट से हराकर एशेज सीरीज 4-1 से जीत ली है। इस सीरीज में हार के साथ ही कप्तान बेट स्टोक्स की इंग्लैंड टीम के एशेज जीतने का सपना भी टूट गया। इस पूरी सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम हावी रही और इंग्लैंड उसके सामने कहीं नहीं टिक पायी। इंग्लैंड की टीम केवल चौथे बॉक्सिंग डे टेस्ट में ही जीतने में सफल रही। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहला, दूसरा, तीसरा और पांचवा टेस्ट जीतकर एक बार फिर एशेज में अपनी बादशाहत साबित की है। मैच के पांचवे दिन दिन इंग्लैंड की टीम सुबह ही अपनी दूसरी पारी में 342 रन बनाकर आउट हो गयी। जैकब बेथेल ने सबसे अधिक 265 गेंदों पर 154 रन बनाये। वहीं हैरी ब्रूक 42 और जेमी स्मिथ 26 रन बनाकर आउट हुए। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से आलराउंडर ब्यू वेबस्टर और मिचेल स्टार्क ने दूसरी पारी में 3-3 विकेट लिए, जबकि बोलैंड ने दो विकेट लिए जबकि एक विकेट नेसर को मिला। इसके बाद पहली पारी में मिली 183 रनों की बढ़त के कारण ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए केवल 160 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 31.2 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी की शुरुआत सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और जैक वेदरलैंड ने की। ट्रेविस 29 जबकि वेदरलैंड 34 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वहीं कप्तान स्टीव स्मिथ ने 12 रन बनाये। उस्मान ख्वाजा अपने कैरियर के अंतिम मैच में असफल रहे और 7 गेंद पर केवल 6 रन ही बना पाये। मार्नस लाबुशेन ने 37 रन बनाए। वहीं कैमरन ग्रीन 22 और एलेक्स कैरी 16 रन बनाकर नाबाद रहे। कैरी ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलायी।। इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने जो रूट के शतक 160 रन और हैरी ब्रूक के 84 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी में 384 रन बनाये थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों से करारा जवाब देते हुए पहली पारी में 567 रन बनाये। स्मिथ ने 138 रनों की पारी खेली। वहीं ब्यू वेबस्टर ने नाबाद 71 रन बनाये। मैच में 163 और 29 रन की पारी खेलने वाले ट्रेविस हेड मैन ऑफ द मैच और सीरीज में 156 रन बनाने वाले और 31 विकेट लेने वाले मिचेल स्टार्क मैन ऑफ द सीरीज रहे।

### क्रीज के आगे पैर, साफ नो बॉल और अंपायर ने देखा तक नहीं, वो एक गलती जिसके चलते इंग्लैंड ने गंवाया 5वां टेस्ट

एशेज सीरीज के आखिरी टेस्ट मैच में अंपायर की गलती सामने आई है। इस मुकाबले में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को गलत तरीके से आउट दिया गया। यह तब हुआ जब ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ब्यू वेबस्टर ने नो-बॉल फेंकी, लेकिन अंपायर ने उसे नहीं देखा। इस गलती के कारण इंग्लैंड को नुकसान हुआ और ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज 4-1 से जीत ली।

#### अंपायर से हुई बड़ी गलती

यह घटना एशेज सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के चौथे दिन हुई। जब इंग्लैंड की दूसरी पारी चल रही थी और टीम 219 रन पर 3 विकेट खो चुकी थी, तब ब्यू वेबस्टर ने हैरी ब्रूक को पगबाधा आउट किया। ब्रूक तब 42 रन पर खेल रहे थे और इंग्लैंड को सिर्फ 36 रनों की मामूली बढ़त मिली। लेकिन बाद में रीप्ले में साफ दिखा कि वेबस्टर ने क्रीज से आगे पैर निकालकर गेंद फेंकी थी, यानी यह एक नो-बॉल थी। थर्ड अंपायर कुमार धर्मसेना इस गलती को पकड़ नहीं पाए।

#### इंग्लैंड को हुआ नुकसान

क्रिकेट के नियमों के मुताबिक, थर्ड अंपायर को हर उस गेंद की जांच करनी होती है जिससे विकेट गिरता है। इसमें फ्रंट फुट और बैक फुट दोनों की नो-बॉल की जांच शामिल है। अगर इस गलती का पता चल जाता, तो हैरी ब्रूक को वापस क्रीज पर बुलाया जाता।ब्रूक के आउट होने के बाद इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई। टीम सिर्फ 124 रन और जोड़ पाई और ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 160 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ने यह लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया और सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली।



इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को गलत तरीके से आउट दिया गया। यह तब हुआ जब ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ब्यू वेबस्टर ने नो-बॉल फेंकी, लेकिन अंपायर ने उसे नहीं देखा।

### ईसीबी 4-1 से एशेज हार की समीक्षा करेगा

लंदन

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रिचर्ड गोल्ड ने कहा है कि इंग्लैंड की 4-1 से एशेज हार के अलग-अलग पहलुओं का आकलन करने के लिए पूरी तरह से रिव्यू शुरू किया गया है।

उन्होंने एक बयान में कहा, हम इस दौरे से बहुत कुछ सीखेंगे और जल्दी सुधार करने के लिए दृढ़ हैं। हमारा ध्यान 2027 में एशेज वापस जीतने पर है। कैंपेन का पूरी तरह से रिव्यू पहले ही शुरू हो चुका है। इसमें दौरे की प्लानिंग और तैयारी, व्यक्तिगत प्रदर्शन और व्यवहार, और परिस्थितियों के अनुसार प्रभावी ढंग से अनुकूलन और प्रतिक्रिया करने की हमारी क्षमता शामिल होगी। गोल्ड ने एशेज की उम्मीदों पर खरा न उतर पाने को बेहद निराशाजनक बताया। यह एशेज दौरा काफी उम्मीदों के साथ शुरू हुआ था, और इसलिए यह बेहद निराशाजनक है कि हम ऑस्ट्रेलिया में एशेज जीतने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा नहीं कर पाए।उन्होंने आगे कहा, हालांकि सीरीज के दौरान मजबूत प्रदर्शन और लचीलेपन के पल थे, जिसमें मेलबर्न में चौथे टेस्ट में कड़ी टक्कर वाली जीत शामिल है, हम सभी परिस्थितियों और मुकाबले के सभी चरणों में पर्याप्त रूप से लगातार नहीं थे, और ऑस्ट्रेलिया आखिरकार एशेज बरकरार रखने का हकदार था।गोल्ड ने आने वाले महीनों में जरूरी बदलाव लागू करने का भी वादा किया। इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट इस साल जून में है जब वे घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड का सामना करेंगे। उनका अगला असाइनमेंट श्रीलंका में एक व्हाइट-बॉल सीरीज है जिसके बाद भारत और श्रीलंका में टी-20 वर्ल्ड कप होगा।

### आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

## इंग्लैंड की शर्मनाक हार से टीम इंडिया को फायदा



नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 4-1 से हराकर आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की पॉइंट्स टेबल में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया टॉप पर बना हुआ है, जबकि इंग्लैंड की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं और भारत की स्थिति में भी सुधार की गुंजाइश बनी है।

#### ऑस्ट्रेलिया को तगड़ा फायदा

ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां और आखिरी टेस्ट पांच विकेट से जीता। इस जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया का पॉइंट्स प्रतिशत 87.50 हो गया है, जो पहले 85.71 था। यह इस WTC चक्र में उनकी सातवीं जीत थी। उन्हें सिर्फ बॉक्सिंग डे टेस्ट में इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

#### इंग्लैंड की टेंशन बढ़ी

दूसरी ओर, इंग्लैंड की हार ने WTC फाइनल में पहुंचने की उनकी राह और मुश्किल कर दी है। बेन स्टोक्स की टीम को 10 मैचों में छठी हार मिली है। उनका PCT घटकर 31.66 रह गया है। वे अभी भी पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर हैं, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज से थोड़ा ऊपर लेकिन भारत से नीचे।

#### टीम इंडिया को फायदा

भारत के लिए यह अच्छी खबर है। शुभमन गिल की टीम छठे स्थान पर है और उनका PCT 48.15 है। इसका मतलब है कि वे टॉप फोर में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं। भारत के सामने अभी कई महत्वपूर्ण घरेलू और विदेशी सीरीज बाकी हैं। इंग्लैंड के लगातार हारने से भारत को फायदा हो सकता है, अगर वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

#### कैसा है अंक तालिका का हाल

ऑस्ट्रेलिया के बाद, पिछले WTC चक्र के विजेता न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है जिनका PCT 77.78 है। दक्षिण अफ्रीका तीसरे (75.00) और श्रीलंका चौथे (66.67) स्थान पर हैं। इससे WTC फाइनल में पहुंचने की दौड़ और भी रोमांचक हो गई है।

### 2027 एशेज में खेलने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं स्मिथ

सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीवन स्मिथ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के उम्रदराज खिलाड़ियों का समूह 2027 एशेज खेलने को लेकर उत्सुक है लेकिन वह खुद को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि वह उस सीरीज का हिस्सा हो पाएंगे या नहीं क्योंकि तब तक वह 38 के हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में सबसे उम्रदराज टीमों में से एक टीम के साथ जीत हासिल करते हुए एशेज पर 4-1 से क़ब्ज़ा जमाया। टेस्ट इतिहास में अब तक सिर्फ़ सात बार कोई टीम 30 से अधिक की उम्र के 10 खिलाड़ियों के साथ खेली है और ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज में दो बार (पर्थ और सिडनी में) ऐसा किया। अन्य पांच बार ऐसा करने वाली टीम इंग्लैंड थी जो 1909 से 1926 के बीच 30 से अधिक की उम्र के 10 खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरी थी। इस सीरीज की शुरुआत से पहले ऑस्ट्रेलिया में शामिल उम्रदराज़ खिलाड़ियों पर सवाल उठे थे लेकिन 35 वर्षीय मिचेल स्टार्क प्लेयर ऑफ द सीरीज़ बने जबकि 36 वर्षीय स्कॉट बोलैंड ने सभी पांच टेस्ट खेले और उन्होंने 24.95 की औसत से 20 विकेट हासिल किए। वहीं 35 वर्षीय माइकल नीसर ने भी अहम भूमिका निभाते हुए तीन टेस्ट में 19.93 की औसत से 15 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलियाई दल के सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी 39 वर्षीय उस्मान ख़ूवाजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। जबकि जॉश हेजलवुड इस सीरीज़ का हिस्सा नहीं थे।

### महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 का आगाज आज से

# पहले मैच में मुंबई इंडियंस और आरसीबी की भिड़ंत

मुंबई

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की शुरुआत आज से हो रही है। टूर्नामेंट के पहले मैच में दो बार की विजेता हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस का सामना डब्ल्यूपीएल में एकमात्र अन्य खिताब जीतने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा जिसकी कमान स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना संभाल रही हैं। चौथी डब्ल्यूपीएल का आयोजन दो चरणों में नवी मुंबई और वडोदरा में किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को परखने का भी मौका मिलेगा।



#### कागजों पर मुंबई मजबूत

कागजों पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम काफी मजबूत नजर आती है। उसके पास भारतीय कप्तान हरमनप्रीत के अलावा इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर ब्रंट और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। मुंबई ने अपने अधिकतर खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और किसी भी टीम के लिए उसे हराना एक चुनौती होगी। न्यूजीलैंड की अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की ि इलिंगवर्थ और भारत की भरोसेमंद अमनजोत कौर की मौजूदगी से उसकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत हो गई है। शबनिम इस्माइल मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगी, जिसमें साइका इशाक भी शामिल हैं।

#### आरसीबी में स्टार खिलाड़ियों की भरमार

आरसीबी की बात करें तो उसके पास मंधाना जैसी मंझी हुई खिलाड़ी है। इन पर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने का जिम्मा होगा। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल, ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस और दक्षिण अफ्रीका की जुझारू ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगी। आरसीबी के पास ऋचा घोष के रूप में अदद विकेटकीपर और फिनिशर है। भारत की अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्रकार और इंग्लैंड की लॉरेन बेल आरसीबी की प्रमुख तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। उसके पास इंग्लैंड की लिन्से स्मिथ, भारत की राधा यादव और श्रेयांका पाटिल जैसी अच्छी स्पिन गेंदबाज भी हैं।

#### पिच और परिस्थितियां

नवी मुंबई की परिस्थितियां बल्लेबाजी के अनुकूल रहने की पूरी उम्मीद है और दूसरी पारी में ओस का प्रभाव भी दिख सकता है। तेज गेंदबाज़ों को शुरुआत में मूवमेंट भी मिलती है।

डब्ल्यूपीएल में डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए 11 में से केवल तीन मैचों में ही पहले बल्लेबाज़ी करने वाली टीमें जीती हैं। इस मैदान पर 2024 से अब तक टी-20 में पहली पारी का औसत स्कोर 169 रहा है।

#### दोनों टीमें इस प्रकार है...

**मुंबई इंडियंस:** हीली मैथ्यूज, अमनजोत कौर, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, पूनम खेमनार, एमेलिया केर, नैत साइवर ब्रंट, निकोला कैरी, नाला रेड्डी, त्रिवेणी वशिष्ठ, जी कमलिनी (विकेटकीपर), राहिला फिरडोस (विकेटकीपर), मिली इलिंगवर्थ, साइका इशाक, शबनिम इस्माइल।

**आरसीबी:** दयालन हेमलता, स्मृति मंधाना (कप्तान), जॉर्जिया वोल, नादिन डी क्लर्क, ग्रेस हैरिस, गौतमी नाइक, श्रेयांका पाटिल, प्रेमा रावत, पूजा वस्त्रकार, सायली सत्घरे, ऋचा घोष (विकेटकीपर), कुमार प्रत्यूशा (विकेटकीपर), लॉरेन वेल, अरुंधति रेड्डी, लिन्से स्मिथ, राधा यादव।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से शुरू होगा और इसका टॉस आधे घंटे पहले होगा।**

### सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन

## सिंधु, चिराग-सात्विक क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य सेन बाहर

कुआलालम्पुर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने जापान की आठवीं सीड टोमोका मियाजाकी को गुरूवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी भी युगल वर्ग क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं जबकि पुरुष वर्ग के एकल के प्री क्वार्टर मुकाबले में लक्ष्य सेन सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।



कल यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में खेले गये मुकाबले में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु ने पहला गेम 21-8 से जीता और दूसरे गेम में भी यही लय बनाए रखते हुए मैच 21-13 से अपने नाम किया। यह दुनिया की नंबर 18 पीवी सिंधु की टोमोका मियाजाकी के खिलाफ तीन मैचों में दूसरी जीत थी। क्वार्टर फाइनल में सिंधु का मुकाबला चीन की गाओ फांग जी और जापान की तीसरी सीड अकाने यामागुची के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। बैडमिंटन रैंकिंग में 13वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन 53 मिनट में हांगकांग के दुनिया के18 नंबर खिलाड़ी ली चेउक यिउ से 22-20, 21-15 से हार गए। यह ली चेउक यिउ के खिलाफ पांच मैचों में लक्ष्य सेन की तीसरी हार है। आयुष शेट्टी भी अपना प्री-क्वार्टर फाइनल मैच हार गए, जिससे बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत की पुरुष एकल चुनौती समाप्त हो गई। चीन के टॉप सीड और विश्व चैंपियन शी युकी के खिलाफ, आयुष शेट्टी एक घंटे और 12 मिनट में 21-18, 18-21, 21-12 से हार गए।

इस बीच, भारत की शीर्ष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। मलेशिया के जुनैदी आरिफ और याप रॉय किंग के खिलाफ खेलते हुए चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने यह मैच 21-18, 21-11 से जीत लिया।

### सरफराज खान ने लिस्ट ए क्रिकेट में जड़ा सबसे तेज अर्धशतक

जयपुर

सरफराज खान ने विजय हजारे ट्रॉफी के सातवें राउंड में पंजाब के खिलाफ लिस्ट ए क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे तेज अर्धशतक लगाया। जयपुर के जयपुरिया विद्यालय मैदान पर 217 के लक्ष्य का पीछे करते हुए मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी ने 8.2 ओवर में 57 रनों की साझेदारी करते हुए मुंबई को मजबूत शुरुआत दिलाई। अपने भाई के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये सरफराज ने पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा के एक ओवर में तीन छक्के और तीन चौके जड़े और इसके बाद उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ के खिलाफ पांच गेंदों में 19 रन बटोर लिए।

सरफराज ने महज 15 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और जब उन्हें मंयक मार्कंडे ने पगबाधा किया तब वह सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 20 गेंदों पर 62 रन बना चुके थे।

## विदर्भ और मध्य प्रदेश क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, नेट रन रेट से चूक गया बड़ौदा

जयपुर

विदर्भ और मध्य प्रदेश ने विजय हजारे ट्रॉफी घरेलू वनडे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। चंडीगढ़ के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के बावजूद बड़ौदा की टीम नेट रन रेट के कारण अंतिम आठ में क्वालिफाई करने से चूक गई है। एक अन्य मैच में पंजाब ने मुंबई को एक रन से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की है। **आइए जानते हैं विजय हजारे ट्रॉफी में गुरुवार को खेले गए मैचों के नतीजे...**

#### विदर्भ ने असम को हराया

अथर्व तायडे और रविकुमार समर्थ के अर्धशतकों की मदद से विदर्भ ने असम को 160 रनों से हराया। नॉकआउट में प्रवेश के लिए विदर्भ का बंगाल और बड़ौदा के साथ त्रिकोणीय मुकाबला था जिसमें उसे बड़ी जीत की जरूरत थी। विदर्भ ने सात विकेट पर 308 रन बनाए और जवाब में असम की टीम 35 ओवर में 148 रन पर आउट हो गई। कप्तान सुमित घड़ीगांवकर के नाबाद 80 रन भी काम नहीं आए। असम की टीम ने पांच विकेट 77 रन पर ही गंवा दिए थे और उसके बाद से वापसी मुश्किल थी। विदर्भ के लिए पार्थ रेखाडे ने 45 रन देकर चार विकेट लिए।

#### बड़ौदा की बड़ी जीत

बड़ौदा ने चंडीगढ को 149 रन से हराया, लेकिन नेट रन रेट के आधार पर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने से चूक गया। बड़ौदा ने 49.1 ओवर में 391 रन बनाए जिसमें प्रियांशु मोलिया ने 106 गेंद में 113 रन का योगदान दिया, जबकि हार्दिक पांड्या ने 31 गेंद में नौ छक्कों समेत 75 रन बनाए। जितेश शर्मा ने 33 गेंद में 73 और विष्णु सोलंकी ने 49 गेंद में 54 रन बनाए। जवाब में चंडीगढ़ की टीम 242 रन पर आउट हो गई और शिवम भांबरी का 95 गेंद में बनाया शतक भी काम नहीं आया।

#### उत्तर प्रदेश ने बंगाल को दी मात

ग्रुप बी के मुकाबले में ध्रुव जुरेल ने टूर्नामेंट में दूसरा शतक लगाया जिसके दम पर उत्तर प्रदेश ने बंगाल को पांच विकेट से मात दी। बंगाल ने 45.1 ओवर में 269 रन बनाए। जवाब में जुरेल ने 96 गेंद में 123 रन बनाए जिसमें नौ चौके और पांच छक्के शामिल थे। इस तरह उत्तर प्रदेश ने 42.2 ओवर में पांच विकेट पर 272 रन जोड़े और मैच जीत लिया।

#### मध्य प्रदेश ने कर्नाटक को हराया

बाएं हाथ के स्पिनर शिवांग कुमार ने पांच विकेट झटके जिससे मध्य प्रदेश ने कर्नाटक को सात विकेट से हराया। मध्य प्रदेश ने टॉस जीतकर कर्नाटक के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। कर्नाटक 47.4 ओवर में 207 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कर्नाटक के लिए कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा पाया। कप्तान मयंक अग्रवाल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। इन फॉर्म देवदत्त पडिक्कल 35 रन बनाकर आउट हो गए।मध्य प्रदेश के लिए शिवांग कुमार ने पंजा खोला, जिसके चलते वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे।

208 रन का टारगेट मध्य प्रदेश ने 23.2 ओवर में 7 विकेट रहते हासिल कर लिया। कप्तान वेंकटेश अय्यर ने 5 छक्के और 4 चौकों के दम पर 33 गेंद में नाबाद 65 रन बनाए यश दुबे ने 40 रन बनाए। त्रिपुरेश सिंह ने 12 गेंद में 36 रन की तूफानी पारी खेली। 34 रन हिमांशु मंत्री ने भी बनाए। अक्षत रघुवंशी ने 26 रनों का योगदान दिया। कर्नाटक के लिए 1-1 विकेट श्रीशा अचर, विद्दयधर पाटिल और श्रेयस गोपाल ने लिया।

## हैरी ब्रूक ने नाइटक्लब वाली घटना को लेकर माफी मांगी

सिडनी

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने एशेज से पहले इंग्लैंड के न्यूजीलैंड दौरे के दौरान एक एकदिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर एक नाइटक्लब बाउंसर के साथ झगड़े में शामिल होने की घटना को लेकर माफी मांग ली है। यह घटना ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज में इंग्लैंड को मिली 4-1 से हार के बाद सामने आयी है। टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, वेलिंगटन एकदिवसीय मैच से एक रात पहले एक क्लब में प्रवेश को लेकर इंग्लैंड के सफेद कप्तान हैरी ब्रूक का बाउंसर के साथ झगड़ा हुआ। इसके बावजूद उनकी कप्तानी को बरकरार रखा गया। इस व्यवहार के लिए उन पर 36 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है और उन्हें अंतिम चेतावनी दी गई। ब्रूक ने एक बयान में कहा, मैं अपने कामों के लिए माफी मांगना चाहता हूं। मैं पूरी तरह से स्वीकार करता हूं कि मेरा व्यवहार गलत था और इससे मुझे और इंग्लैंड टीम दोनों को शर्मिंदगी हुई। इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करना सबसे बड़ा सम्मान है, जिसे मैं गंभीरता से लेता हूं और मैं अपने टीम के साथियों, कोचों और समर्थकों को निराश करने के लिए बहुत दुखी हूं। मैंने इससे मिले सबक पर विचार किया है कि जिम्मेदारी, पेशेवर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने वालों से क्या उम्मीदें होती हैं। उन्होंने कहा, मैं इस गलती से सीखने और भविष्य में अपने कामों से, मैदान पर और मैदान के बाहर, विश्वास फिर से बनाने के लिए दृढ़ हूं।

### शेफाली वर्मा प्लेयर ऑफ द मंथ नॉमिनीज में शामिल

दुबई

ऑस्ट्रेलिया के पेस बॉलर मिचेल स्टार्क और न्यूज़ीलैंड के जैकब डफ़ी के साथ-साथ वेस्ट इंडीज़ के ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स दिसंबर के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की लाइन में हैं, जबकि भारत की शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीकी जोड़ी लॉरा वोल्वार्ड्ट और सुने लुस के साथ महिला शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं। लेफ्ट-आर्म पेसर स्टार्क ने इस दौरान तीन एशेज टेस्ट में 16 विकेट लेने के अलावा बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट सीरीज में 23 विकेट लेकर डफ़ी,जबकि ग्रीव्स का डबल-सेंचुरी वाला प्रयास उन्हें एक काबिल कैंडिडेट बनाता है।

## तिलक न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी-20 से बाहर

नई दिल्ली

भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज शुरू होने से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा खराब सेहत के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती तीन टी-20 मैच से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तिलक वर्मा के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी

#### तिलक की हुई सर्जरी

बीसीसीआई ने तिलक के बारे में अपडेट देते हुए कहा, तिलक की बुधवार राजकोट में सर्जरी हुई है। वह पेट से जुड़ी समस्या से जूझ रहे थे। उन्हें गुरुवार की सुबह अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वह शुक्रवार को हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। तिलक फिलहाल ठीक हैं और बीमारी से उबर रहे हैं। तिलक पूरी तरह ठीक होने और घाव के संतोषजनक रूप से भरने के बाद शारीरिक प्रशिक्षण फिर से शुरू करेंगे और धीरे-धीरे कौशल-आधारित गतिविधियों में लौटेंगे।बीसीसीआई ने बताया, तिलक न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी20 मैच से बाहर हो गए हैं। शेष दो मैचों के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला उनकी प्रगति और ट्रेनिंग में लौटने के बाद लिया जाएगा।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौथा और पांचवां मुकाबला क्रमशः 28 और 31 जनवरी को खेला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक

पन्ना। जिले में आगामी 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लासपूर्वक एवं गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के लिए आवश्यक दायित्व सौंपे गए। बताया गया कि शासकीय कार्यालयों में ध्वज संहिता का पालन कर सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। इस दौरान आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं सहित कार्यक्रम संचालन और तहसील व विकासखण्ड स्तर पर भी कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र सेनानी का सम्मान भी होगा। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन, विभिन्न समितियों के गठन, साफ-सफाई व्यवस्था, झांकियों की तैयारी, कार्यालय प्रमुखों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोकसेवकों के नाम अनिवार्यतः 23 जनवरी तक प्रेषित करने तथा अंतिम रिहर्सल के संबंध में एवं अनुभाग स्तर पर बैठक आयोजन के निर्देश भी दिए गए। गणतंत्र दिवस पर शासकीय भवनों व ऐतिहासिक महत्व के स्थानों पर रोशनी भी की जाएगी। गणतंत्र दिवस की संध्या पर टाउन हॉल में भारत पर्व का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद थे।

### मंदसौर में 5वीं की छात्रा से रेप, आरोपी गिरफ्तार



मंदसौर। मंदसौर के नई आबादी थाना क्षेत्र में 13 साल की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता 5वीं कक्षा की छात्रा है और मानसिक रूप से कमजोर बताई जा रही है। पुलिस ने गुरुवार शाम को आरोपी को हिरासत में लिया है। नई आबादी पुलिस के अनुसार- बुधवार देर रात नाबालिग लड़की परिवार के साथ थाने पहुंची थी। परिवार ने बताया कि उसके साथ 25 वर्षीय किशोर पिता प्रभु लाल भील, निवासी राजाखेड़ी ने दुष्कर्म किया है। आरोपी परिचित है। उसने कई बार नाबालिग का शारीरिक शोषण किया है। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि नाबालिग मानसिक रूप से कमजोर है। जिस स्कूल में वह पढ़ने जाती है, आरोपी का घर उसी के पास है। पहले से परिचित होने से कई बार पीड़िता उसके यहां खेलने चली जाया करती थी। आरोपी की एक 7 साल की बेटी है। पिछले एक महीने से आरोपी उसी की मदद से उसे स्कूल से बुला लिया करता था। बच्ची को किसी न किसी बहाने बाहर भेजकर उसके साथ शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर डराता था। इसी डर की वजह से पीड़िता किसी को घटना के बारे में नहीं बता पाई।

घटना का खुलासा तब हुआ जब बुधवार को पीड़िता को पेट दर्द की शिकायत हुई। उसकी मां ने विश्वास में लेकर उससे पूछताछ की, जिसके बाद पीड़िता ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इसके परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। नई आबादी पुलिस के अनुसार मामला दर्ज कर आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है और पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। इधर, जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झिरकन से भी सरकारी डेयरी पर दूध लेने गई नाबालिग किशोरी के साथ रेप का मामला सामने आया है। एसडीओपी कीर्ति बघेल ने किशोरी सरकारी डेयरी पर दूध लेने गई थी। तभी आरोपी वहां से किशोरी को अपने साथ बहला फुसला कर ले गया और उसके साथ रेप किया। अफजलपुर पुलिस ने आरोपी परसराम पिता रामलाल गुर्जर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## ट्रिपर सहित खदान में डूबे थे अनिल, शव पाने पत्नी ने जबलपुर हाईकोर्ट में लगाई थी याचिका; आज अंतिम संस्कार

# 85 दिनों बाद खदान से बाहर निकाला शव

जबलपुर

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) धनपुरी में कार्यरत अनिल कुशवाहा बंद पड़ी खदान में काम करते समय 11 अक्टूबर 2025 को ट्रिपर सहित पानी से भरी खदान में डूबे गए थे। लगातार उनकी सर्चिंग की गई और आखिरकार 85 दिनों के बाद कर्मचारी अनिल कुशवाहा का शव (कंकाल) निकाला गया। इस दौरान मृतक के परिजन और एसईसीएल के अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे। अनिल की पत्नी आरती कुशवाहा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए अंतिम संस्कार के लिए पति के शव की मांग की थी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के निर्देश पर बंद पड़ी खदान में भरा करीब 40 फीट गहरे पानी को मशीनों की मदद से निकाला गया। गुरुवार को खदान में ट्रिपर दिखा, जिसके भीतर अनिल कुशवाहा का शव मिला। आज उनके गृह ग्राम मऊगंज में अंतिम संस्कार होगा।

### ट्रिपर सहित डूबा था कर्मचारी

SECL के सोहागपुर एरिया में मऊगंज निवासी अनिल कुशवाहा आरकेटीसी प्राइवेट कंपनी में ठेके पर ट्रिपर चालक का काम करते थे। 11 अक्टूबर 2025 को भारी बारिश के बाद भी उन्हें 15 साल से बंद पड़ी खदान में काम पर भेजा गया, जहां मिट्टी धंसने से वे ट्रिपर सहित गहरे पानी में समा गए।

### सेना ने चलाया सर्च ऑपरेशन

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की मदद से शव और ट्रिपर को तलाश करने की कोशिश की, पर पानी अधिक होने के



कारण रेस्क्यू नहीं हुआ। प्रशासन ने वाराणसी से NDRF और जबलपुर से सेना की मदद ली। NDRF के 94 जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, ट्रिपर 84 फीट की गहराई में दिखाई तो दिया पर पानी अधिक होने के कारण उसे निकाला नहीं जा सका। अत्यधिक गहराई और जोखिम की वजह से रेस्क्यू आगे नहीं किया जा सका। परिवार की सहमति से प्रशासन ने बाद में डेथ सर्टिफिकेट जारी कर 25 लाख रुपए की मुआवजा राशि तय की, जो SECL या ठेका कंपनी द्वारा दी गई। पति का शव पाने और कंपनी की लापरवाही को लेकर अनिल की पत्नी आरती कुशवाहा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा कि जिस खदान में उनके पति को भेजा गया, वह 15 साल से बंद थी और माइंस एक्ट के तहत उसकी क्लोजर रिपोर्ट बननी चाहिए थी, लेकिन इसके बावजूद भी काम कराया जा रहा था। कोर्ट को बताया कि सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे और कंपनी ने टारगेट पूरा करने के लिए दबाव बनाकर काम करवाया।

### पति का अंतिम संस्कार करना है

अनिल कुशवाहा की पत्नी आरती कुशवाहा ने कोर्ट से कहा कि कंपनी ने आश्वासन दिया था कि 60 दिनों के भीतर शव मिल जाएगा पर आज तक कुछ नहीं हुआ। दिसंबर 2025 के दूसरे सप्ताह में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई तो आरती ने कोर्ट से कहा कि हिंदू रीति-रिवाज से पति का अंतिम संस्कार करना है, कम से कम अवशेष मिल जाएं, उसी का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। जस्टिस विशाल मिश्रा की कोर्ट ने डीजीएमएस (खनन सुरक्षा महानिदेशालय), शहडोल कलेक्टर, SECL, आरकेटीसी कंपनी और धनपुरी थाने को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा, साथ ही निर्देश दिए कि खदान का पानी खाली कर शव को निकाला जाए। हाईकोर्ट के आदेश पर कंपनी और स्थानीय प्रशासन ने बंद पड़ी खदान में भरा करीब 40 फीट गहरे पानी को निकालना शुरू किया। स्ध्वष्टरु आरकेटीसी कंपनी और स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम के साथ कई बड़ी-बड़ी मशीनें लगातार खदान में भरा पानी निकालती रही। लाखों गैलन पानी जब खदान से निकाला गया, तब जाकर ट्रिपर दिखाई दिया, जिसमें कि अनिल की बॉडी फंसी हुई थी। एसडीआरएफ की टीम ने बमुश्किल ट्रिपर में फंसे अनिल कुशवाहा के क्षत-विक्षत शव को निकालकर परिजनों को सौंप दिया।

## ग्वालियर में सीजन का सबसे ठंडा दिन



ग्वालियर

ग्वालियर में गुरुवार सीजन का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। पूरे शहर में घना कोहरा छाया रहा, जिसके चलते सुबह बाजार निकलने वाले वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। दिनभर जम्मू-कश्मीर जैसी कड़ाके की सर्दी ने लोगों को परेशान किया। सुबह न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण ठंड के कारण लोग दिनभर अलाव का सहारा लेने को मजबूर रहे। सर्दी के कारण स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्वालियर में कक्षा आठवीं तक के स्कूल 7 जनवरी तक बंद रहे। गुरुवार को 14 दिन बाद सुबह 10 बजे स्कूल खुले, लेकिन घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के कारण बच्चों की उपस्थिति काफी कम रही। इसके बाद प्रशासन ने दो दिन की अतिरिक्त छुट्टी घोषित कर दी। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए शहरवासी गर्म तासीर वाले भोजन और पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, ताकि शरीर में गर्मी बनी रहे। लोग आवश्यक काम होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं और निकलते समय पूरी तरह खुद को ढक रहे हैं। ऊनी दस्ताने, टोपी, मफलर और गर्म कपड़ों का उपयोग कर सर्दी से बचाव कर रहे हैं।

### संपत्तिकर बकाया पर कुर्की, बाइक और स्कूटी भी कुर्क

रीवा। रीवा नगर निगम ने संपत्तिकर के बड़े बकायादारों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम आयुक्त के निर्देश पर गुरुवार को जोन क्रमांक-03 में वसूली दल ने 5 स्थानों पर कुर्की की कार्रवाई की। इस दौरान एक बकायादार की चल संपत्ति जब्त की गई, जबकि चार अन्य बकायादारों ने मौके पर ही लाखों रुपए का कर जमा कर दिया। नगर निगम की राजस्व टीम अतिक्रमण अमले और पुलिस बल के साथ बकायादारों के यहां पहुंची। अंतिम सूचना के बाद भी भुगतान नहीं करने पर कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार, कुर्की की कार्रवाई के दबाव में चार लोगों ने तत्काल बकाया चुकाया, जिससे निगम कोष में बड़ी राशि जमा हुई। जोन-03 में छोटेलाल सिंह (पिता शंभू प्रसाद सिंह) द्वारा संपत्तिकर जमा नहीं करने पर उनकी चल संपत्ति जब्त की गई। कुर्की के दौरान उनकी दो मोटरसाइकिल और एक स्कूटी नगर निगम के सुपुर्द की गई। विष्णु प्रसाद मिश्रा पर रुपए 78,807 बकाया था, कुर्की के दौरान पूरा भुगतान किया।कैलाश नाथ मिश्रा पर रुपए 1,37,353 बकाया, चेक और नकद से राशि जमा की।



सागर आचरण। पत्रकार अभिषेक यादव ने अपना जन्मदिन पत्रकार साथियों और मित्रों के साथ मनाया। इस दौरान पूर्व विधायक सुनील जैन सहित अन्य पत्रकारों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी

# बजट में बाजीगरी दिखाने की तैयारी

भोपाल आचरण

फरवरी के प्रथम पखवाड़े में विधानसभा का बजट सत्र आहुत किया जा सकता है इसके लिए विधानसभा सचिवालय ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं राज्य सरकार ने सभी विभागों से 15 जनवरी तक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है इसमें बीते 1 साल में विभिन्न योजनाओं पर हुए खर्च और उनसे जुड़े परिणाम क्या रहे कितने लोगों को रोजगार मिला इसका पूरा ब्योरा देने को कहा गया है इस वर्ष कृषि कल्याण वर्ष मनाया जाना है इसकी भी रणनीति तैयार की जा रही है वित्त विभाग ने सभी विभाग अध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों से पूछा है कि उनके द्वारा अगले एक साल में कौन से नवाचार किए जाएंगे और विभाग का राजस्व कैसे बढ़ पाएगा यह सभी जानकारी 15 जनवरी तक मांगी गई है इसमें सभी अपर



देवदत्त दुबे

मुख्य सचिव प्रमुख सचिव सचिव विस्तार के अफसर से कहा गया है की नई योजनाओं की जानकारी इसमें शामिल की जाए इसलिए नई योजनाओं की डिटेल भी विभागों को भेजना है अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान अगले वित्तीय बजट वर्ष 2026 -27 के अलावा अगले 2 वर्ष यानी की 27- 28 और वर्ष 28- 29 के रोलिंग बजट को लेकर भी मंथन किया जाएगा नगरीय प्रशासन विभाग को स्पष्ट तौर पर कह दिया गया है कि मौजूदा व्यक्ति वर्ष में प्रदेश को पूरी तरह से झुग्गी मुक्त राज्य बनाना है इसके लिए नगरीय प्रशासन के अलावा दूसरे संबंधित विभागों से भी कार्य योजनाएं मांगी गई है गोवन संवर्धन एवं संरक्षण गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं इसकी जानकारी भी दी जाए साथ ही शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए की गई कार्रवाई और कितनी भूमि कितने मूल्य की भूमि अतिक्रमण से मुक्त हुई है इसका ब्यौरा भी देना होगा बहरहाल सरकार जिस तरह से बजट की तैयारी कर रही है उसमें जो महत्वपूर्ण जानकारी बुलाई जा रही है की योजनाओं पर कितना खर्च हुआ और कितने लोगों को रोजगार मिला विभाग बार आंकड़े आने के बाद बजट भाषण जो दिए जाएंगे उसमें विभाग बार-बार उल्लेख होगा कि इतने रोजगार मिले इतना योजनाओं पर खर्च हुआ वित्त विभाग के प्रमुख सचिव सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव विभाग अध्यक्षों के साथ चर्चा करेंगे और यह चर्चा 29 जनवरी तक जारी रहेगी इसके उपरांत बजट को लेकर विभाग मंत्रियों के साथ भी मंत्रणा करेंगे पहले राज्य के 32 विभाग के साथ होने वाला मंथन अब 19 जनवरी से 29 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा सरकार ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्यो को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों से फीडबैक भी तलब किया है इस फीडबैक के आधार पर दीर्घकालिक विकास रणनीति को बजट में शामिल किया जाएगा बजट प्रस्ताव पर विभागीय बैठकों में प्राप्त रिपोर्ट और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी कुल मिलाकर बजट में बाजीगरी दिखाने के लिए विधानसभा सचिवालय और राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी है जिससे कि उपलब्धियां का ब्यौरा विधानसभा के माध्यम से चहुं ओर पहुंच सके।

## घर में घुसकर युवती से रेप, मुंह में कपड़ा ठूंसा

### मंदिर से पकड़ाया आरोपी पुजारी; दूसरे ने पटक-पटककर पीटा

डबरा

ग्वालियर में एक मंदिर के पुजारी पर घर में घुसकर 18 वर्षीय युवती से दुष्कर्म का आरोप है। विरोध करने पर आरोपी ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। घटना सामने आने के बाद परिजन ने पुजारी को मंदिर में पकड़ लिया, जहां मौजूद दूसरे पुजारी ने उसे जमीन पर पटक-पटककर पीटा। आरोपी किसी तरह छूटकर भाग गया। मामला करहिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है। 4 जनवरी की रात युवती घर में सो रही थी। उसके भैया-भाभी बाहर गए हुए थे। घर में मानसिक रूप से अस्वस्थ मां मौजूद थी। इसी दौरान गांव के सिद्धेश्वर मंदिर का 65 वर्षीय पुजारी हरिराम घर में घुस आया।



पीड़िता के अनुसार, आरोपी कमरे में आकर उसके पास लेट गया और जब उसने विरोध किया तो उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। चिल्लाने पर आरोपी ने तंत्र-मंत्र से जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी धमकी देकर मौके से फरार हो गया। डर और सदमे के कारण युवती एक-दो दिन तक चुप रही। बाद में उसने भैया-भाभी को पूरी घटना बताई। पीड़िता ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। देर रात होने के कारण पुलिस ने जीरो FIR दर्ज कर केस डायरी करहिया थाने भेजी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को शिवपुरी जिले से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में शुक्रवार को पेश किया जाएगा।

## कार्रवाई

### जबलपुर के नर्मदा घाट पर आश्रम में मौजूद लोगों के पैर पड़वाए; मुख्य आरोपी सहित 5 पकड़े गए

# मारपीट करने वाले बदमाशों से पुलिस ने करवाया पूजा-पाठ

जबलपुर

नर्मदा घाट पर उत्पात मचाने वाले पांच बदमाशों को जबलपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने घाट पर मस्ती के दौरान टोकने पर आश्रम में मौजूद नर्मदा भक्तों के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के साथ सभी आरोपियों को उसी घाट पर ले जाकर पूजा-पाठ भी करवाया, जहां यह घटना हुई थी। यह घटना 1 जनवरी की है, जब आरोपी कार से नर्मदा घाट पहुंचे थे और आश्रम में रहने वालों से विवाद हो गया था। तिलवाराघाट पर स्थित राम भरोसे नामक आश्रम में जबलपुर जिले के आसपास के नर्मदा भक्त रहते हैं। ये भक्त नर्मदा परिक्रमा करने वालों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था करते हैं। 31 दिसंबर की रात करीब 12 बजे तिलवारा और रमनगरा क्षेत्र के तीन युवक न्यू ईयर मनाने तिलवारा पहुंचे। उन्होंने कार का म्यूजिक सिस्टम तेज आवाज में चला दिया। पास ही आश्रम होने के कारण वहां मौजूद लोगों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, जिस पर आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया। थोड़ी देर बाद कार सवार युवकों ने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया और आश्रम



के अंदर घुसकर हंगामा करने लगे। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। सात बदमाशों ने मिलकर आश्रम में मौजूद लोगों के साथ जमकर मारपीट की, जिसमें तीन से चार लोग घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। 1 जनवरी को आश्रम में मौजूद नर्मदा भक्तों ने तिलवारा थाने पहुंचकर बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। एसपी संपत उपाध्याय के निर्देश पर तिलवारा थाना पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में बदमाश मारपीट करते हुए दिखाई दिए, जबकि आश्रम में मौजूद लोगों ने भी अपना बचाव किया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी रही और 8 जनवरी को दो नाबालिगों सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद तिलवारा थाना पुलिस सभी आरोपियों को घाट पर ले गई, जहां उनसे पहले पूजा-पाठ करवाया गया और फिर आश्रम में मौजूद लोगों के पैर पड़वाए गए। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपियों में कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी देर रात रील बनाने के लिए तिलवाराघाट पहुंचे थे, इसी दौरान विवाद हुआ था। एएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी साका उर्फ समीर दुबे है, जो रमनगरा का निवासी है। वह 2 दिसंबर को ही 18 वर्ष का हुआ है। इसके पहले भी उसके खिलाफ अवैध वसूली और मारपीट सहित कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने साका के अलावा करण चक्रवाती, सौरभ सोनी और संजय पटेल को भी गिरफ्तार किया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिंमत बिश्वा सरमा ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

प्रकाशक एवं मुद्रक - सुनील जैन द्वारा स्वत्वाधिकारी आचरण प्रिन्टर्स प्रा. लि. ग्वालियर (म . प्र .) के लिए पायोनियर प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्राइवेट लिमिटेड रेल्वे स्टेशन रोड, सागर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित । प्रबंध संपादक-श्रीमती निधि जैन, प्रधान संपादक-सुनील जैन स्थानीय संपादक-सुदेश तिवारी ( समाचार चयन के लिए पी आर बी एक्ट के तहत जिम्मेदार ) फोन-07582-238412, 400833 ई-मेल : aacharan_sagar@yahoo.com डाक रजि. क्र. म.प्र./सागर/25/2022-23, आर.एन.आई. रजि.क्र./45267/87